दैनिक **नवप्रदेश**
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | देश विदेश

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 26 फरवरी 2024, वर्ष-13 अंक-20 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

बसपा सुप्रीमो मायावती का पैर पकड़ कर राजनीति में आये और घाट घाट का पानी पी चुके स्वामी प्रसाद मौर्या अब घर के रहे न घाट के। सनातन धर्म का अपमान करने वाली आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कराने के लिए कुख्यात स्वामी प्रसाद मौर्या ने अब समाजवादी पार्टी से नाता तोड़कर अपनी नई पार्टी बना ली है। उनकी यह नई दुकान चलती है या उसका भट्टा बैठता है यह तो आने वाला वक्त बतायेगा। हो सकता है उनके हिन्दु विरोधी बयानो को देखते हुए ओवैसी उनके साथ गठबंधन कर ले। ऐसा हुआ तो यूपी में आईएनडीआईए का खेल बिगड़ सकता है।

'भद्राचलम' में सीएम विष्णुदेव की दहाड़, कांग्रेस 'डूबती नैया'

रायपुर/नवप्रदेश। आयोजित विजय संकल्प यात्रा जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'भद्राचलम' में दहाड़े, कहा- कांग्रेस 'डूबती नैया' और भ्रष्टाचार की जननी।

बुलंद आवाज में सभा से कहा- 2045 तक भारत बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय आज तेलंगाना के भद्राचलम में आयोजित विजय

संकल्प यात्रा जनसभा में शामिल हुए। साय ने यहां आयोजित भव्य जनसभा को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं यहां आज अपने आदिवासी भाइयों-बहनों का समर्थन मांगने आया हूं। भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी दुनिया में करिश्माई और लोकप्रिय नेता हैं। जिनके कारण आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बजा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री गांव, गरीब, किसान, मजदूर, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्री सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तेलंगाना के भद्राचलम में श्री सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहां सीएम साय ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भगवान श्रीराम से की। उल्लेखनीय है कि यह मंदिर भद्राचलम में गोदावरी नदी के किनारे स्थित सिद्ध मंदिर है।

राष्ट्रपति भवन में 'पर्पल उत्सव' आज

नयी दिल्ली (वार्ता)। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में सोमवार को एक दिवसीय 'पर्पल उत्सव' का आयोजन कर रहा है। विभाग ने 8 से 13 जनवरी तक गोवा में 'इंटरनेशनल पर्पल उत्सव, 2024' का सफलतापूर्वक आयोजन किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 'पर्पल उत्सव' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सचिव उपस्थित रहेंगे। इस भव्य स्थल पर 10 हजार से अधिक दिव्यांगजन भी अपने अनुरक्षकों के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस उत्सव की नोडल एजेंसी पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान है।

बसपा सांसद रितेश अब बीजेपी में

नई दिल्ली (वार्ता)। अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने बीजेपी में शामिल होने की अटकलों के बीच अपनी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वे एक बार फिर उसी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतरेंगे। बसपा से इस्तीफा के बाद सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो गए है। रितेश पांडे के पिता राकेश पांडे अब समाजवादी पार्टी से विधायक हैं। रितेश पांडे ने बसपा सुप्रीमो मायावती को लिखे अपने पत्र में बताया है कि, उन्हें लंबे समय से पार्टी की बैठकों में आमंत्रित नहीं किया गया है और न ही कोई बहस हो रही है। रितेश पांडे ने लिखा, इन परिस्थितियों के कारण ही उन्हें लगता है कि वे अब पार्टी के लिए प्रासंगिक नहीं रह गए हैं।

शराब कारोबारियों, पूर्व आईएएस सहित 14 ठिकानों पर एसीबी के छापे

■ **एसीबी और ईओडब्ल्यू एक्शन मोड में**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) और आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 2 हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की है। दर्जनभर जगहों पर एक साथ जांच चल रही है। हाल ही में ACB ने इस मामले में FIR दर्ज की थी। छापे की जद में रिटायर्ड दो IAS अफसर भी आए हैं। EOW और ACB की टीम ने शराब घोटाले में दर्ज FIR मामले में जारी 13 वारंट स्थानों पर दबिश है। इसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत कई जिलों में कारोबारियों के यहां कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर, सरगांव स्थित भाटिया डिस्टलरी, कोटा स्थित वेलकम डिस्टलरी, कुम्हारी दुर्ग स्थित केडिया डिस्टलरी, रायपुर स्थित अनवर ढेबर, पूर्व

आईएएस विवेक ढांड समेत अनिल टुटेजा के ठिकानों पर टीम ने दबिश दी है।

एसीबी की कार्रवाई से प्रदेश में मचा हड़कंप

एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने प्रदेश के शराब कारोबारियों, 2 रिटायर्ड IAS के साथ 13 जगहों पर रेड डाली है। टीम के अफसर संबंधित जगहों पर पूछताछ भी कर रहे हैं। एसीबी की कार्रवाई से प्रदेश में एक बार फिर हड़कंप मच गया है। इधर शराब घोटाले के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इनके ठिकानों पर चल रही कार्रवाई

- अरूणपति त्रिपाठी- सेक्टर-9, भिलाई
- निरंजन दास- देवेंद्र नगर, रायपुर
- सौरभ बख्शी, तत्कालीन सहायक आयुक्त आबकारी- कोरबा
- अनिल टुटेजा- कटोरा तालाब, रायपुर
- विवेक ढांढ- पुराने बाकक के पास रायपुर
- अशोक कुमार सिंह- अमलीडीह रायपुर
- अनवर ढेबर- ढेबर प्लाजा, बैरन बाजार, रायपुर
- अरविंद सिंह- अवंति विहार रायपुर
- राजेंद्र जायसवाल- अग्रसेन चौक तथा ग्राम छेरका, बिलासपुर
- मेसर्स विधु गुप्ता, मेसर्स प्रिज्म होलोग्राम एण्ड सिक्युरिटी- ग्रेटर नोएडा (क)
- भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया- सारागांव, बिलासपुर
- नवीन केडिया- इंडस्ट्रियल एरिया कुम्हारी
- सिद्धार्थ सिंघानिया- मेसर्स टॉप सिक्योरिटीज, रायपुर

समुद्र में डूबी द्वारका के पीएम मोदी ने किए दर्शन, मोरपंख किया अर्पित

■ **समुद्र के अंदर द्वारका मंदिर तक प्रधानमंत्री स्कूबा ड्राइविंग करते हुए पहुंचे**

गुजरात। श्रीकृष्ण की समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के प्रधानमंत्री मोदी ने दर्शन किए और गहरे समुद्र में जाने के बाद द्वारका के अवशेष वाली शिला पर मोर पंख भी प्रधानमंत्री ने अर्पित किया। दर्शन के बाद समुद्र से बाहर आकर पीएम मोदी बोले- यह दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुजरात के द्वारका मंदिर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे लंबे केबल ब्रिज का उद्घाटन किया। इसके बाद वे समुद्र में डूबी द्वारका मंदिर तक स्कूबा ड्राइविंग करते हुए पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एक दिव्य अनुभव रहा। भगवान श्रीकृण हम सभी को आर्शीवाद दें। प्रधानमंत्री मोदी समुद्र में डूबे इस मंदिर तक स्कूबा डाइविंग करते हुए पहुंचे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ओखा और द्वारका को जोड़ने वाले देश के सबसे लंबे केबल ब्रिज का भी उद्घाटन किया।

पीएम ने शेयर की तस्वीरें

समुद्र तल से द्वारका मंदिर का दर्शन करके लौटने के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा- यह एक दिव्य अनुभव रहा। ऐसा लगा कि मैं पुराने आध्यात्मिक युग से जुड़ गया हूं। भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद हम सभी लोगों पर बना रहे।

पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले में रविवार का दिन पुलिस सहित बीएसएफ जवानों के लिए सफलता वाला दिन लेकर आया। रविवार तड़के सुबह हूरतराई के जंगलों में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस नक्सल मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं और दो हथियार भी बरामद किए गए हैं। कांकेर एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कांकेर के अलग अलग क्षेत्रों में पुलिस और डीआरजी की टीम सर्चिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान कोयलीबेड़ा के दक्षिणी इलाके कोसरोंडा से 5 किलोमीटर दूर हुरतराई के जंगलों में मुठभेड़ हुई है। अब भी जंगलों में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। कांकेर एसपी आई के एलेसेला ने घटना की पुष्टि की है।

तीन फीट का दुल्हा-दुल्हन...

बालोद/नवप्रदेश। कहते हैं जोड़ियां आसमान में तय होती हैं, पर बनते जमीं पर है। शादी नसीब से होती है और नसीब एक न एक दिन जोड़ियों को मिला ही देती है। ऐसा ही कुछ हुआ गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सिरसिदा के देवांगन परिवार में, जहां एक बौनी दुल्हन को अपना जीवन साथी बौना दूल्हा मिल ही गया। शनिवार को गांव में पूरे विधि-विधान से सामाजिक रीति रिवाज से दुल्हन रामेश्वरी देवांगन ने अपने दूल्हे मनीष कुमार के साथ सात फेरे लिए और नए जीवन की शुरुआत की।

यह शादी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं समाज सहित ग्रामीणों ने इस जोड़ी की मिसाल के तौर पर सराहना की। बड़ी संख्या में लोग उन्हें आशीर्वाद देने पहुंचे। दुल्हन रामेश्वरी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 8 लोगों की गई जान

■ **विस्फोट से फैक्ट्री ध्वस्त, फैक्ट्री के अंदर थे 24 मजदूर**

■ **दो दर्जन मजदूर पटाखे तैयार कर रहे थे**

कौशांबी (वार्ता)। एक पटाखा फैक्ट्री में फिर भयानक आग लगने की घटना घटी है। इस दौरान 8 लोगों की जान चली गई है। घटना उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले में हुई है। यहां के कोखराज थाना क्षेत्र में रविवार को एक मकान में चल रही पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। यहां हुए भयानक विस्फोट से पूरा मकान ध्वस्त हो गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। इसमें फैक्ट्री मालिक साहिद अली (33) भी शामिल है। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फैक्ट्री में 13 लोगों के फंसे होने की भी आशंका है। फैक्ट्री के अंदर 24 लोग काम कर रहे थे। पुलिस को घटनास्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर काम करने वाले मजदूरों के कटे हुए हाथ-पैर बरामद हो रहे हैं। पुलिस को कुछ दूरी पर एक मजदूर का पैर मिला है। फैक्ट्री में लगी आग ने आस-पास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। दूर से ही फैक्ट्री में लगी आग आसपास के लोगों को दिखाई दे रही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज पीएम करेंगे सबसे बड़े भारत टेक्स का उद्घाटन

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां देश के अब तक के सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन करेंगे। यह कपड़ा क्षेत्र में भारत की शक्ति को प्रदर्शित करेगा और वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि करेगा। भारत टेक्स 2024 का आयोजन 26 से 29 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के '5 एफ विजन' से प्रेरणा लेते हुए इस कार्यक्रम में फाइबर, फैब्रिक और फैशन फोकस के माध्यम से विदेशों में एक एकीकृत फार्म है, जो संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला को कवर करता है। भारत टेक्स 2024 का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

दिल से... लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम मोदी ने अंतिम मन की बात के 110वें एपिसोड में कई रोचक बातें कहीं

'परमार्थ परमो धर्मः' के मार्ग पर चलने वाले राष्ट्र के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परमार्थ परमो धर्मः' के मार्ग पर चलने वाले, स्थानीय संस्कृति के संरक्षण में लगे लोगों तथा तकनीक की मदद से बदलाव के वाहक बनने वाले लोगों को सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण ताकत करार दिया है और ऐसे लोगों को सामने लाने का आह्वान किया है।

पीएम मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम मन की बात के 110वें एपिसोड में रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की सीख है - 'परमार्थ परमो धर्मः' यानि दूसरों की मदद करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी भावना पर चलते हुए हमारे देश में अनगिनत लोग निःस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं।

बिहार में भोजपुर के भीम सिंह भवेश के कार्यों की अपने क्षेत्र के एक अत्यंत गरीब एवं वंचित समुदाय मुसहर जाति के लोगों के बीच खूब चर्चा है। भीम सिंह भवेश जी ने इस समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर अपना फोकस किया है, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने मुसहर जाति के करीब आठ हज़ार बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया है। उन्होंने एक बड़ी लाइब्रेरी भी बनवाई है, जिससे बच्चों को पढ़ाई-लिखाई की बेहतर सुविधा मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भीम सिंह समुदाय के सदस्यों के जरूरी डॉक्यूमेंट बनवाने में, उनके फॉर्म भरने में भी मदद करते हैं। इससे जरूरी संसाधनों तक गाँव के लोगों की पहुँच और बेहतर हुई है। लोगों का स्वास्थ्य बेहतर हो, इसके लिए उन्होंने 100 से अधिक मेडिकल कैम्प लगवाए हैं। जब कोरोना का महासंकट सिर पर था, तब भीम सिंह ने अपने क्षेत्र के लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए भी बहुत प्रोत्साहित किया।

भारत की सुन्दरता विविधता, संस्कृति के रंगों में भी समाहित

उन्होंने कहा कि भारत की सुन्दरता यहाँ की विविधता और हमारी संस्कृति के अलग-अलग रंगों में भी समाहित है। कितने ही लोग निःस्वार्थ भाव से भारतीय संस्कृति के संरक्षण और इसे सजाने-सँवारने के प्रयासों में जुटे हैं। इनमें से बड़ी संख्या उनकी भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कर्तव्यों का पालन करें तो सशक्त राष्ट्र निर्माण में बड़ा मददगार

पीएम मोदी ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में भीम सिंह भवेश जैसे कई लोग हैं, जो समाज में ऐसे अनेकानेक कार्यों में जुटे हैं। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हम इसी प्रकार से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे, तो यह, एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में बहुत ही मददगार साबित होगा।

सामाजिक संकल्प का महाभियान अश्वमेध महायज्ञ

- पीएम मोदी अश्वमेघ महायज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल हुए
- नारी सशक्तिकरण और नशा मुक्त भारत का लिया संकल्प

नवी मुंबई/हरिद्वार/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुंबई अश्वमेध महायज्ञ को दिये अपने संदेश में कहा कि यह यह सामाजिक संकल्प का महाभियान हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से युवाओं को नशा और दुर्व्यसन से मुक्ति दिलाने का जो आह्वान लिया और दिया गया है, यह युवाओं को इससे अलग करते हुए राष्ट्र निर्माण में उत्सर्जित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अश्वमेध महायज्ञ में सशरीर शामिल नहीं होने पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब उन्हें यज्ञ में सम्मिलित होने का आमंत्रण मिला, तो उसके सामने चुनावी वर्ष में यज्ञ शामिल होने अथवा न होने की दुविधा हो गयी थी, क्योंकि अश्वमेध यज्ञ को लेकर आम सोच सत्ता विस्तार को जोड़कर देखती है। पर, बाद में जब उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का ध्यान

किया तो दुविधा समाप्त हो गयी और उन्होंने समयाभाव में अश्वमेध महायज्ञ से आनलाइन जुड़ने का निश्चय किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अखिल विश्व गायत्री परिवार और उसके सभी साधकों को अश्वमेध यज्ञ की सफल समापन की बधाई देते हुए कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार का हर आयोजन पवित्रता के साथ सम्पन्न होती है, यह गौरव की बात होती है। अश्वमेध महायज्ञ के माध्यम से युवाओं के चरित्र का जो संकल्प लिया है, वह राष्ट्र के निर्माण है। अमृतकाल में युवाओं पर राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मैं चालीस वर्ष गायत्री परिवार से जुड़ा हूं और गायत्री परिवार के कार्यो से परिचित हूं। उन्होंने पं श्रीराम शर्मा और माता भगवती देवी के संकल्पों को पूर्ण करने आव्हान किया। अश्वमेध महायज्ञ के सफल समापन पर प्रधानमंत्री ने डॉ चिन्मय पण्ड्या एवं उनकी टीम को बधाई दी। इसके साथ विश्व के सामने नए भारत की नई तस्वीर प्रस्तुत करने के संकल्प के साथ दी गई पूर्णाहुति के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार आयोजित मुंबई अश्वमेध महायज्ञ का का सफल समापन हो गया। अश्वमेध महायज्ञ का आरंभ बुधवार 21 फरवरी को पांच किलोमीटर कलश यात्रा के साथ हुआ था। महायज्ञ में कला, राजनीति और फिल्मी दुनिया की बड़ी हस्तियों ने भी आम श्रद्धालुओं की तरह पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ भाग लिया और अलग-अलग दिन अपनी आहुतियां डाली। रविवार सुबह महायज्ञ के अंतिम दिवस पर पूर्णाहुति के अवसर पर अश्वमेध नगर में साधकों की भारी भीड़ जुटी। यज्ञ में अपनी आहुति डालने को बच्चे बुजुर्ग और महिला पुरुष सभी पहुंचे और सभी ने पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी अपनी आहुतियां दी।

सिंघु और टिकरी बॉर्डर खुलना शुरू कंक्रीट की दीवार तोड़ रही पुलिस

नई दिल्ली। किसान आंदोलन के बीच दिल्ली पुलिस ने बड़ा फैसला किया है। दिल्ली पुलिस टिकरी और सिंघु बॉर्डर पर किसानों को रोकने के लिए लगाए बैरिकेड को अस्थाई तौर पर हटा रही है ताकि रास्ते को आम यातायात के लिए खोला जा सके। बताया जा रहा है कि पुलिस सड़क के दोनों तरफ का एक हिस्सा आवाजाही के लिए खोल रही है। इससे लोगों को दिल्ली आवागमन में काफी राहत मिल सकेगी। किसानों के दिल्ली में प्रवेश को रोकने के लिए पुलिस ने दोनों बॉर्डर पर कंक्रीट की दीवार से बैरिकेडिंग की थी। बता दें कि न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत करीब दर्जन भर मांगों को लेकर किसान अभी भी पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर डटे हुए हैं। किसानों ने दो बार हरियाणा का बॉर्डर पार करने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा पुलिस ने खदेड़ दिया।

न्यूज गैलरी

कमरे में फटा छोटा गैस सिलेंडर, चार घायल

नोएडा। नोएडा के थाना फेज 3 इलाके में रविवार सुबह 6¬30 बजे एक कमरे में रखा पांच किलो का छोटा गैस सिलेंडर फटने से चार लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए। सिलेंडर फटने के कारण कमरे में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 25 फरवरी को सुबह 6:30 बजे थाना फेज-3 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-ममूरा गली नम्बर 3 में 5 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर फटने के कारण आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग भूतल पर एक कमरे में लगी थी। इसमे अतर सिंह (35), मिथलेश (32), कृष्णा (15) और गौरी (10) झुलस गए। सभी को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

झारखंड के पास गुमला में सड़क हादसे में 3 की मौत

रांची। झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी। तीनों युवक शादी समारोह में हिस्सा लेकर घर लौट रहे थे। घटना गुमला जिले के टोंटो पेट्रोल पंप के सामने की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों युवक बाइक पर सवार थे। उन्होंने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर वाहन से टकरा गयी। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में गुमला के टोटो दारटोली निवासी चीकू गोप, केसीपारा गांव का इंद्रजीत और एक अन्य युवक शामिल हैं।

गैंगस्टर लखबीर के 3 साथी गिरफ्तार, 17 हथियार और 33 मैगजीन बरामद

जालंधर। जालंधर कमिश्नरेट पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर लखबीर लंडा के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 17 हथियार और 33 मैगजीन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपी मध्य प्रदेश से हथियार लेकर आते थे और यहां महंगे भाव में बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पंजाब के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर लखबीर सिंह संधू उर्फ लंडा पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को ही 15 लाख रुपए इनाम रखा है। लखबीर सिंह पर पंजाब में आतंक फैलाने के आरोप हैं। वह 2017 में विदेश भाग गया था। तब से NIA उसकी तलाश कर रही है। लखबीर सिंह पंजाब में कई आतंकी घटनाओं और पाकिस्तान से असलहों की सप्लाई में भी शामिल रहा है।

मुंबई फिल्म सिटी के पास दीवार गिरने से दो की मौत, एक घायल

मुंबई। मुंबई के गोरेगांव में फिल्म सिटी के पास शनिवार शाम एक विशाल दीवार गिरने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने यह जानकारी दी। यह घटना फिल्म सिटी के गेट नंबर-2 के पास की बताई जा रही है जहां 60 फीट लंबी और 20 फीट ऊंची दीवार अचानक गिर गई। तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। दो घायलों को हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे अस्पताल ले जाया गया जहाँ दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पहचान 32 वर्षीय सिंटू मंडल और 45 वर्षीय जयदेव प्रह्लाद विश्वास के रूप में हुई है। एक अन्य घायल 29 वर्षीय विक्रम मंडल को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। गोरेगांव थाने ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाज पर ड्रोन से हमला

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने कथित ड्रोन हमले में आग लगने के बाद पलाऊ के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी आइलैंडर को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। नौसेना ने बताया कि घटना 22 फरवरी को हुई। नौसेना ने एक बयान में कहा, आपात कॉल पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय नौसेना का विध्वंसक, समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात मिशन 22 फरवरी की दोपहर जहाज के आसपास पहुंच गया। इसमें कहा गया है कि भारतीय नौसेना के विस्फोटक युद्ध सामग्री विशेषज्ञ जहाज पर चढ़े और सुनिश्चित किया कि कोई और जोखिम नहीं है। बयान में कहा गया है, जहाज को आगे के पारगमन के लिए मंजूरी दे दी गई थी।

यमन में हूती विद्रोहियों के कई ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटेन ने किए जोरदार हमले

- ब्रिटिश और अमेरिकी फौजों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की फोर्स ने भी इस हमले में सहयोग दिया।

नई दिल्ली। अमेरिका और ब्रिटेन समेत कुछ अन्य देशों ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर जोरदार हमले किए। ईरान समर्थित स्थानीय लड़ाकों के लाल सागर और अदन की खाड़ी में पोतों पर हाल में बढ़ते हमलों के जवाब में ये हमले किए गए हैं। हूती विद्रोहियों ने पिछले सप्ताह एक मिसाइल हमला किया था जिसके कारण एक मालवाहक पोत में आग लग गई थी। अमेरिकी अधिकारियों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने मिसाइल, लॉन्चर, रॉकेट, ड्रोन और हवाई रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाते हुए आठ स्थानों पर हमले किए।

दोनों देशों की सेनाएं चला रही हैं संयुक्त अभियान

यह चौथी बार है जब अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने 12 जनवरी के बाद से हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाया है। अमेरिका इसके अलावा भी हूती विद्रोहियों पर लगभग रोजाना हमले कर रहा हैं। अधिकारियों ने बताया कि 'यूएस एफ/ए-18' लड़ाकू विमानों को यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहॉवर विमानवाहक पोत से प्रक्षेपित किया गया। यह पोत इस समय लाल सागर में है।

आगे भी ऐसे हमले जारी रखने की दी चेतावनी

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा, ''अमेरिका दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में शामिल लाल सागर में जीवन और वाणिज्य के मुक्त प्रवाह की रक्षा के लिए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। हम हूती विद्रोहियों को यह स्पष्ट करते रहेंगे कि यदि उन्होंने अपने अनुचित हमले बंद नहीं किए तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।''

अमेरिका ने कहा कि हूती आतंकी मालवाहक जहाजों पर हमला कर रहे थे। यमन को दी जा रही मानवीय मदद भी रोकने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए हमने उन पर हमला किया। ब्रिटिश और अमेरिकी फौजों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की फोर्स ने भी इस हमले में सहयोग दिया।

हूती विद्रोहियों ने ''अमेरिका और ब्रिटेन की आक्रामकता'' की निंदा की और इसके जवाब में सैन्य अभियान चलाते रहने का संकल्प लिया। अमेरिका, ब्रिटेन और उनके अन्य सहयोगियों ने एक बयान में कहा, ''यमन में आठ स्थानों पर विशेष रूप से हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों को लक्ष्य बनाया गया।''

हूती यमन का एक शिया मिलिशिया ग्रुप है। इस विद्रोही समूह का गठन 1990 में हुसैन अल हूती ने किया था। हूतियों ने यमन के तत्कालीन राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उनके शासन के खिलाफ आंदोलन छेड़ा। वे खुद को 'अंसार अल्लाह' यानी ईश्वर के साथी भी बताते हैं।

कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा को मिली जान से मारने की धमकी

शिमला। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। विधायक ने इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व प्रदेश पुलिस महानिदेशक को अवगत करवा दिया है। डीजीपी ने मामले की जांच का जिम्मा डीएसपी स्तर के अधिकारी को सौंपा है। शनिवार को धर्मशाला के दाड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में सुधीर शर्मा ने कहा कि उनके सहयोगी स्टाफ को धमकी भरे फोन आए हैं। उनका कहना है कि राजनीति में ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए।

चर्चा है कि विधायक के स्टाफ को विदेश में बैठे एक गैंगस्टर के नाम से फोन किया गया है। इंटरनेट मीडिया पर भी इसकी चर्चा है। वर्ष 2023 में धर्मशाला के रक्कड़ स्थित विधायक सुधीर शर्मा के आवास के बाहर ड्रोन से रेकी की गई थी। उस समय उनके सुरक्षाकर्मी की नजर ड्रोन पर पड़ी थी। कुछ माह पहले एक शादी समारोह में जाते हुए गगल के पास उनके वाहन को एक मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मारी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लिया था

अमेरिका में 27 साल के भारतीय की जलकर मौत

- मीडिया कंपनी में थे रिपोर्टर, पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी

अमेरिका में एक भारतीय की मौत का मामला सामने आया है। न्यूयार्क के मैनहेटन में एक आवासीय इमारत में आग लगने से यहां पत्रकार के रूप में काम करने वाले 27 साल के भारतीय नागरिक की जलकर मौत हो गई। शख्स का नाम फाजिल खान है। आग मैनहेटन के हार्लेम में 2, सेंट निकोलस पैलेस पर छह मंजिला रिहाइशी इमारत में लगी था। आग लगने के कारण फाजिल खान की मौत हो गई जबकि 17 अन्य लोग घायल हो गए। मामले में न्यूयॉर्क नगर अग्निशमन विभाग ने कहा कि विनाशकारी÷ आग लिथियम-आयन बैटरी के कारण लगी। खान न्यूयॉर्क में स्थित मीडिया कंपनी 'द हेचिंगर रिपोर्ट' के पत्रकार थे। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने खान की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह उनके शव को भारत में उनके परिवार को वापस भेजने के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

अगले तीन महीने 'मन की बात' पर लगेगी रोक, पीएम मोदी ने बताई क्या है वजह

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश के लोगों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान लोगों से फोन पर बात की और कई सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों के अनुभव के बारे में जानकारी ली। मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव की वजह से अगले तीन महीनों तक 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण नहीं होगा। इस कार्यक्रम के 110वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी ऐसा ही हुआ था। उन्होंने आगे कहा, ''जब हम अगली बार मिलेंगे तो वह 111वीं कड़ी होगी।''

पीएम मोदी ने कहा कि 111 शुभ नंबर है और इससे बढ़िया और क्या हो सकता है। पीएम मोदी ने कई मौकों पर यह विश्वास जताया है कि आगामी चुनाव में जीतकर वह फिर से सत्ता में लौटेंगे। साल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भी 'मन की बात' का प्रसारण रोक दिया गया था।

इस दौरान मोदी ने कहा कि पर्यटन हो, सामाजिक मुद्दे हों या सार्वजनिक भागीदारी का क्षेत्रज सभी दिशा में भारत के युवा काफी अच्छा कर रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने पहली बार मतदान करने वालों से रिकॉर्ड संख्या में अपने मताधिकारों का इस्तेमाल करने की अपील की।

नशे की लत छुड़ाने के लिए पीएम मोदी ने कही ये बात

पीएम मोदी ने युवाओं को नशे की लत का शिकार होने से बचाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि इससे निपटने के लिए परिवारों के मजबूत सहयोग की जरूरत होती है। पीएम मोदी ने 'गायत्री परिवार' की ओर से आयोजित 'अश्वमेध यज्ञ' कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने आगे कहा,''मादकपदार्थ मुक्त भारत के निर्माण के लिए यह अहम है कि परिवार किसी संस्थान की भांति ही मजबूत बनें।'' उन्होंने आगे कहा कि जब परिवार कमजोर होता है तो मूल्यों का क्षरण होने लगता है और फिर उसका प्रभाव व्यापक तौर पर पड़ता है।

दिल्ली में शराब ठेके का विरोध महिलाओं ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के हरी नगर इलाके में महिलाओं ने शराब का ठेका खुलने का विरोध शुरू कर दिया है. इसको लेकर महिलाओं ने धरना प्रदर्शन किया. दरअसल, वेस्ट दिल्ली के हरी नगर विधानसभा इलाके में शराब ठेका खोले जाने की जानकारी मिली थी. इसी को लेकर लोग विरोध करने लगे हैं. जानकारी के अनुसार, हरी नगर इलाके की ड्ड2ष् कॉलोनी के बाहर शराब का ठेका खुलने की जानकारी सामने आई. इसके बाद कॉलोनी की महिलाओं ने मोर्चा संभाला और ठेका खोले जाने का विरोध शुरू कर दिया.

किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा के 7 जिलों से हटाया गया इंटरनेट बैन

नई दिल्ली। पंजाब-हरियाणा की सीमा पर जारी किसान आंदोलन को देखते हुए हरियाणा के कई जिलों में लगाया गया इंटरनेट बैन अब हटा दिया गया है। दो सप्ताह बाद हरियाणा के अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जिंद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा जिलों में मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। यह इंटरनेट बैन 11 फरवरी को पहली बार लगाया गया था और लगातार बढ़ाया जा रहा था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार सुबह इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि ये सेवाएं अब इन सात जिलों में भी बहाल कर दी गई हैं।

लगातार बढ़ रहा था इंटरनेट बैन

हरियाणा सरकार किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं पर प्रतिबंध लगातार बढ़ा रही थी। किसान नेताओं ने इंटरनेट बैन का सवाल सरकार के साथ हुई बैठकों के दौरान भी उठाया था। सरकार ने एक आदेश जारी करते हुए कहा था कि राज्य में मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति के आकलन के बाद अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल,

जिंद, हिसार, फतेहाबाद जिलों में इंटरनेट बैन किया जा रहा है।

यह आदेश भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की धारा 5 और दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन (सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा) नियम 2017 के नियम 2 के तहत जारी किया गया था। मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के निलंबन का आदेश गृह विभाग द्वारा जारी किया गया था। इंटरनेट बैन हटाए जाने के बाद अंबाला के एक निवासी ने कहा, ÷कई दिनों के अंतराल के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं की बहाली एक बड़ी राहत है और हम इसका स्वागत करते हैं।÷ किसान आंदोलन शंभू बॉर्डर पर अभी भी जारी है और किसान नेताओं ने सरकार के साथ बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है और कहा है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी को लेकर जब तक सरकार कानून नहीं लाएगी वे आंदोलन जारी रखेंगे।

न्यूज गैलरी

बोर्ड परीक्षा में तनाव व भय को दूर करेंगे एक्सपर्ट, नंबर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षाओं में अब छात्र-छात्राएं भय और तनाव मुक्त होंगे। विद्यार्थी तनाव संबंधित विषयों के विशेषज्ञों से टिप्स ले सकते हैं। इसके लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर छात्र-छात्राएं आसानी से विषय संबंधित विशेषज्ञों से बात कर सकते हैं और जानकारी ले सकते हैं।छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के परीक्षा संबंधी भय और तनाव को दूर करने के लिए 22 फरवरी से 22 मार्च तक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। हेल्पलाइन में स्थापित टोल फ्री नंबर +91-18002334363 पर छात्र-छात्राएं जुड़ सकते हैं।हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, हायर सेकेंडरी व्यावसायिक परीक्षाओं के संदर्भ में परीक्षा शुरू होने के पहले यह हेल्पलाइन शुरू की गई है। विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नंबर-18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधन कर सकते हैं। रविवार और अवकाश को छोड़कर हेल्पलाइन में मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक विषय विशेषज्ञ और मंडल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने की महानदी की महाआरती

रायपुर/नवप्रदेश।राजिम कुंभ कल्प मेला के शुभारंभ अवसर पर मंदिर पहुंचकर धर्मस्व, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आदिम जाति विकास एवं अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा, महासमुंद सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, कुरूद विधायक श्री अजय चंद्राकर, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, अभनपुर विधायक श्री इंद्र कुमार साहू अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। अतिथिगणों ने आरती घाट पहुंचकर महानदी की महाआरती की। उल्लेखनीय है कि इस बार राजिम कुंभ कल्प में जबलपुर से आयी साध्वी प्रज्ञा भारती के साथ ग्यारह पंडितो ने मंत्रोच्चारण कर महानदी की महाआरती की। महाआरती में शिव स्त्रोत के बाद सामूहिक महाआरती की गई।

छत्तीसगढ़ के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। रविवार को हल्की बारिश के बीच तापमान में कमी आने की संभावना जताई गई है। मौसम का मिजाज अगले दो दिनों तक इसी तरह बना रह सकता है। तापमान में गिरावट का दौर उसके बाद भी जारी रह सकता है।

हालांकि इस बीच शुक्रवार को राजनांदगांव का तापमान प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में सर्वाधिक रहा। वहां अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड की विदाई को लगभग माहभर हो चुका है। इस बीच गर्मी की दस्तक भी हो चुकी है, लेकिन समय-समय पर मौसम में आ रहे बदलाव के कारण अभी गर्मी से थोड़ी राहत है। हल्के बादलों के कारण हालांकि उमस वाली गर्मी पड़ रही है। अब दो दिन बाद मौसम में फिर से बदलाव की संभावना बताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। लेकिन कुछ क्षेत्र में हल्की बूंदांबादी जरूर हो सकती है। उसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री तक की कमी आ सकती है। इस बीच शुक्रवार को जिले में अधिकतम तापमान 30 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं बीती रात में यह 21.2 डिग्री के साथ सामान्य से छह डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

निरंकारी मिशन ने डहिया तालाब के किनारों की सफाई की

कांकेर/नवप्रदेश। संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं राजपिता रमित द्वारा सेवा रूप प्राप्त आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन कांकेर के सेवादारों और संगत ने प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत डढ़िया तालाब के किनारों की सफाई की। इस कार्यक्रम की शुरुआत कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी और कांकेर के विधायक आशाराम नेताम सफाई अभियान में शामिल हुए। सांसद ने कहा कि सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्मदिवस 23 फरवरी के उपलक्ष में पूरे भारतवर्ष में 1500 स्थान पर यह कार्यक्रम एक साथ शुरू कर पूरा किया जा रहा है, संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है समय-समय पर रक्तदान शिविर,वृक्षारोपण अभियान,स्वच्छता अभियान नेत्र परीक्षण शिविर,स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य सामाजिक कार्यों को जनकल्याण हेतु करता है।

भाजपा योग्य और जीतने वाले प्रत्याशियों को उतारेगी-मुख्यमंत्री

- **भारतीय जनता पार्टी 29 फरवरी को जारी कर सकती है 100 बीजेपी उम्मीदवारों की पहली सूची**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को दिल्ली प्रवास से राजधानी रायपुर वापस लौटे। माना विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक में शामिल होने कल देर शाम दिल्ली गए हुए थे। लोकसभा प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया गया है। उम्मीद की जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी 29 फरवरी को जारी कर सकती है 100 बीजेपी उम्मीदवारों की पहली सूची।

उन्होंने कहा पार्टी योग्य और जीतने वाले प्रत्याशियों को चुनाव के मैदान में उतारेगी। पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमें विश्वास है कि राज्य की जनता इस बार भाजपा को 11 की 11 सीटें देगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जीत का टारगेट लेकर वे दिल्ली से लौटे हैं और इस बार बीजेपी हारी हुई सीटों पर फोकस करेगी।

सीएम विष्णुदेव साय ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के लिए अलग-अलग राज्यों के प्रभारी नेताओं के साथ शनिवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने चुनावी अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रमों की समीक्षा की। माना जा रहा है कि पार्टी 29 फरवरी को बीजेपी उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है।

उम्मीदवारों की सूची जल्द घोषित होने की संभावना है। 100 उम्मीदवारों के नाम की लिस्ट में छत्तीसगढ़ की भी कुछ लोकसभा सीटें हो सकती हैं। 29 फरवरी को केंद्रीय चुनाव समिति की एक और बैठक होने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक के बाद लिस्ट जारी हो सकती है।

अगले हफ्ते 100 उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी कर सकती है। लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम भी शामिल होंगे। पार्टी का लक्ष्य 543 लोकसभा सीटों में से 370 पर जीत हासिल करना है।

पीएम के 100 दिनों के लक्ष्य को सीएम ने दोहराया

प्रधानमंत्री के 100 दिनों के लक्ष्य की बात दोहराई गई। हाल ही में पार्टी के अधिवेशन में भी पीएम मोदी ने कहा था कि अगले 100 दिन महत्वपूर्ण होंगे। पीएम मोदी का कहना था कि अगले 100 दिनों में हम सभी को हर नए मतदाता, हर लाभार्थी, हर समुदाय तक पहुंचना होगा। उन्होंने कहा था कि हमें हर किसी का विश्वास जीतना होगा। एनडीए को 400 सीटों तक ले जाने के लिए बीजेपी को 370 सीटों का आंकड़ा पार करना होगा।

'लेट्स कोलैब छत्तीसगढ़' क्रिएटर्स मीट अप कार्यक्रम में क्रिएटर्स ने दिखाया जोश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के जनसंपर्क विभाग के द्वारा नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन के ऑडिटोरियम में 'लेट्स कोलैब छत्तीसगढ़' क्रिएटर्स मीट अप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के जाने-माने सैकड़ों क्रिएटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनसंपर्क आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव, आईएएस डॉ अय्याज फकीरभाई तंबोली ने किया। कार्यक्रम में 270 से अधिक से क्रिएटरों ने भाग लिया। जनसंपर्क विभाग के द्वारा अलग-अलग कटेगरी में बेहतर कंटेंट के लिए 15 लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसंपर्क आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि इस मीटअप का उदेश्य एक सेतु पुल बनाना है खासतौर से क्रियेटिव लोगों के बीच। हम लोगों ने क्रिएटर मीट अप आयोजन इसलिए किए है क्योंकि आप लोगों के पास भी उपाय होते हैं। आप लोगों के पास भी तरीके पता है कि हम प्रशासन को बहुत आम आदमी तक ऐसे इलाकों में जहां पर प्रशासन नहीं पहुंच पाते है, वहां तक भी हम लोग कैसे पहुंच सकते हैं और कितनी तेजी से पहुंचा सकते हैं। मीट अप में सुशासन की स्थापना में सोशल मीडिया का महत्व, नई सरकार से युवाओं की उम्मीदें, सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर राय शुमारी की गई। कार्यक्रम में आईएएस डॉ अय्याज फकीरभाई तंबोली ने सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा की।

जागरुकता ही बचाव

कार्यक्रम में आईपीएस अंकिता शर्मा ने कहा कि कभी भी किसी फर्जी वेबसाइट और ऐसे लोगों के विश्वास में न आए। अगर आपके साथ कोई फ्राड या समस्या या कोई आपको किसी कारण से ब्लैकमेल करे तो घबराएं नहीं, पुलिस से संपर्क करें। अगर आपके साथ कोई धोखे से धन ले लिया या कोई फ्राड हो गया तो जल्दी से जल्दी भारत सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर पर अपनी समस्या अंकित कराएं। अपने मोबाइल को लॉक रखे और एप को भी लॉक रखें, जिससे आपके निजी जानकारी या चित्र या कोई डाटा चोरी न कर पाए। कार्यक्रम को आईपीएस संतोष सिंग, एएसपी पिताम्बर पटेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पैनल डिस्क्सन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आदर्श मिश्रा, हीन शेख, कृती शर्मा, मिनेंद्र चंद्राकर, रवींद्र सिंग उपस्थित थे।

एम्स में शोधकार्यों के लिए आरपीएमएस सॉफ्टवेयर, एक क्लिक पर उपलब्ध होगी शोध संबंधी जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने शोधकार्यों के प्रबंधन के लिए एनआईसी का रिसर्च प्रपोजल मैनेजमेंट सिस्टम (आरपीएमएस) सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया है। इसकी मदद से शोध प्रबंधन संबंधी सभी कार्य एक ही सॉफ्टवेयर में किए जा सकेंगे।

नए सॉफ्टवेयर का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा.) और एनआईसी के टी.एन. सिंह, स्टेट इंफोर्मेटिक्स ऑफिसर, सोमशेखर, निदेशक (तकनीकी) और ललिता वर्मा, उप-निदेशक ने किया। लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा.) ने कहा कि शोध कार्य सभी शैक्षणिक संस्थानों का अभिन्न अंग है। इसका एनआईआरएफकी रैंकिंग में भी काफी महत्व है। नए सॉफ्टवेयर की मदद से मैनुअल कार्य में लगने वाला समय कम होगा और इंट्राम्यूरल और एक्स्ट्राम्यूरल प्रोजेक्ट्स के डेटा एक्स्ट्रेशन में मदद मिलेगी।

एनआईसी द्वारा विकसित इस सॉफ्टवेयर में शोधकर्ता स्वयं का प्रोफाइल बनाकर शोधकार्य संबंधी प्रस्तावना, विषयसूची, विस्तृत रिपोर्ट, थीसिस और एब्सट्रेक्ट अपलोड कर सकते हैं। शोध की स्वीकृति, प्रोटोकाल और प्रगति का आंकलन इस सॉफ्टवेयर की मदद से आसानी से किया जा सकेगा। नए सॉफ्टवेयर की मदद से पीआई और को-पीआई अपने सभी शोधकार्य और प्रकाशित शोधपत्रों को स्वयं के प्रोफाइल में जोड़ सकेंगे जिससे एक क्लिक पर पूरे संस्थान का ब्यौरा उपलब्ध हो सकेगा। एम्स में वर्तमान में 350 शोधकार्य और 72 क्लिनिकल ट्रायल चल रहे हैं।

शिवसैनिकों ने लिया शिवशाही सरकार की स्थापना का संकल्प

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। वीर शिवाजी चौक में छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा पर शिवसेना के प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने माल्यार्पण कर उनकी पूजा अर्चना की। इस अवसर पर शिवसैनिकों ने एक संकल्प लिया कि जिस तरह छत्रपति शिवाजी महाराज ने देश से मुगलों, आक्रांताओं को भगा कर देश में शिवशाही की स्थापना की थी। उसी तरह शिवसेना पार्टी भी पूरे देश से अन्याय, अत्याचार, शोषण, भ्रष्टाचार, दमन खत्म कर देश में शिवशाही सरकार स्थापित करेगी। उन्होंने क्षेत्र के समस्त बुद्धिजीवी नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया कि उनके प्रयास से आज यह प्रतिमा छत्रपति शिवाजी चौक पर लग पाई। उसके लिए पूरे क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवी नागरिक धन्यवाद के पात्र हैं।

खोरपा में सामाजिक भवन के लिए जमीन और 10 लाख देने की घोषणा

- **शाकम्भरी महोत्सव में शामिल हुए धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल**

रायपुर/नवप्रदेश। शाकम्भरी देवी को देवी दुर्गा का अवतार माना जाता है। उन्हें वनस्पतियों की देवी के रूप में पूजा जाता है। शाकम्भरी महोत्सव वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह एक समय है जब लोग देवी शाकम्भरी से आशीर्वाद मांगते हैं। यह बात धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को अभनपुर के खारपा में आयोजित शाकम्भरी महोत्सव को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वनस्पति फल और जड़ी बूटियों की देवी शाकम्भरी हमें शक्ति और स्वस्थ जीवन देती है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि, अयोध्या में राम लला आ गए हैं। उन्होंने गरीबों को आवास योजना के तहत मकान, नल से जल, मुफ्त गैस कनेक्शन, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रुपए प्रति माह, किसानों के लिए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी और युवाओं के लिए स्किल इंडिया के माध्यम से रोजगार के नए अवसर प्रदान किए है।

रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर ट्रेन 6 दिन के लिए रहेगी रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। वाल्टेयर मंडल के अंतर्गत पार्वती पुरम एवं गुमड़ा में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी का काम 3 से 5 मार्च के बीच होगा। इस कारण रायपुर से होकर जाने वाली दो गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है। रायपुर-विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर 29 फरवरी से 5 मार्च तक रद्द रहेगी। जबकि आधा दर्जन गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। इससे इस रूट के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

विशाखापट्टनम-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 3 मार्च को अपने निर्धारित समय से 5 घंटे 30 मिनट की देरी से रवाना होगी। विशाखापट्टनम-निज्जामुद्दीन एक्सप्रेस 29 फरवरी और 2, 3 व 5 मार्च को परिवर्तित मार्ग दुव्वाडा-विजवाड़ा-बल्हारशाह होकर जाएगी। निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 29 फरवरी और 1, 2 व 4 मार्च को परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-विजवाड़ा-दुव्वाडा-रोड होकर जाएगी।

ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'पूर्वोत्तर भारत का लोक साहित्य' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी

भुवनेश्वर/नवप्रदेश। ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट में हिंदी विभाग तथा केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में 'पूर्वोत्तर भारत का लोक साहित्य' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ सरस्वती पूजन, स्वागत गीत तथा अतिथियों के स्वागत सत्कार से हुआ।

संगोष्ठी की अध्यक्षता ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के माननीय कुलपति प्रो. चक्रधर त्रिपाठी जी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी माधवानंद महाराज जी और विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. नरसिंह चरण पंडा जी उपस्थित रहे।

स्वामी माधवानंद महाराज जी ने अपने उद्बोधन में अध्यात्म एवं लोक साहित्य पर चर्चा की। उन्होंने भाषा की शक्ति को अप्रतिम बताया। एक सभ्य भाषा की परिकल्पना में लोक भाषा तथा समृद्ध संस्कृति के लिए लोक साहित्य के महत्वपूर्ण योगदान की बात कही। साथ ही उन्होंने पूर्वोत्तर तथा भारतीय लोक भाषाओं को गरिमापूर्ण बताया। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. नरसिंह चरण पंडा जी ने हिंदी को सम्पूर्ण भारत की भाषा बनाने तथा लोक साहित्य की एक नई परंपरा विकसित कराने का संदेश दिया। लोक की अवधारणा एवं इसके विकास पर चर्चा की।

राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 मार्च तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य दिनांक 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें । इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने ऑनलाईन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 15 मार्च 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं।खाद्य विभाग के संचालक श्री जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट https://khadya.cg.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

संभव स्पोट्स फेस्ट द्वारा अंतराविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। बृजलाल गोयल के दृष्टिकोण को मूर्तरुप देने के लिए संभव स्पंज पावर प्रा.लि. के अंतर्गत आने वाले सारे ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के बीच संभव स्पोट्स फेस्ट के नाम से अंतराविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें तिल्दा-सिमगा तहसील के ग्राम सरोरा, ओटबन, परसदा, भुरसुदा, बिलाड़ी एवं बिनैका के 14 विद्यालयों ने हिस्सा लिया एवं सरोरा विद्यालय ने सबसे अधिक पदक जीतकर संभव चक्र पर विजय प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर खेलकूद के प्रति रुझान बढ़ाना था, इसी दिशा में प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए संभव स्पंज पावर प्रा.लि. ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों को स्पोट्स कीट भी उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन संभव स्पंज पावर प्रा.लि. के द्वारा किया गया है। संभव स्पज पावर प्रा.लि. की ओर से एम.जी.के मूर्ति, धर्मेश वैश्य, सुतनु गोस्वामी, चिरंजित राय, राजकुमार निषाद, विनोद शर्मा, अमित शर्मा, सुचिता जैन, हिमांचल वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, मनोज साहू उपस्थित थे। इस आयोजन में प्रमुख रुप से श्रीमती शीतल गोयल मार्केटिंग डायरेक्टर संभव, राकेश ठाकुर उपसरपंच सरोरा, अनिल वर्मा प्राचार्य हाईस्कूल सरोरा, अनिल साहू प्राचार्य पूर्व माध्यमिक शाला सरोरा, श्रीमती संतोषी सोनवान प्राचार्या प्रा.शाल. भाठापारा सरोरा, संतोष नेताम प्राचार्य प्रा.शाला गोरादन सरोरा, पीलाराम ध्रुव प्राचार्य प्रा.शाला बुंदेली सरोरा, टी.एस. बंछोर व्याख्याता हाईस्कूल सरोरा, पेमेश साहू प्राचार्य पूर्व माध्यमिक शाला परसदा, श्रीमती विद्या मसीह प्राचार्या पूर्व माध्यमिक शाला भूरसूदा, श्रीमती राजकुमारी रात्रे प्राचार्या पूर्व माध्यमिक शाला बिलाड़ी, श्रीमती प्रणीता वर्मा प्राचार्या प्राथमिक शाला बिनैका मौजूद थे।

महादेव सट्टा एप मामले के आरोपी नीतीश दीवान रिमांड में जेल दाखिल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक के संचालन में शामिल नीतीश दीवान को आज ईडी ने विशेष न्यायालय रायपुर में पेश किया, जहां उसे तीन दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया. नितिन को 26 फरवरी को वापस कोर्ट में पेश किया जाएगा. बता दें कि नीतीश दीवान पर महादेव ऐप की रिकवरी का लेखाजोखा समेत ऐप प्रमोटर सौरभ के बड़े भाई के साथ मिलकर बॉलीवुड के प्रतिष्ठित आइफा अवार्ड के दौरान ऐप के प्रमोशन करने समेत ऐप की दुबई में हुई सक्सेस पार्टी में शामिल फिल्मी सितारों को नगदी पैसे देने का भी है आरोप.. ईडी ने नीतीश दीवान के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था. महादेव एप के संचालन में शामिल नीतीश दीवान को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत ईडी ने 15 फरवरी को गिरफ्तार किया था. बताया जा रहा कि नीतीश और उसका भाई महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के बहुत ही करीबी है. भिलाई के वैशाली नगर के रहने वाला नीतीश दीवान के सपने भी सौरभ चंद्राकर की तरह थे. नीतीश दुबई में महादेव ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर के साथ जुड़ गया. यही से दोनों साथ काम करने लगे.

सुविचार

दोस्त शब्द का अर्थ बहुत ही मस्त होता है। जो हमारे दोष को अस्त कर देता है वहीं सच्चा दोस्त होता है। - अज्ञात

संपादकीय

यशसवी भवः जायसवाल

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज में भारत को एक विस्फोटक सलामी बल्लेबाज मिला है। यशसवी जासवाल ने अपने पहले दो मैचो में लगातार दो दोहरे शतक और तीसरे मैच की पहली पारी में शानदार 73 रन बनाकर एक टैस्ट सीरीज मे 600 रन बनाने का नया किर्तिमान रच दिया है। हालांकि वे 600 से ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के सातवें बल्लेबाज है लेकिन मात्र 22 वर्ष की आयु में यह उपब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए है। एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक 23 छक्के लगाने वाले भी वे सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बन गए है। 14 टेस्ट पारियों में 3 शतक और 3 अर्धशतक उन्होंने लगाए है। जिनमे दो दोहरे शतक है उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214 रन है यह नाबाद पारी उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच में खेली थी और इसी पारी में उन्होंने 23 छक्के लगाए थे। यदि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भारत की पारी घोषित न करते तो यशसवी जायसवाल और तीन छक्के लगाकर रन सचिन तेंदुलकर का भी रिकॉर्ड तोड सकते थे। कोई बडी बात नही कि वे तिहरा शतक भी लगा देते। यशसवी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ जो प्रदर्शन किया है वह बहुत कम देखने को मिलता है। एक टेस्ट सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले वह भारत के पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज भी बन गए है। उन्होंने सौरभ गांगूली और गौतम गंभीर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उनके प्रदर्शन को देखकर आज सारा देश यही कह रहा है यशसवी भवः जायसवाल। यशसवी जायसवाल ने अपनी कडी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। इसके लिए उन्हे कडा संघर्ष करना पड़ा। उत्तरप्रदेश के एक छोटे से गांव में जन्में यशसवी ने क्रिकेट के प्रति अपने जुनून के चलते मुंबई के आजाद मैदान में एक टेंट के भीतर अपने संघर्ष के दिन गुजारे थे। जहां अकसर उन्हे भूखे पेट सोना पडता था। अपनी आजीवका चलाने के लिए उन्हें एक गुपचुप ठेले में भी काम करना पडा था। कहते है न कि आग में तपकर ही कुंदन बनाया जाता है। यह बात यशसवी जायसवाल पर सटीक बैठती है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपनी प्रतिभा को निखारा और आज वे टीम इंडिया के सबसे विस्फोटक सलामी बल्लेबाज बन गए है। भविष्य में वे और भी ऐसे कई रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते है। और सारी दुनिया को अपने प्रतिभा का लोहा मनवा सकते है। भारतीय क्रिकेट टीम में इस समय और इन नये खिलाडियो को जगह दी गई है वे भी शानदार प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित कर रहे है। इनमें से एक यशसवी जायसवाल के सीनियर रहे सरफराज खान है जिन्हें बहुत देर के बाद टीम इंडिया का हिस्सा बनने का मौका मिला और उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट मैच की दोनो पारियों में अर्धशतक जड़कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। टीम इंडिया के नए विकेट किपर ध्रुव जुरेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया जहां उन्होने विकेट के पिछे शानदार कैच लपके वहीं अपने बल्ले से भी धमाल मचाया। चौथे मैच की पहली पारी में ध्रुव जुरेल ने 90 रनो की शानदार पारी खेलकर टीम इंडिया को सम्मान जनक स्कोर तक पहुंचाया इसी तरह पहली बार गेंदबाजी करने वाले आकाश दीप ने भी शुरूआती तीन विकेट झटक कर अपने चयन की सातर्थकता सिद्ध कर दी।

छत्तीसगढ़ को मिली बड़ी सौगात

विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वर्चुअल जुडे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ को बडी सौगात दी है। उन्होंने 34 हजार 427 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकापर्ण किया है निश्चित रूप से यह छत्तीसगढ़ के लिए बहुत बडी उपबल्धि है इससे छत्तीसगढ़ के चहुमूखी विकास का मार्ग और प्रशस्त होगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि देश के विकास में छत्तीसगढ़ का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अपने चुनावी संकल्प पत्र को पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम उठा रही है। और इसके लिए केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ को हर संभव मदद मोहईया करायेगी। उन्होंने सौरऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 50 मेगावाट के सोलर प्लांट का श्रीगणेश करते हुए कहा कि उनकी मंशा है कि छत्तीसगढ़ का अन्नदाता अब ऊर्जादाता बने इसके लिए न सिर्फ घरो में बल्कि खेतो के किनारे भी छोटे छोटे सोलर प्लांट लगाए जाएंगे जिससे किसानो और आम जनता को न सिर्फ बिजली उपलब्ध होगी बल्कि वे अतिरिक्त बिजली को बेचकर अच्छी खासी आमदनी भी कर पाएंगे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जानकारी दी है की छत्तीसगढ़ में मोदी जी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ को तेजी के साथ संवारा जा रहा है और सुशासन स्थापित कर लोगो के जीवन में खुशहाली लाने की दिशा में तेजी से कदम उठाये जा रहे है। विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पुरा करने के लिए डबल इंजन की यह सरकार निश्चित रूप से अपने उद्देश्य को हासिल करने में सफल होगी यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कही है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ के पास मेहनती किसान है प्रतिभाशाली नौजवान है और यहां प्राकृतिक खजाना भी है ऐसे में छत्तीसगढ़ के विकास की अपार संभावनाएं है।

प्रेम शर्मा

भारत में कई मामलों में पुलिस की मनमानी सामने आती रहती है। कई बार सत्ता पक्ष, निजी स्वार्थ स्थानीय दबाव के चलते पुलिस साधारण मामलों में इतना कड़ा और असवैधानिक रूख अख्तियार कर लेती है कि साधारण से दोष में इंसान का जीवन बर्बाद हो जाता है। कई ऐसे मामले जिनमें साधारण से प्रयास में जमानत हो जाए वो लम्बे समय से तक जेलों में सड़ते रहते है। भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा बहुत अधिक एवं विवेकहीनगिरफ्तारियों की प्रवृत्ति, विशेष रूप से गैर-संज्ञेय अपराधों के लिये अनुचित ठहराया जा चुका है।इसने इस बात पर ज़ोर दिया कि संज्ञेय अपराधों के लिये भी गिरफ्तारी अनिवार्य नहीं है और इसे आवश्यक होना चाहिये।सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात को रेखांकित किया कि जमानत से संबंधित कानून में सुधार किया जाना अति आवश्यक है और सरकार से यूनाइटेड किंगडम के कानून की तर्ज पर एक विशेष कानून बनाने पर विचार करने का आह्वान किया।दो न्यायाधीशों की बेंच ने जुलाई 2021 में जमानत कानून में सुधार , (सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई) पर दिये गए एक पुराने फैसले को लेकर कुछ स्पष्टीकरण जारी किये हैं। देश में जेलों की स्थिति, जहाँ दो-तिहाई से अधिक विचाराधीन कैदी हैं, का उल्लेख करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने रेखांकित किया कि गिरफ्तारी एक कठोर उपाय है जिसका संयम से प्रयोग किये जाने की आवश्यकता है।

जमानत पर सुप्रीम कोर्ट की मंशा

सैद्धांतिक रूप से न्यायालय ने मनमानी गिरफ्तारी के विचार को जेल नही, जमानत के नियम की अनदेखी करने वाले न्यायाधीशो की औपनिवेशिक मानसिकता से जोड़ा है।दंड प्रक्रिया संहिता पहली बार 1882 में तैयार की गई थी और समय-समय पर संशोधनों के साथ इसका उपयोग जारी है। यूनाइटेड किंगडम का जमानत अधिनियम, 1976 जमानत देने की प्रक्रिया निर्धारित करता है। इसका एक प्रमुख विशेषता यह है कि कानून का एक उद्देश्य कैदियों की आबादी के आकार को कम करना है। कानून में प्रतिवादियों के लिये कानूनी सहायता सुनिश्चित करने के प्रावधान भी हैं।अधिनियम जमानत दिये जाने के लिये एक सामान्य अधिकार को मान्यता देता है। इसकी धारा 4 (1) के अनुसार, यह कानून उस व्यक्ति पर लागू होता है जिसे अधिनियम की अनुसूची 1 में दिये गए प्रावधान में जमानत दी जाएगी।जमानत खारिज करने के लिये अभियोजन पक्ष को यह दिखाना होगा कि जमानत हेतु प्रतिवादी पर विश्वास करने के लिये आधार मौजूद हैं कि वह हिरासत में आत्मसमर्पण नहीं करेगा, न ही जमानत पर रहते हुए अपराध करेगा या गवाहों के साथ हस्तक्षेप करेगा और न ही न्याय के मार्ग में बाधा डालेगा, तब तक प्रतिवादी को अपने कल्याण या सुरक्षा के लिये या अन्य परिस्थितियों में हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिये। न्यायालय के अनुसार सीआरपीसी में स्वतंत्रता के बाद किये गए संशोधनों के बावजूद यह बड़े पैमाने पर अपने मूल ढाँचे को बरकरार रखता है, जैसा कि अपने विषयों पर औपनिवेशिक शक्ति द्वारा तैयार किया गया था। न्यायालय ने कहा कि फैसलों के बावजूद संरचनात्मक रूप से संहिता अपने आप में मौलिक स्वतंत्रता के मुद्दे के रूप में गिरफ्तारी के लिये ज़िम्मेदार नहीं है। इसने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि यह ज़रूरी नहीं कि मजिस्ट्रेट अपनी विवेकाधीन शक्तियों का समान रूप से प्रयोग करें। न्यायालय के निर्णयों में एकरूपता और निश्चितता न्यायिक व्यवस्था की नींव है।एक ही तरह के अपराध के आरोपी व्यक्तियों के साथ एक ही न्यायालय या अलग-अलग न्यायालय द्वारा कभी भी भिन्न व्यवहार नहीं किया जाएगा।इस तरह की कार्रवाई भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का गंभीर उल्लंघन होगी।यहाँ इस बॉत पर ध्यान देना चाहिए कि संहिता की धारा 88, 170, 204 और 209 के तहत आवेदन पर विचार करते समय जमानत आवेदन पर ज़ोर देने की ज़रूरत नहीं है।ये धाराएँ मुकदमे के विभिन्न चरणों से संबंधित हैं जिनके आधार पर मजिस्ट्रेट आरोपी की रिहाई पर फैसला कर सकता है।ये मजिस्ट्रेट की पेशी के लिये बॉण्ड लेने की शक्ति (धारा 88) से लेकर समन जारी करने की शक्ति (धारा 204) तक हैं।सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार इन परिस्थितियों में मजिस्ट्रेट को नियमित रूप से एक अलग जमानत आवेदन पर ज़ोर दिये बिना जमानत देने पर विचार करना चाहिये। इसी लिए पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को आदेशों का पालन करने और विवेकहीन गिरफ्तारी से बचने के लिये स्थायी आदेशों की सुविधा प्रदान करने का भी निर्देश दिये थे। भारतीय दंड संहिता भारत की आधिकारिक आपराधिक सहिंता है जिसे वर्ष 1834 में स्थापित भारत के पहले विधि आयोग की सिफारिशों पर चार्टर अधिनियम, 1833 के तहत वर्ष 1860 में लॉर्ड थॉमस बबिंगटन मैकाले की अध्यक्षता में तैयार किया गया था। भारत में वास्तविक आपराधिक कानून के प्रशासन के लिये मुख्य कानून है। यह वर्ष 1973 में अधिनियमित किया गया था और 1 अप्रैल, 1974 को लागू हुआ था। अनुच्छेद 20 यह कहते हुए मनमानी गिरफ्तारी के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है कि कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिये तब तक दोषी नहीं ठहराया जाएगा, जब तक कि उसने ऐसा कोई कार्य करते समय, जिसमें वह अपराधी के रूप में आरोपित है, किसी प्रवृत्त विधि का अतिक्रमण नहीं किया है या उससे अधिक सज़ा का भागी नहीं होगा जो उस अपराध के किये जाने के समय प्रवृत्त विधि के अधीन अधिरोपित की जा सकती थी। अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करता है।किसी व्यक्ति की नज़रबंदी भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है।अनुच्छेद 22 गिरफ्तारी और नज़रबंदी के खिलाफसुरक्षा प्रदान करता है।

हाल में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से यह पूछना मायने रखता है कि जमानत के प्रावधानों से संबंधित नया कानून लाने पर काम हो रहा है या नहीं। दरअसल, यह मामला सुप्रीम कोर्ट के ही जुलाई 2022 में दिए एक आदेश से जुड़ा है। उसमें कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा था कि जिन मामलों में अधिकतम सजा सात साल से कम हो, उनमें जमानत को लेकर नया कानून बनाया जाए। इस संबंध में जो कोर्ट की चिंता है, वह देश के सिविल सोसाइटी सदस्यों की बातों से भी लंबे समय से झलकती रही है। जुलाई 2022 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उसे इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया था कि भारत को कभी पुलिस स्टेट में तब्दील नहीं होना चाहिए।इसे लेकर हमेशा सचेत रहना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि आजादी के बाद से भारत लोकतंत्र की राह पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ता रहा है। अगर थोड़ा आगे-पीछे आजाद हुए अन्य देशों के अनुभवों के मुकाबले देखा जाए तो भारत में लोकतंत्र की जड़ें कहीं ज्यादा गहरी हैं। लेकिन फिर भी पुलिसिया ताकतों के गैरजरूरी इस्तेमाल की शिकायतें मिलती रहती हैं। और, दुर्भाग्य से उनमें से ज्यादातर शिकायतें ऐसी होती हैं, जिन्हें निराधार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। यहां इस तथ्य को रेखांकित करना खास तौर पर जरूरी है कि यह समस्या किसी एक राजनीतिक दल से जुड़ी नहीं है। अगर ऐसा होता तो इस अर्थ में अच्छा था कि तब समस्या का समाधान अपेक्षाकृत आसान होता। लेकिन अलग-अलग कालखंडों की बात तो दूर, एक ही समय में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकार होने के बावजूद वहां से ऐसी शिकायतें मिलती रहती हैं।

आज का इतिहास

1857 : पश्चिम बंगाल के बहरामपुर में आजादी के दीवानों ने अंग्रेजों के खिलाफ पहले सैन्य विद्रोह की शुरूआत की। 1958 : पियाली बरूआ और दीवान मणिराम दत्ता को असम के शाही परिवार को फिर से गद्दी पर बिठाने के प्रयासों के कारण फांसी पर लटका दिया गया। 1966 : महान स्वतंत्रता सेनानी और देशभक्त विनायक दामोदर सावरकर का निधन। 1972 : वर्धा के निकट आरवी में बनाए गए विक्रम अर्थ सेटेलाइट स्टेशन को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरि ने देश को समर्पित किया। 1975 : गुजरात के अहमदाबाद में देश का पहला पतंग संग्रहालय 'शंकर केन्द्र' स्थापित किया गया। 1967 : सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1976 : अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया। 1991 : तकरीबन सात महीने तक कुवैत पर कब्जे के बाद इराकी फौजों को अमेरिका और सहयोगी देशों की सेना ने कुवैत से खदेड़ बाहर किया। सद्दाम हुसैन ने इराकी रेडियो पर कुवैत से अपने सैनिकों की वापसी की घोषणा की।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इधर हो रहा है, उधर

इधर हो रहा है, उधर हो रहा है। अजब दिल का मेरे गुज़र हो रहा है। समझ आ गई है इसे भी सियासत, सियासत का इस पर असर हो रहा है।

'ऐनुल' बरौलवी

विनती करते आपसे, सदा नवाये

विनती करते आपसे, सदा नवाये माथ बालक पर माँ शारदे, रख दो अपना हाथ रख दो अपना हाथ, कष्ट सारे हर लेना बालक है मतिमंद, दान विद्या का देना है संयम अति मूढ़, नहीं आती है गिनती हो जग का कल्याण,यही करते हैं विनती

रवी पांडेय संयम

ख़ास पाती | चूल्हे से लिपटी मिट्टी पर बनती

चूल्हे से लिपटी मिट्टी पर बनतीं हैं लकीरें जो बेशक महत्व नहीं रखतीं हथेली की लकीरों जितना लेकिन इन्हें बार-बार बनाया जा सकता है पहले से बेहतर चूल्हे से उठता धुआँ याद दिलाता है आग की, पेट की आग की जो नहीं बुझ सकती कभी पानी से चूल्हे पे चढ़े काले बर्तन से अधिक रोशन कुछ भी नहीं ....

पुष्प सैनी 'पुष्प'

खुल कर हँसती हुई लड़कियाँ

खुल कर हँसती हुई लड़कियाँ तुम्हें अच्छी नहीं लगेंगी तुम नहीं सह पाओगे इनका हँसना क्योंकि तुमनें बंद कर रखा है अपनी सोच के उस कपाट को जहाँ हंसती खिलखिलाती लड़कियाँ तुम्हें सभ्य नज़र नहीं आती... सुनो.... तुम मनुष्य बनने के क्रम में पाषाण बन चुके हो... एक दिन विरासत में दिये गये तुम्हारे तमाम बन्धन ये मुस्कुराने भर के एक ख्याल से तोड़ देंगी... और इनकी हर हँसी तुम्हारे तथाकथित सभ्य समाज को वास्तविक सभ्य समाज की ओर ले जायेंगी

रश्मि अभय

मीन का देखा समपर्ण अंत भी स्वीकार्य

मीन का देखा समर्पण? अंत भी स्वीकार लेंगी। ताल के अलगाव में ये प्राण अपने त्याग देंगी। किंतु क्या पोखर हुआ जलहीन इनसे दूर जाकर। या मछेरा ले गया हो 'जाल' में 'जल' को फँसाकर? सर्वदा हर-हाल में क्या, मछलियाँ छलती रहेंगी? सन्धियाँ छलती रहेंगी?

इति शिवहरे

गणित में या तो सौ आए,नहीं तो शून्य

गणित में या तो सौ आए,नहीं तो शून्य। वो इसलिए की गणित में सौ की गुंजाइश है। अगर नब्बे आए, और मेधा-सूची से बाहर हो जाए, तो शून्य लानेवाला कहेगा -दोस्त उदास मत हो,तुम भी फेल,मैं भी फेल। पुरस्कार भी अंततः एक ब्रैकेट में होने की प्रक्रिया है। **शेष अमित**

मिलती है जब चोट शब्दों की

मिलती है जब चोट शब्दों की मन की दीवार को उधड़ जाती है पर्त दीवार की दिखने लगती है दीवार बदसूरत उधड़ी -उधड़ी सी फिर की जाती हैं कोशिश उधड़ी हुई दीवार को रिपेयर करने की मान से, मनुहार से हो भी जाती है दीवार रिपेयर पर ! नहीं लौटती अपने पुराने स्वरूप में लगती है दीवार अब नयी नयी सी.. पर कुछ उभरे हुए चकत्तों के साथ। **नूतन अग्रवाल**

ऋतु वसंत चिड़ियों के आवाह्न पर उतरती है

ऋतु वसंत चिड़ियों के आवाह्न पर उतरती है आकाश से....रतिपति क्यों भूले डगर,आओ बनकर संत। ठिठुर रही काया कुसुम, करो शिशिर का अंत।। प्रेमी हो तो प्रेम से, करो प्रेम इज़्हार। मन गेंदा को प्रेम से, दो मादक उपहार।। रैन गुजारी ठिठुर कर, दिवस कांपता राग। उमग उमग मन डोलता, खेलो जी भर फाग।। कली कली रीझे खिझे, करे पवन संग खेल। आशा है बस एक उर, हो प्रियतम संग मेल।।

कल्पना मनोरमा

प्रेरक प्रसंग

शत्रु वह जो जी दुखाए

एक बार शेख सादी के पास एक व्यक्ति गया और कहने लगा - आपका अमुक शत्रु आपकी बुराई कर रहा था और आपको तरह-तरह की गालियाँ बक रहा था।

'सो तो मैं भी जानता हूँ।' थोड़ा रुककर शेख सादी बोले- ÷भाई शत्रु तो कहलाता वही है, जिससे बैर-विरोध हो। पर कम से कम इतना तो है कि वह मुँह के सामने कुछ नहीं कहता। आप तो मेरे सामने ही बुराई कर रहे हैं, अब आप ही बताइए कि मेरा शत्रु कौन है ? अच्छा होता, आपने मेरा जी न दुखाया होता और चुपचाप ही बने रहते। बुराई करने वाला व्यक्ति बहुत लज्जित हुआ और वहाँ से उठकर चला गया। उस दिन से उसने कभी किसी की बुराई नहीं की।

QUIZ TIME

1) भारतीय संविधान सभा ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की रूपरेखा को कब अंगीकार किया था?

2) जब भारतीय न्यायिक पद्धति में लोकहित मुकदमा लाया गया तब भारत के मुख्य न्यायमूर्ति कौन थे?

3) उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर सुपर हाइवे का कस्बा कौन-सा है?

4) देश के महत्वपूर्ण शहरों और राजधानियों को जोड़ने वाले राजमार्ग क्या कहलाता है?

5) शरद चंद्र पवार गुट को कौन-सा चुनावी चिन्ह मिला है?

राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पक्ष शरदचंद्र पवार

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 22 जुलाई, 1947 (2) पी एन भगवती (3) झाँसी (4) राष्ट्रीय राजमार्ग (5) तुरही बजाता हुआ आदमी

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:59 सूर्यास्तः 06:21
चन्द्रोदयः 18:59 चन्द्रास्तः 07:20
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः वसंत
शक सम्वतः 1945 (शोभकृत)
विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल)
मास फाल्गुन पक्ष कृष्ण
तिथि द्वितीया
नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी
योग धृति
प्रथम करण बालव (07:16 तक)
द्वितीय करण कौलव (20:35 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य कुम्भ चंद्र सिंह
मंगल मकर (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
राहु मीन
केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 12:07 से 12:53
अमृत काल 18:11 से 19:59
त्रिपुष्कर योग 25:24 से 30:47
सर्वार्थसिद्धि योग 25:24 से 30:47
विजय मुहूर्त 14:24 से 15:10
गोधूलि मुहूर्त 18:10 से 18:35
सायाह्न सन्ध्या 18:12 से 19:28
निशिता मुहूर्त 24:04 से 24:55

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति रहने से कार्यो में उत्साह रहेगा। रुके हुए कार्य थोड़े से प्रयास से पूर्ण होंगे।

वृष - आज के दिन आपके गलत व्यवहार के कारण स्वयं एवं परिजनों को परेशानी में डाल सकते है।

मिथुन - व्यवसाय में वृद्धि होने से आय बढ़ेगी नविन स्त्रोत्रों से भी धन लाभ होगा निवेश के लिए दिन अत्यन्त शुभ है।

कर्क- आज का दिन आप थोड़ा धैर्य धारण करेंगे। व्यापारी वर्ग आज प्रातः काल से ही कार्य में लग जाएंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर मंदी के चलते आज आपका ध्यान भटक सकता है।

सिंह- आज के दिन आपकी इच्छापूर्ति होने वाली है परंतु इसके लिए दृढ़संकल्प शक्ति की अधिक आवश्यकता पड़ेगी। काल्पनिक दुनिया को छोडे लाभ-हानि आपकी मानसिकता के ऊपर निर्भर करेंगे।

कन्या-आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। सेहत असामान्य होने से शारीरिक दुर्बलता अनुभव होगी। कार्यो को आज बेमन से करना पड़ेगा।

तुला-आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा परन्तु आज कार्यो के प्रति लापरवाही अधिक करेंगे जिससे बनते काम बिगड़ भी सकते है।

वृश्चिक- आज का दिन भी आपका सामान्य से अधिक उत्तम रहेगा। आपकी महात्त्वकांक्षाओ की पूर्ती होने से दिन भर आनंदित रहेंगे।

धनु- आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। दिन के आरम्भ में खालीपन अनुभव करेंगे।

मकर- आज दिन भर स्वास्थ्य नरम रहने से शारीरिक क्षमता कम रहेगी।

कुंभ- आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर आसानी से विजय पा लेंगे। दिन कार्य क्षेत्र पर भी अनुकूलता से भरा रहेगा पूर्व में किये परिश्रम का फल मिलने लगेगा।

मीन- आपका आज का दिन मध्यम लाभदायक रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहने से थकान अनुभव करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -344

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़ खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 343 का हल

गु	मा	न			प	यो	द	
न		ह	क	दा	र		ल	य
ह	वा	ला	त		च		द	म
गा			रा	ज	म	ह	ल	
र	ई	स		ग		स		अ
	मा		प	त	वा	र		ल
ख	न	क	ना		ह	त		बे
स	दा		ह		वा		शो	ला
रा	र				ही	र	क	

न्यूज गैलरी

दृष्टिबाधित से मारपीट, विधायक रिकेश सेन ने एसपी से की चर्चा

भिलाईनगर। जिले के भिलाई क्षेत्र में 80 फीसदी दृष्टि बाधित जो कि वेटर का काम करता है, को बीती रात एक सिपाही ने जमकर पीटा है। इस घटना की सूचना मिलते ही वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने तत्काल एसपी दुर्ग से चर्चा कर इस गैरजिम्मेदाराना कृत्य को अंजाम देने वाले सिपाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि सिपाही नशे में था और उसने अकारण युवक का रास्ता रोक धौंस जमाते हुए उससे मारपीट की है। अपनी सेवा सर्विस के विपरीत जाकर व्यवहार करने वाले ऐसे सिपाही पर तत्काल कार्रवाई होगी। जानकारी मिली है कि सिपाही का नाम नवनीत है।

सीए राहुल बने भिलाई सीए ब्रांच के नए चेयरमेन

भिलाईनगर। सीए ब्रांच की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज सीए भवन सिविक सेंटर में हुआ। जिसमें सीए राहुल बत्रा ने ब्रांच के नए चेयरमेन पद की शपथ ली। उनके साथ ही सीए सूरज सोनी ने उपाध्यक्ष, सीए अंकेश सिन्हा सेक्रेटरी, सीए शिवम चौधरी कोषाध्यक्ष, सीए पायल जैन सिकासा चेयरमेन और सीए प्रदीप पाल ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान चेयरमेन सीए पायल जैन ने नए चेयरमेन सीए राहुल बत्रा को कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर भिलाई सीए ब्रांच के प्रथम अध्यक्ष जेएल जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही ब्रांच के द्वारा इनकम टैक्स के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रायपुर के विख्यात सीए आर.बी. दोशी उपस्थित थे।

8 घंटे के भीतर गुत्थी सुलझी

भिलाई। गत रात्रि बत्तीस बंगला के सामने गैरेज रोड के किनारे झांडीयों में एक अज्ञात शव होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर शव पंचनामा कार्यवाही की गई जो प्रथम दृष्टया हत्या होना प्रतीत होने पर थाना भिलाईनगर में मामला पंजीबद्ध किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, सायबर अनुराग झा, नगर पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी, उपपुलिस अधीक्षक काइम मणिशंकर चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भिलाई नगर एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के जेब में मिली सायकल स्टैण्ड की पर्ची के आधार पर मृतक की शिनाख्त शेख शाहरूख जो इंदिरा मार्केट सायकल स्टैण्ड में काम करता था। सीसीटीव्ही फुटेज के अवलोकन से अज्ञात आरोपी के मृतक शेख शाहरूख के मित्र एवं परिजनों के दिखाने पर अज्ञात व्यक्ति का पहचान आकाश नंदनवार निवासी जयंती नगर के रूप में हुआ। आरोपी देर रात में जयंती नगर से हिरासत में लिया।

पीएम आज रेलवे अधोसंरचना को देंगे करोड़ों की सौगात

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के 550 अमृत भारत स्टेशन के शिलान्यास के साथ-साथ रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस दिन प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से देश की जनता से जुड़ेंगे। जिले के रेल इतिहास का ये सबसे खास दिन साबित होगा जब दुर्ग जिले में 10 से अधिक विकास कार्यों की सौगात रेलवे क्षेत्र को मिलेगी। प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने वाले शिलान्यास और लोकार्पणों का स्थानीय स्तर पर एलईडी के माध्यम से अलग-अलग स्थान में वर्चुअल कार्यक्रम होगा, जिसमें जनता और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल होंगे। स्थानीय स्तर पर प्रातः 10:45 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12:20 बजे जुड़कर लोकार्पण शिलान्यास के साथ अपना उदबोधन देंगे। दुर्ग जिले में अलग-अलग स्थान पर वर्चुअल माध्यम से होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रेलवे के अधिकारियों से समन्वय हेतु जिला महामंत्री सुरेंद्र

कौशिक और जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये को प्रभार दिया गया है। उन्होने बताया कि दुर्ग रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर अंडरब्रिज के लिए कार्यक्रम होगा। उरला और बघेरा के अंडरब्रिज का संयुक्त कार्यक्रम उरला में रेलवे क्रॉसिंग पर सिद्धेश्वर मंदिर के पास होगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी, जिसका कार्यक्रम भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में ही संपन्न होगा। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत सिरसा गेट भिलाई-3 में अंडरब्रिज लोकार्पण और डी केबिन बीएमआई चरोदा के अंडरब्रिज की सुविधा जनता को मिलेगी। जिसका पृथक पृथक कार्यक्रम दोनों स्थान पर होगा। पाटन विधानसभा अंतर्गत कुम्हारी रेलवे क्रॉसिंग पर भी अंडरब्रिज की सौगात मिलेगी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रसमडा स्टेशन के पास अंडरब्रिज और दल्लीराजहरा रूट पर रिसामा के पास अंडरब्रिज की सौगात मिलेगी, दोनों स्थानों पर पृथक पृथक कार्यक्रम होगा। दल्लीराजहरा रूट पर ही कचांदुर ग्राम परसदा के पास अंडरब्रिज की सुविधा ग्रामवासियों को मिल सकेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश भर में चहूंओर विकास की गंगा बह रही है। सड़क, रेलवे, उद्योग, विद्युत, सौर ऊर्जा सहित अनेक अनेक क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। मोदी की गारंटी देश में आज सबसे बड़ी गारंटी है।

हाई स्कूल व हायर सेकण्डरी की परीक्षा एक मार्च से

■ **प्रथम दिन 79 केन्द्रों एवं द्वितीय दिवस 56 स्कूलों को प्रश्न पत्र वितरण किया गया**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा 1 मार्च 2024 से प्रारंभ हो रही है। उक्त परीक्षा की सफल संचालन हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण 24 एवं 25 फरवरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम जेआरडी बहुउमावि में किया गया। गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिए मुख्य परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष व प्राचार्य उपस्थित थे। इसी तरह द्वितीय दिवस रविवार 25 फरवरी 2024 को शासकीय/अशासकीय

उच्चतर माध्यमिक शाला रुट क्र-7 में सेजस जे.आर.डी.उ.मा.शा. दुर्ग, आदर्श कन्या दुर्ग, तिलक कन्या दुर्ग, महात्मा गांधी, महावीर जैन, बोरसी सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह, दाउ रुरु प्रसाद दुर्ग, तकियापारा, धनोरा नया केन्द्र, रुट क्र-8 में तुलाराम आर्य कन्या, खालसा पब्लिक दुर्ग, सनसाईन, एल. एन. किल्ला दुर्ग, डी.ए.वी. दुर्ग, तितुरडीह दुर्ग. सेजस दीपक नगर, रुट क्र-9 इंदिरा गांधी रामनगर, कन्या वैशाली नगर, कोहका, कोसानगर, बालक सुपेला, कन्या सुपेला प्रयास श्रवण विकलांग संस्था सुपेला, मुक्तिधाम मिलाई, हाऊसिंग बोर्ड, जामुल, ढौर, कुरूद, सुरडुंग, नारधा, सरस्वती बिहार अंग्रेजी मा हाउसिंग बोर्ड, ज्अहेरी, रुट क्र-10 बी.एस.पी सेक्टर 02, सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 04, शा.उ.मा.शा. सेक्टर 09, शास. हाई स्कूल सेक्टर 07 मिलाई, विवेकानंद सेक्टर 02, रुआबांधा, महर्षि दया. सेक्टर 06, रुट क्रमांक 11 शासकीय केम्प 1 मिलाई, छावनी, शासकीय जोन 2 सेक्टर 11, खुर्सीपार निर्मला रानी खुर्सीपार, पंज.ला.ने. न्यू. खुर्सीपार, बीएसपी कन्या उ.मा.वि. खुर्सीपार, रुट क्रमांक 12 कन्या भिलाई 03, पुरैना, चरोदा, जरवाय, सोमनी, औंधी, ज्योति चरीदा, देवबलोदा, जंजगीरी, उरला बी.एम.वाय. कुल 56 स्कूलों को प्रश्न पत्र वितरण किया किया। इस वर्ष जिले में कुल 135 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी का भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 40 दिवसीय कार्यक्रम शिव पिता मेरे लिए है आया के अंतर्गत आज ब्रह्मा वत्स सेक्टर 5 स्थित भद्रेश्वर महाकाल शिव मंदिर में प्रातः 6 से 7 बजे तक संगठित रूप में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया। तत्पश्चात सभी ब्रह्मा वत्सो ने सेक्टर 5 में सम्पूर्ण मौन में रहकर विश्व शांति के लिए प्रभात फेरी निकाली। अंतर्दिशा भवन परिसर में द्वादश ज्योतिर्लिंग की भव्य अलौकिक झांकी निमार्ण का श्रीफल फोड़कर भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने भूमिपूजन किया।

विद्यासागर जी जैसे संत से ही पूरी दुनिया सुरक्षित : वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज ने 18 फरवरी 2024 ने सल्लेखना विधि द्वारा समाधि ली। उन्होंने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह का त्याग किया। आज सकल जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज का विनयांजलि कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा शामिल हुए। वोरा ने आचार्य विद्यासागर को याद करते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज भारत के अमूल्य पूंजी है, कार्यक्रम में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर उज्वल पाटनी ने विद्यासागर महाराज के मूर्ति को शहर में स्थापित करने की बात कही एवं उन्होंने विद्यासागर महाराज को भारतरत्न से सम्मानित किए जाने की बात कही। जिसपर श्री वोरा ने कहा कि आचार्य विद्यासागर को न केवल भारत रत्न अपितु विश्व रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। विद्यासागर महाराज विश्व के गुरु थे। अरुण वोरा ने उज्वल पाटनी के बातों पर सहमति जताते हुए कहा कि महान संत महराज की प्रतिमा दुर्ग शहर में अवश्य लगनी चाहिए. वे केंद्र एवं राज्य सरकार को इस विषय पर पत्र भी लिखेंगे. वोरा ने कहा कि विद्यासगर महाराज द्वारा हुआ था दुर्ग में एकता द्वारा का लोकार्पण। विद्यासागर जी महाराज के दुर्ग प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेसी नेता मोतीलाल वोरा के आग्रह पर दुर्ग के जेल चौक के समीप एकता द्वारा का निर्माण हुआ। जिसका लोकार्पण आचार्य विद्यासागर महाराज के द्वारा किया गया था।

वैशालीनगर में 98 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा के 4 कार्यो के लिए 97 लाख 98 हजार 278 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त निगम भिलाई द्वारा की जाएगी। वार्ड 20 वैशालीनगर में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 24.49 लाख, लाकांगन परिसर में सार्वजनिक मंच एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 24.49 लाख, वैशालीनगर के सार्वजनिक उद्यान का सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 24.49 लाख, सार्वजनिक भवन एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 24.49 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

महिलाओं ने विधायक को बताई समस्या

नवप्रदेश संवाददाता

मन की बात सुनने पहुँचे विधायक गजेंद्र ने नागरिकों से किये सीधे संवाद

दुर्ग। शांतिनगर के निवासियों ने विधायक गजेंद्र यादव से संवाद कर वार्ड 17 में मुलभुत समस्या को बताया जिस पर उन्होंने शीघ्र ही समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया। आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने पहुँचे विधायक से माइक में महिलाओ युवतियाँ ने बात की। किसी ने नाली व सफाई नहीं होने की जानकारी दी तो युवाओ ने सुविधायुक्त खेल मैदान मांगा। वार्ड 17 शांतिनगर में विधायक यादव जनता से रूबरू हुए। जिसमें नागरिकों से सीधे विधायक ने बात करके उनकी समस्याओं को जाना। महिला सशक्तिकरण को लेकर पीएम मोदी के मन की बात सुनने के

बाद बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओ ने अपने विधायक से बात किए। पहली बार हाथ में माइक थाम कर महिलाएं घबराहट महसूस कर रही थी लेकिन विधायक गजेंद्र ने उनका हौसला बढ़ाते हुए उनसे वार्ड की समस्या को लेकर बात किया। वार्ड 17 की निवासी सुंदर बाई सांकरे, लालेश्वरि साहू, लक्ष्मी यादव, रामबाई ने अपने निवास के पट्टे की समस्या की जानकारी दी जिस पर विधायक ने शीघ्र प्रशासनिक अधिकारियो से चर्चा करने का आश्वासन दिए। युवतियाँ ने बताया की रात के समय कुछ युवक वार्ड में नशाखोरी करते है विधायक ने मौके पर उपस्थित पुलिस बल के जवान को नशाखोरी करने वालो को चिन्हित कर दण्डित करने का निर्देश दिए। इसी प्रकार नोहर सिंह व रामकुमार ने भी विधायक से चर्चा किये। विधायक गजेंद्र ने वार्ड के तालाब व नाली की सफाई, आवारा मवेशी, भवन बनाने जैसे सभी मूलभूत समस्याओं का जल्द ही निराकरण करने का वादा किया।

संकल्प यात्रा शिविर आज

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और भारत सरकार के फ्लैगशिप स्कीम के प्रचार-प्रसार व योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने और हितग्राहियों में जागरूकता लाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 3.0 का सफल क्रियान्वयन किया जाएगा। 26 फरवरी प्रातः 8 से 12 तक शिविर वार्ड क्रमांक 1 ढीमर समाज सामुदायिक भवन नया पारा और वार्ड क्रमांक 8 दोपहर 2 से 6 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला सराय के पास, 27 फरवरी को वार्ड क्रमांक 31 शनिचरी बाजार पुराना स्वास्थ्य विभाग और 2 से 6 बजे तक शासकीय पू.मा. शाला केलाबाड़ी में, 28 फरवरी को वार्ड क्रमांक 52 शीतला चौक हनोदा रोड बोरसी में दोपहर 2 से 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम रोड गया नगर में लगाया जाएगा। 29 फरवरी को वार्ड क्रमांक 20 कुशाभाऊ ठाकरे भवन में 2 से 6 बजे तक, वार्ड क्रमांक 49 साई सुपर मार्केट विद्युत नगर में शिविर लगाया जाएगा। सभी शिविरों में आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार पंजीयन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व महतारी वंदन योजना के स्टाल लगाए जाएंगे।विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन बैगापारा स्टेडियम में 26 फरवरी को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

भाजपा जो कहती है वह करती है : चंद्राकर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम चंदखुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम विधायक ललित चंद्राकर की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ग्रामीण सहित देश के केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया और इस संवाद को एलईडी के माध्यम से श्रवण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव, देवेंद्र देशमुख अध्यक्ष जनपद पंचायत, शैलेंद्र भगत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य, जमित गायकवाड उपाध्यक्ष जनपद

पंचायत, दीपिका चंद्राकर जनपद सदस्य, जिला महामंत्री भाजपा दुर्ग एवं कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र कौशिक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष फतेलाल वर्मा, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शैंडे, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच हेमलता सुरेश देशमुख आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात लाभार्थियों को गैस सिलेंडर, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड का नवीनीकरण कर वितरण किया गया। इस दौरान विधायक चंद्राकर ने कहा कि भाजपा एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय का सपना अंत्योदय जिसे पूर्ण करने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी प्रतिबद्ध है विभिन्न जनहितकारी योजना माध्यम से समाज के हर वर्ग का उत्थान किया जा रहा है। आज हमारा देश इन योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर भी बन रही है। महिला स्वा सहायता की समूह की बहने रेडी टू ईट के कार्य से लेकर बहुत सी ऐसे काम जो उनको रोजगार उपलब्ध करा रही है और अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही हैं। अगर हम देखें किसी समय में एक गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में गंभीर बीमारियों का इलाज नहीं कर पता था लेकिन आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करवा रहा है और अपना जीवन बचा रहा है। उज्जवला गैस योजना पीएम आवास योजना सौर सुजला योजना ऐसे कई योजनाएं हैं जिससे हर वर्ग लाभवंतित है।

नेहा बनी संभाग संगठन सचिव

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंग साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनकुमारी साहू व प्रदेश संयोजक (आई टी प्रकोष्ठ) द्वारिका साहू के अनुसंशा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आई टी प्रकोष्ठ) दुर्ग सभांग के पदाधिकारियो को नियुक्ति किया गया। उन्होंने कहा पदाधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाओ के साथ अपेक्षा करते है कि अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा एवं गति प्रदान करेंगे। जिसमे दुर्ग निवासी श्रीमती नेहा साहू को मिली छग प्रदेश साहू संघ दुर्ग सँभाग के संगठन सचिव पद की जिम्मेदारी, उन्हें छत्तीसगढ़

प्रदेश साहू संघ दुर्ग संभाग के संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। जिसमे साहू समाज के सभी पदाधिकारी और समाज के लोगो तथा सभी स्नेही मित्रों जान पहचान के लोगों ने उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओ भरी बधाईयां देते हुए अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा एवं गति प्रदान करने की उम्मीद जाहीर की साथ ही बेहतर नेतृत्व करते हुए सर्वे समाज के हित की बात कही।

छात्र-छात्रों को भूगोल विभाग ने करवाया उत्तराखंड का भ्रमण

■ **पीएम उषा मद से 14 से 22 फरवरी तक 5 ग्रुप में बांटकर उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों देहरादून, हरिद्वार, मसूरी, धनोल्टी, ऋषिकेश का भ्रमण करवाया गया**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थीयो को भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल मिश्रा के निर्देशन पर 5 ग्रुप में बाटकर उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों देहरादून, हरिद्वार, मसूरी, धनोल्टी, ऋषिकेश आदि स्थानों का पीएम उषा मद से 14 से 22 फरवरी

2024 तक भ्रमण करवाया गया। जिसमे विद्यार्थियो को हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय में चल रही कुटीर उद्योगों जिसमें पशुपालन से प्राप्त दूध से मक्खन ,घी इत्यादि सामग्री बनाना। गोबर से अगरबत्ती एवं साबुन, हथकरघा से कपड़ा बुनाई, खराब कागजों से नई कागज बनाना, विभिन्न प्रकार के आचार, वेस्ट मटेरियल से थैला बैग इत्यादि विभिन्न प्रकार की छोटे छोटे उद्योगों से विद्यार्थी रूबरू हुए। इसके अलावा वहां चल रही विभिन्न देशों की संस्कृतियों का आदान-प्रदान करने वाली बाल्टीक सेंटर का भी भ्रमण किया। हरिद्वार में गंगा नदी और उसके धार्मिक महत्व का वहां के व्यवसाय एवं पर्यटन उद्योग पर पडने वाले प्रभावों का अध्ययन छात्रों के द्वारा किया गया । गंगा नदी के द्वारा निक्षेपित जलोढ़ मृदा का वहां की फसलों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन भी छात्रों ने किया। छात्रों ने शांतिकुंज के बारे में जाना। देहरादून और मसूरी में छात्रों ने वहां की पहाड़ों की जलवायु और वनों के प्रकारों का अध्ययन किया और वनों को सुरक्षित रखने के महत्व को समझा। समुद्र तल से 1364 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केम्प्टी जलप्रपात एवम सहस्त्रधारा का भौगोलिक अध्ययन किया। छात्रों ने धनोल्टी में लगभग 2750 मीटर की ऊंचाई पर स्थित सुरकंडा मौसम केंद्र का भी भ्रमण किया और 2750 मीटर की ऊंचाई पर हिम वर्षा और वहां पर हिम आच्छादित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। ऋषिकेश में विद्यार्थियों ने सीढ़ीनुमा कृषि पद्धति को बहुत करीब से देखा और सीढ़ीनुमा कृषि में फसल चक्र का भी अध्ययन किया। वहां के निवासियों को रोजगार देने में गंगा नदी के महत्व को समझा। इस भौगोलिक भ्रमण में महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक प्रशांत दुबे एवं सहायक प्रध्यापक डॉ. ओमकुमारी वर्मा के साथ 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एम एन सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को सफलता पूर्वक भौगोलिक भ्रमण के लिए बधाई दिया।

संयंत्र के टाउनशिप क्षेत्र में मेंटनेंस के लिए विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनषिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनषिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनषिप में 26 फरवरी 2024 से 01 मार्च 2024 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं:- 26 फरवरी 2024 को रिसाइक्लिंग पम्प हाउस, 27 फरवरी 2024 को रिसाइक्लिंग पम्प हाउस, हॉस्पिटल सेक्टर व डायरेक्टर बंगला, 28 फरवरी 2024 को हॉस्पिटल सेक्टर व डायरेक्टर बंगला, 29 फरवरी 2024 को डायरेक्टर बंगला व रिसाइक्लिंग पम्प हाउस तथा 01 मार्च 2024 को हॉस्पिटल सेक्टर व डायरेक्टर बंगला। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अतः भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

न्यूज गैलरी

एक लाख 84 हजार से अधिक ने जमा किया महतारी वंदन का आवेदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में महतारी वंदन योजना के तहत एक लाख 84 हजार 76 आवेदन पत्र जमा हुए हैं,उक्त प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन किया। संबंधित ग्राम पंचायतों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा चुका है। इन ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों में उक्त सूची देखी जा सकती है। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पांडेय ने इस बारे में बताया कि हितग्राहियों को सूची में नाम देखने की सुविधा हेतु विभाग द्वारा लिंक जारी किया गया है, जिसमें हितग्राही अपना आधार नंबर डालकर अपने आवेदन पत्र की स्थिति स्वयं घर बैठे भी देख सकते हैं।

ट्रेन के ठहराव पर सांसद कतराए

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी प्रांगण में शनिवार को आयोजित विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में शामिल होने आए क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी ने पत्रकारों द्वारा जनता से जुड़े ट्रेन स्टॉपेज के विषय में चर्चा करने से बचते हुए कन्नी काट ली और चुनाव के बाद 4 ट्रेनों का भाटापारा स्टॉपेज की बात होने का लालीपाप देते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के साथ गाड़ी में बैठकर रेस्ट हाउस के लिए रवाना हो गए।

गौरतलब है कि भाटापारा की जनता को पिछले 5 साल से 1 भी ट्रेन की स्टॉपेज नहीं मिली। लगातार गुहार लगाते लगाते थक चुकी जनता की सुनवाई नही होने पर भाटापारा प्रवास पर आए क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी से कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों ने चर्चा कर ट्रेन स्टॉपेज की जनता की मांग से अवगत कराया तो इस विषय को टालते हुए अभी चुनाव का समय है बाद में देखने की बात कही,वही पत्रकारों ने कहा की 5 साल से आपके कार्यकाल में 1 भी ट्रेन का स्टॉपेज नही मिलने वाले सवाल को दोहराया गया तो कन्नी काटते हुए चुनाव के बाद 4 ट्रेनों का स्टॉपेज होने की बात कही तथा पत्रकारों से ज्यादा बात ना कर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के साथ गाड़ी में बैठकर रेस्ट हाउस के लिए रवाना हो गए।

विधायक लहरिया की अनुशंसा पर करोड़ों का बजट स्वीकृत

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया षष्ठम विधानसभा के बजट सत्र के दौरान काफी मुखर दिखाई दे रहे हैं। उनके बदले अंदाज को लेकर सदन से लेकर प्रदेश भर में चर्चा में बने हुए हैं। बजट सत्र के दौरान विभिन्न मुद्दों पर काफी मुखर होकर तार्किक ढंग से क्षेत्र की समस्याओं को उठा रहे हैं। जिसका साथी विधायकों के साथ साथ सत्ता पक्ष के नेताओं ने भी तारीफ की है। बीच बीच में हंसी ठिठोली एवं उनकी शायराना अंदाज की सदन में खूब गूंज दिखाई दे रही है।

इंद्र साव की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने सुविधा बढ़ाने का दिया आश्वासन

■ **क्षेत्र के निजी और शासकीय अस्पतालों की मांगी जानकारी**

भाटापारा/नवप्रदेश। विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा में शासकीय अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थपना करने सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोक स्वास्थ्य मंत्री से मांग करते हुए जानकारी मांगी। विधायक श्री साव ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में शासकीय एवं मान्यता प्राप्त निजी अस्पताल सहित पंजीकृत निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना एवं शासन की अन्य योजनाओं से लाभान्वित निजी अस्पतालों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि जिले में कुल 207 शासकीय चिकित्सालय तथा कुल 30 मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय संचालित हैं। 13 पंजीकृत निजी अस्पतालों में आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मरीजों का इलाज हो रहा है उनमें 1. बाजपेयी नर्सिंग होम बलौदाबाजार, 2. स्व. श्रीमती चंदादेवी तिवारी हॉस्पिटल ब.बा. 3. श्रीराम हॉस्पिटल ब.बा., 4. ओमकार हॉस्पिटल ब.बा., 5. किलकारी चिल्ड्रन हॉस्पिटल ब.बा., 6. आनंद हॉस्पिटल, प्रसूती, सर्जरी एवं ट्रामा सेंटर ब.बा., 7 जया पाली क्लिनिक सण्डी (पलारी), 8. आनंद मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल पलारी, 9. आद्या हॉस्पिटल कसडोल, 10. नरेन्द्र मिश्रा मेमोरियल संजीवनी हॉस्पिटल कसडोल, 11. आस्था नर्सिंग होम भाटापारा, 12. आरोग्य सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल सिमगा, 13. श्री विनायक हॉस्पिटल सिमगा शामिल हैं। विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा में कहा कि जहां एक ओर शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की आम जनता एवं गरीब मरीजों के लिए बनाई गई जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत निजी व शासकीय अस्पतालों में गंभीर बीमारी के मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में मरीजों की जान बचाने के लिए उनको महंगा इलाज का खर्च बताया जाता है, जो मरीज तत्काल व्यवस्था करने में असमर्थ रहता है और ऐसे मरीज को बिना इलाज करवाये ही वापस जाना पड़ता है। अथवा इन परिस्थितियों में मरीज की जान भी चली जाती है। वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र में कई अस्पताल ऐसे भी हैं। जहां मरीजों को बताया जाता है कि इलाज के लिए पहले आपको संबंधित विभाग में आवेदन देना पड़ेगा। जब आपका पैसा स्वीकृत होगा तभी आपका इलाज आरंभ किया जायेगा। इस विषम स्थिति में विवशतावश मध्यम श्रेणी के मरीज को कर्ज लेकर या फिर जमीन, गहने आदि बेचकर इलाज करवाते हैं। गरीब मरीज इलाज के अभाव में अकाल मौत मरते हैं।

माघी पूर्णिमा पर फरसियां मेला आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। महानदी के उद्गम स्थल पर मां महामायाँ मंदिर ट्रस्ट समिति फरसियाँ प्रांगण में माघी पूर्णिमा एवं संत रविदास जयंती के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। रात में कारी संवरेगी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सुबह 5.30 बजे गायत्री परिवार प्रज्ञापीठ फरसियाँ द्वारा पूजापाठ व गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल ध्रुव, महासचिव नीरज सोन, उपाध्यक्ष दीनदयाल ग्वाले,गजानंद कश्यप,हरचंद साहू कोषाध्यक्ष प्रयाग बिसेन, सचिव राधेश्याम ध्रुव, राधेश्याम साहू,युवा प्रभाग अध्यक्ष रेखाराम साहू, उपा.ताराचन्द साहू,सचिव अरुण प्रजापति ने बताया कि पंडित नीलकमल शर्मा, मंदिर के पुजारी कन्हाई राम ध्रुव और कमलेश ध्रुव की अगुवाई में सभी देवी देवताओं की पूजा की गई। इसके बाद महामाया के पवित्र कुंड में स्नान प्रारंभ हुआ। सुबह विभिन्न ग्रामों से आमंत्रित देवी देवताओं एवं श्रद्धालु भक्तजनों ने स्नान किया। दोपहर में मड़ई कार्यक्रम रखा गया था।

गजानंद सोन ने बताया कि समिति के इस कार्य को संपन्न करने में घनश्याम ध्रुव, उमेश साहू,पन्नालाल सिन्हा, चंद्रहास ध्रुव, टिकेश समूद,प्रेम लाल यादव,खगेश बकड़िया,शुभम साहू, अजीत सिन्हा, चेतन नाग, दीपाशु दीवान,महेन्द्र साहू और टाकेश्वर ने सहयोग दिया।

राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान में उच्च प्राथमिक वर्ग से डाइट के अनिल यादव को मिला प्रथम स्थान

नगरी/नवप्रदेश। एससीईआरटी छत्तीसगढ़ एवं स्टरलाइट एड इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार 24 फरवरी को एससीईआरटी छत्तीसगढ़ के प्रांगण में किया गया। इस स्पर्धा में प्रदेश भर के जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के 36 छात्राध्यापकों और उनके मेंटर फैकल्टी ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गयी। प्रथम चरण में डाइट स्तर पर दो वर्गो, प्राथमिक व् उच्च प्राथमिक में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों वर्गों के विजेताओं को राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेने का मौक़ा मिला।

स्पर्धा के अंतर्गत दिए गए विषय के अनुसार तैयार किये गए टीचिंग प्लान का प्रदर्शन शाला के संबंधित कक्षा के छात्रों के समक्ष किया। स्पर्धा के पर्वेक्षकों के द्वारा प्रदर्शन के आधार पर अंक दिए गए। प्राथमिक श्रेणी में डाइट खैरागढ़ के छात्राध्यापक ने प्रथम, डाइट कांकेर ने द्वितीय व् डाइट दंतेवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक श्रेणी में डाइट नगरी के अनिल यादव छात्राध्यापक ने प्रथम, डाइट कोरिया ने द्वितीय व् डाइट रायपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में एससीईआरटी छत्तीसगढ़ की उपसंचालक श्रीमती पुष्पा किसपोट्टा, डी.एल.एड. प्रभारी डिकेश्वर वर्मा, शिक्षक शिक्षा प्रभारी हेमंत साव उपस्थित थे। इस दौरान एड इंडिया के हेड एंटोनी नेल्लिसेरी व् अकादमिक लीड राजेश कुमार उपस्थित रहे।

देव मड़ई में बस्तर के देवी-देवता पधारे

■ **ट्रस्ट ने देवी-देवताओं का नारियल भेंट कर किया अभिनन्दन**

नगरी/नवप्रदेश। ऐतिहासिक कर्णेश्वर महादेव मंदिर में माघ पूर्णिमा को होने वाले मेले में रविवार को देव मड़ई का आयोजन हुआ। इसमें बस्तर के देवी देवताओं और आंगा देव अपने पूरे स्वरूप में डांग डोली बाना आदि के साथ पहुंचे। रात में अल्का चंद्राकर कृत छतीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम फुलवारी का मंचन हुआ।

बस्तर के देवी-देवताओं ने खम्बेश्वरी मंदिर में माथा टेक जोहार भेंट की। बाबा बालगीर की अगुवाई व छिपलीपारा के टिकरी वाली के मार्गदर्शन में मेला की ढाई परिक्रमा की। उनका विधायक अंबिका मरकाम, विधायक सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव, कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता,संरक्षक कैलास पवार, उपाध्यक्ष राम प्रसाद मरकाम,रवि दुबे, शिवकुमार परिहार, गगन नाहटा,नागेन्द्र शुक्ला रवि ठाकुर,निकेश ठाकुर,कोमल श्रीमाली, कलम सिंह पवार,उत्तम साहू ,छबि ठाकुर,रवि ठाकुर,रामभरोसे साहू ,भरत निर्मलकर,राम लाल नेताम,जिला पंचायत सदस्य मीना बंजारे आदि ने फूल माला पहनाकर व नारियल भेंटकर स्वागत किया। मेले में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। कर्णेश्वर महादेव मंदिर में लोगों ने कतार लगाकर दर्शन किया। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। देउर पारा के युवाओं और स्कउट के छात्रों ने व्यवस्था संभाली। मेले में लोगों ने क्राफ्ट बाजार, मीना बाजार, सर्कस ,झूला, रहचुली आदि का लुत्फ उठाया।

इस दौरान संरक्षक कैलास पवार, ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष राम प्रसाद मरकाम,सचिव ललित शर्मा, कोशाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सह सचिव राम भरोसा साहू,कमलेश मिश्रा, नागेन्द्र शुक्ला,शिव कुमार परिहार, रवि दुबे कलम सिंह पवार,रवि ठाकुर,गगन नाहटा,नोहर साहू,छबि ठाकुर,राम लाल नेताम,प्रकाश बेश,मोहन पुजारी,योगेश साहू अमर सिंह पटेल,के एस श्रीमाली,भरत निर्मलकर,कमल डागा,अंजोर निषाद,उत्तम साहू दीपक यदु, रवि भट्ट, हनी कश्यप,महेंद्र कौशल,प्रताप सुरेशा,मिलेश साहू बबलू गुप्ता,ललित निर्मलकर,अमर सिंह पटेल,सचिन भन्साली, प्रदीप जैन,नन्द यादव,सुनील निर्मलकर, होरी लाल पटेल,प्रेम लता नागवंशी,अश्विनी निषाद,के आर बोरघरिया,राजू सोम, ईश्वर जांगड़े,अनिरुद्ध साहू,दुर्गेश साहू,मनोहर मानिकपुरी,देवेन्द्र साहू,,हेमन्त पूरी गोस्वामी,डोमार मिश्रा,अशोक देवांगन,पूनारद जांगड़े ,खम्मन आडिल ,कौशल साहू,परमेश्वर नेताम,देवेन्द्र मिश्रा, प्रीतम गोस्वामी ,प्रकाश सार्वा,राम लाल नेताम, तेज नाथ साहू,राजू सोम ,टेश्वर ध्रुव ,पंकज ध्रुव आदि उपस्थित थे।

दो दिनों की राज्य महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों की दिखी प्रतिभा

गरियाबंद/नवप्रदेश। शनिवार को नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने गांधी मैदान में कान्हा युवा मंडल गरियाबंद के व्दारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का फीता काटकर शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा नेता अजय रोहरा ने की। पहला मैच गरियाबंद और कांकेर के टीम के बीच खेला गया। नपा अध्यक्ष मेमन ने सर्विस कर मैच की शुरुआत की। इसके पहले उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर सभापति वंश गोपाल सिन्हा, पार्षद विमला साहू, प्राचार्य डॉ आर के तलवरे, व्याख्याता नीलांबर पटेल, भाजयुमो उपाध्यक्ष प्रतीक तिवारी थे आदि मौजूद थे। अतिथियों का स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया।

नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि ये हम सब के लिए गर्व की बात है कि गरियाबंद में राज्य स्तरीय महिला वॉलीबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। बालिकाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने, उन्हें आगे बढ़ाने यह चैम्पियनशिप सराहनीय पहल है। आयोजक इसके लिए बधाई के पात्र हैं। युवा नेता अजय रोहरा ने कहा कि बालिकाओं के इस तरह के खेल के आयोजन से उनमें आत्म विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्कृष्ठ प्रदर्शन से गरियाबंद जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने की शुभकामना दी। कान्हा युवा क्लब के अध्यक्ष विनय दासवानी ने भी संबोधित किया। पहले दिन चार मैच हुए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

'भद्राचलम' में सीएम विष्णुदेव की ...

महिलाओं के हित में सबका साथ, सबका विकास के ध्येय वाक्य को आत्मसात कर 140 करोड़ भारतवासियों की सेवा कर रहे हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है।

साय ने आगे कहा कि जब यूपीए की सरकार थी मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे तब रोज नया-नया भ्रष्टाचार सामने आता था। कोलगेट घोटाला, कॉमन वेल्थ घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला जैसे बड़े-बड़े घोटाले हुए। मनमोहन सिंह जी के 10 साल के सरकार में उनके बड़े-बड़े नेता और मंत्री घोटाले में फंसे और जेल भी गए।

सीएम साय ने कहा- यही कारण है कि पूरे देश की जनता ने कांग्रेस को ठुकरा दिया और एकछत्र रूप से देश और प्रदेश में राज करने वाली कांग्रेस पार्टी सिमटकर रह गई है। पार्टी के अच्छे नेता कांग्रेस छोड़कर दूसरी पार्टियों में जा रहे हैं। कांग्रेस डूबती नैया है, भ्रष्टाचार की जननी है इसलिए हमें भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराना है।

कारोबारियों, पूर्व आईएएस सहित...

मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। जांच में जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी।

शराब घोटाला मामले में दर्ज है कई नाम

बता दें कि शराब और कोयला घोटाला मामले में श्वष्ठ ने दो पूर्व मंत्रियों, विधायकों समेत 100 लोगों के खिलाफ नामजद स्नढ्ढक्र दर्ज कराई थी। कांग्रेस सरकार के दौरान के पूर्व आबकारी मंत्री, पूर्व खाद्य मंत्री, पूर्व विधायक, विधायक सहित कई अफसरों और कर्मचारियों के नाम हैं। 2 निलंबित ढ्ढस्, रिटायर्ड ढ्ढस् अफसर और कांग्रेस के नेताओं के नाम भी इस एफआईआर में शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता ईडी की इस कार्रवाई को राजनीतिक षड़यंत्र बताते हैं।

रविवार सुबह 6 बजे से चल रही कार्रवाई ष्टक्क-श्वह्रङ्ख ने बिलासपुर के सरगांव स्थित भाटिया डिस्टलरी और कोटा स्थित वेलकम डिस्टलरी में आज सुबह 6 बजे दबिश दी। इधर, दुर्ग के कुम्हारी दुर्ग स्थित केडिया डिस्टलरी, रायपुर में अनवर ढेबर, पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड समेत रिटायर्ड ढ्ढस् अनिल टुटेजा के ठिकानों पर जांच जारी है। इन सभी के नाम श्वष्ठ की चार्ज शीट में भी हैं। श्वह्रङ्ख ने 2 दिन पहले ही कानूनी जानकारी के साथ स्नढ्ढक्र की गहन समीक्षा की थी।

लीक हुई छापे की जानकारी

सूत्रों का कहना है कि शराब केस में आरोपी बनाए गए पूर्व ढ्ढस् अफसरों, कारोबारियों को पहले ही छापे की भनक लग चुकी थी। दो सप्ताह पहले ष्टक्क ने स्नढ्ढक्र दर्ज की थी। इसके बाद से ही आरोपी सर्तक हो चुके थे। इसके बाद विशेष अदालत में 24 फरवरी ष्टक्क ने वारंट की मांग की। हाईप्रोफाइल लोगों को इसकी भी खबर थी।

तीन फीट का ...

के भाई खिलेंद्र देवांगन ने बताया कि उनके परिवार में दो भाई एक बहन हैं। रामेश्वरी सबसे बड़ी बहन हैं। जो कि सिलाई का काम करती है। वहीं जिनके साथ रिश्ता तय हुआ यानी उनके जीजा भरदा (टटेंगा) के रहने वाले मनीष कुमार एक प्राइवेट कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। उन्होंने बताया कि सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न हुआ। हम ऐसे ही रिश्ते की तलाश कर रहे थे। इत्तेफाक से हमारे घर मनीष का रिश्ता आया। सोच-विचार के बाद रामेश्वरी सहित सभी की राय से इस रिश्ते के लिए हां की गई और दोनों को सुखी जीवन का आशीर्वाद देते हुए परिवार ने विदा किया। अपनी दिव्यांगता को नजरंदाज कर दोनों ने मिलकर नए जीवन की शुरुआत करने का संकल्प लिया। दोनों की उम्र 35 वर्ष है। उनकी ऊंचाई तीन फीट है।

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट...

थी। हादसे के बाद कुछ मजदूर किसी तरह से फैक्ट्री से निकलकर बाहर आए। फैक्ट्री के बाहर घायल मजदूर तड़पते रहे। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। समाचार लिखे जाने तक नुकसान और जानमाल की कितनी क्षति हुई है इसका आंकलन जारी था। बचाव दल भी अभियान में जुटा हुआ था। पुलिस के अनुसार हादसे का शिकार लोगों में कई लोगों के नाम सामने आए हैं।

ये लोग हैं गंभीर

फैक्ट्री में घायलों ये शामिल हैं- सरताज अहमद, राम भवन पुत्र स्व पंचम लाल निवासी अमहा, मुन्ना पुत्र कल्लू निवासी चमंधा, राजेंद्र पुत्र राजेश निवासी अमहा, मुकेश पुत्र सुखराज निवासी चमन्धा, राकेश पुत्र राम आसरे निवासी सगुनी, राम भवन पुत्र पन्ना लाल निवासी मारूफ्पुर अमहा, मंगल पुत्र लक्ष्मण निवासी उसरा हैं।

आज पीएम करेंगे सबसे बड़े भारत ...

आयोजन देश के 11 कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषदों के एक संघ द्वारा किया जा रहा है। सरकार द्वारा समर्थित, व्यापार और निवेश के दोहरे स्तंभों पर बनाया गया है। चार दिवसीय कार्यक्रम में 65 से अधिक सत्र होंगे जिसमें 100 से अधिक वैश्विक पैनलिस्ट इस क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें स्थिरता और परिपत्रता पर समर्पित मंडप, एक 'इंडी हाट', भारतीय कपड़ा विरासत, स्थिरता और वैश्विक डिजाइन जैसे विविध विषयों पर फैशन प्रस्तुतियां, साथ ही इंटरैक्टिव फैब्रिक परीक्षण क्षेत्र और उत्पाद प्रदर्शन भी होंगे।

40,000 से अधिक व्यापारिक देंगे भागीदारी

भारत टेक्स 2024 में कपड़ा छात्रों, बुनकरों, कारीगरों और कपड़ा श्रमिकों के अलावा नीति निर्माताओं और वैश्विक सीईओ, 3,500 से अधिक प्रदर्शकों, 100 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक खरीदारों और 40,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुकों की भागीदारी की उम्मीद है। आयोजन के दौरान 50 से अधिक घोषणाओं और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे कपड़ा क्षेत्र में निवेश और व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा और निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा।

'परमार्थ परमो धर्मः' के मार्ग पर चलने वाले ...

है, जो, भाषा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में गान्दरबल के मोहम्मद मानशाह पिछले तीन दशकों से गोजरी भाषा को संरक्षित करने के प्रयासों में जुटे रहे हैं। वे गुज्जर बकरवाल समुदाय से आते हैं जो कि एक जनजातीय समुदाय है। उन्हें बचपन में पढ़ाई के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ा था, वो रोजाना 20 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करते थे। इस तरह की चुनौतियों के बीच उन्होंने मास्टर्स की डिग्री हासिल की और ऐसे में ही उनका अपनी भाषा को संरक्षित करने का संकल्प दृढ़ हुआ। साहित्य के क्षेत्र में मानशाह जी के कार्यों का दायरा इतना बड़ा है कि इसे करीब 50 संस्करणों में सहेजा गया है। इनमें कविताएं और लोकगीत भी शामिल हैं। उन्होंने कई किताबों का अनुवाद गोजरी भाषा में किया है।

अरुणाचल प्रदेश के शिक्षक की सराहना

उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में तिरप के बनवंग लोसू एक शिक्षक हैं। उन्होंने वांचो भाषा के प्रसार में अपना अहम योगदान दिया है। यह भाषा अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और असम के कुछ हिस्सों में बोली जाती है। उन्होंने एक भाषा स्कूल बनवाने का काम किया है। इसके वांचो भाषा की एक लिपि भी तैयार की है। वो आने वाली पीढ़ियों को भी वांचो भाषा सिखा रहे हैं ताकि इसे लुप्त होने से बचाया जा सके।

कर्नाटक के लोक गायक सुगेतकर के कामों को याद किया

उन्होंने कहा कि हमारे देश में बहुत सारे ऐसे लोग भी हैं, जो गीतों और नृत्यों के माध्यम से अपनी संस्कृति और भाषा को संरक्षित करने में जुटे हैं। कर्नाटक के वेंकप्पा अम्बाजी सुगेतकर बागलकोट के रहने वाले सुगेतकर जी एक लोक गायक हैं। इन्होनें 1000 से अधिक गोंधली गाने गाए हैं, साथ ही, इस भाषा में, कहानियों का भी खूब प्रचार- प्रसार किया है। उन्होंने बिना फीस लिए, सैकड़ों विद्यार्थियों, को प्रशिक्षण भी दिया है। भारत में उमंग और उत्साह से भरे ऐसे लोगों की कमी नहीं, जो, हमारी संस्कृति को, निरंतर समृद्ध बना रहे हैं।

युवाओं की फोटोग्राफी की तारीफ

प्रधानमंत्री ने कहा, दो दिन पहले मैं वाराणसी में था और वहां मैंने एक बहुत ही शानदार फोटो प्रदर्शनी देखी। काशी और आसपास के युवाओं ने कैमरे पर जो मोमेंट कैप्चर किए हैं, वो, अदभुत हैं। इसमें काफी फोटोग्राफ ऐसी हैं, जो मोबाइल कैमरे से खींची गई थी।

मोबाइल धारक बन गया एक कंटेंट क्रियेटर

उन्होंने कहा कि आज जिसके पास मोबाइल है, वो एक कंटेंट क्रियेटर बन गया है। लोगों को अपना हुनर और प्रतिभा दिखाने में सोशल मीडिया ने भी बहुत मदद की है। भारत के युवा कंटेट क्रिएशन के क्षेत्र में कमाल कर रहे है। चाहे कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हो, अलग-अलग विषयों पर अलग-अलग कंटेंट शेयर करते हमारे युवा साथी मिल ही जाएंगे। पर्यटन हो, सामाजिक उद्देश्य हो, जनभागीदारी हो या फिर प्रेरक जीवन यात्रा, इनसे जुड़े तरह-तरह के कंटेंट सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। कंटेंट रचना कर रहे देश के युवाओं की आवाज आज बहुत प्रभावी बन चुकी है। उनकी प्रतिभा को सम्मान देने के लिए देश में नेशनल क्रियेटर्स अवार्ड शुरू किया गया है। इसके तहत अलग-अलग श्रेणियों में उन बदलाव के वाहकों को सम्मानित करने की तैयारी है, जो सामाजिक परिवर्तन की प्रभावी आवाज बनने के लिए टेक्नॉलॉजी का उपयोग कर रहे हैं।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार पिता सागरमल ग्राम देवकर जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम लालपुर प.ह.न. 09 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 620/3 रकबा 0.40 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2). (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है ।

अत इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 28/02/2014 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी साजा

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्मल जैन पिता सागरमल जैन ग्राम देवकर जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम लालपुर प.ह.न. 09 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 620/4, 620/5, 621/1, 622/2 रकबा 0.30, 0.06, 0.02. 0.07 है. कुल ख.न, 04 कुल रकबा 0.45 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2). (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 28/02/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी साजा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

राजिम कुंभ कल्प में उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़

- स्थानीय कलाकारों को मिल रहा मौका, प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम
- श्रीरामलला की रंगोली बनी आकर्षण का केन्द्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के दूसरे दिन रविवार को लोगों की भारी भीड़ रही। रविवार अवकाश होने के कारण सुबह से ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया। इस बार मेला का आयोजन रामोत्सव के रूप में नए स्वरूप में मनाया जा रहा है। लोग अपनी सुविधा के अनुसार राजिम पहुंचकर मेला का आनंद ले रहे हैं। मेला में पहुंचने वाले लोग सबसे पहले भगवान श्री राजीव लोचन और श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर में दर्शन करने के बाद लोगों की भीड़ नदी में लगे विभिन्न स्टाल प्रदर्शनी की ओर पहुंच रही हैं। यहां शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी स्टॉल में मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा दी जा रही है। कुलेश्वर महादेव मंदिर के पास बने सांस्कृतिक मंच में कार्यक्रम को देखने के लिए सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पूरा मंच स्थल दर्शकों से भरा रहा। राजिम कुंभ मेले में स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के भरपूर अवसर मिल रहे हैं। जिससे मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छंटा बिखर रही है। नदी परिसर में ही विभिन्न भंडारे में लोगों को भोजन की सुविधा भी उपलब्ध हो रही है। शाम को महानदी आरती के लिए हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर महानदी की आरती में शामिल हो रहे हैं। रामोत्सव पर आधारित राजिम कल्प कुंभ मेला में स्थानीय कलाकारों को ज्यादा से ज्यादा समय मिल पाए इसके लिए कुलेश्वर महादेव मंदिर के अलग से मंच बनाया गया, जहां प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक स्थानीय कलाकारों का कार्यक्रम हो रहा है। मेला के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम भसेरा फिंगेश्वर के घनश्याम साहू द्वारा रामायण का विस्तृत व्याख्यान किया कि दर्शक भी जय श्रीराम के नारे लगाने लगे।

श्री राम की रंगोली बनी आकर्षण का केंद्र: मुख्य मंच के पास एक किनारे में दीपक शर्मा, भोजराज धनगर, सिद्धार्थ सोनी, ऋषभ शर्मा ने अयोध्या के श्री राम की बहुत ही मनमोहक तेजस्वी और मुस्कान लिए रंगोली बनाई है। जिसमें रंगों का संयोजन बहुत बारीकी से किया गया है। इस रंगोली को सुरक्षित घेरे में रखा गया हैं, जो भी यहां से गुजर रहे से इस सुंदर कलाकारी को देख अपनी मोबाइल में रिकार्ड कर रहे हैं। राजिम कुंभ में यह आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ हैं।

मेला स्थल में स्वास्थ्य कैंप-श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा मेला स्थल में गरियाबंद, रायपुर और धमतरी जिले द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया है। मेला स्थल में 10-10 बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल बनाया गया है। अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टॉफ और लैब टेक्नीशियन पदस्थ किए गए हैं। जिससे लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज की सुविधाएं मिल रही है। साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यकतानुसार दवाइयों का भी वितरण किया जा रहा है। कैंप में पहुंचने वाले मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार पर्याप्त इलाज की संपूर्ण व्यवस्था है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक अस्थायी अस्पताल में पैथोलॉजी लैब सहित ऑक्सीजन सिलेण्डर, ईसीजी की व्यवस्था की गई है।

न्यूज गैलरी

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 3 हजार पदों पर होगी भर्ती

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से अप्रेंटिसशिप के 3000 रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 6 मार्च 2024 तक किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी अप्रेंटिसशिप पदों पर आवेदन के लिए नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम की ऑफिशियल वेबसाइट nats.education.gov.in पर जाकर आवेदन पत्र भर सकते हैं। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। साथ ही, अभ्यर्थी का जन्म 1 अप्रैल 1996 से पहले और 31 मार्च 2004 के बाद न हुआ हो। सामान्य और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी को आवेदन शुल्क के रूप में 800 रुपए, एससी, एसटी ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थी को 600 रुपए, पीएच अभ्यर्थी को 400 रुपए और सभी महिला अभ्यर्थी को शुल्क के रूप में 600 रुपए का भुगतान करना होगा। अभ्यर्थी का चयन ऑनलाइन रिटन टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा।

युवक का आतंक, महिलाओं ने किया थाने का घेराव

सीपत/नवप्रदेश। सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दर्राभांठा के वार्ड नं. 16-17 मोहल्ले में आतंक फैलाने वाले युवक की शिकायत सीपत थाने में महिलाओं ने की है। थाना प्रभारी नरेश चौहान से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दर्राभांठा निवासी रामलाल यादव पिता स्व. झुरांगी यादव जो कि आदतन बदशाम, एवं गुण्डा गर्दी से मोहल्लेवासियों महिलाएं युवक की गुंडागर्दी से परेशान हो, मोहल्ले के महिलाएं दिशा मैदान, निस्तारी हेतु हेण्ड पंप से पानी लेने जाने पर देखकर अभद्रता गाली गलौच, आभा ताना, करते रहता है यह कि महिलाओं के द्वारा विरोध करने पर उनके साथ वाद विवाद शुरूकर देता है, उनके घर पहुंच कर परिवार वालो को डरा धमका कर परेशान करता है। जिससे पुरे मोहल्ले में अशांति एवं उनके आंतक से महिलाए अपने आप को डरे सहमे व असुरक्षित समझ रहे है। जिसकी शिकायत करने आज सीपत थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया और थाने से उचित कार्यवाही किये जाने की सामूहिक लिखित में आवेदन दिया है और न्याय की गुहार लगाई है, जिसमे शैल बाई वार्ड 11 पंच प्रतिमा पटेल, शुखमन बाई, पुष्पा पटेल, राही यादव, गीता बाई, घसनीन बाई, बिंदा बाई, लछनबाई, बिमला बाई, गीता बाई, मृगी बाई, संत कुमारी, संतोषी, राजमती, रईमून बाई, सहोदरा बाई, कदम बाई, सकून, जमुना बाई सहित अन्य महिलाएं दर्राभाठा वार्ड 16 व 17 की महिलाएं शामिल थी। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सीपत पुलिस ने युवक की छानबीन शुरू कर दी है।

वैन में 45 किलो गांजा ले जाते 4 गिरफ्तार

नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वैन जप्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध नशे के विरुद्ध बिलासपुर पुलिस द्वारा अभियान चलाकर गांजा तस्करी कर रहे 4 आरोपियों से 45 किलो गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई। आरोपीगण गांजा तस्करी के लिए उपयोग किया जा रहे ब्रेजा कार को भी मामले में जब्त किया गया है। बरामद गांजे का बाजार मूल्य लगभग साढ़े 4 लाख रूपये है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से जानकारी मिली कि भारतीय नगर मुक्तिधाम के पास पीले रंग के ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 एमएस 2350 में कुछ संदिग्ध लडके बैठे हुए हैं, जो बड़ी मात्रा में गांजा लेकर आए हैं और ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को बताकर थाना सिविल लाईन एवं एसीसीयू की टीम द्वारा भारती नगर मुक्तिधाम के पास घेरा बंदी कर पीले रंग के ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 एमएस 2350 को पकडा गया। कार में आरोपीगण गोलू खटिक निवासी टिकरापारा खटिक मोहल्ला, अभिषेक खटिक निवासी टिकरापारा खटिक मोहल्ला, सुन्दर तेवर निवासी जूना बिलासपुर एवं डेविड डिसूजा निवासी राजीव गांधी चैक कुम्हारपारा के बैठे हुए मिले, जिनसे पूछताछ करने पर गुमराह करने लगे। कार की तलाशी लेने पर कार की डिक्की में 3 बडे ब्रीफकेस एवं 2 प्लास्टिक बोरी के भीतर छिपाकर रखा गया गांजा जो 1 किलो एवं 2 किलो साईज के प्लास्टिक के पैकेटो में पैक किया गया बरामद हुआ जिसका कुल वजन 45 किलो ग्राम है। बरामद गांजा का अनुमानित बाजार मूल्य 4 लाख 50 हजार रूपये है। आरोपीगण के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ पर आरोपीगण द्वारा बलांगीर उड़ीसा से गांजा खरीदकर लाना बताया गया है। आरोपीगण का बलांगीर उड़ीसा के संपर्क सूत्रों की जांच की जा रही है। जांच बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई होगी।

निगरानी बदमाशों के अवैध कार्यों पर पुलिस की है कड़ी नजर

जिला बिलासपुर के ग्रामीण थाना और चौकी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर गुण्डा व निगरानी बदमाशों को थाना तलब किया गया। निगरानी बदमाशों की हिस्ट्रीशीट को अपडेट किया गया। गुण्डा निगरानी बदमाशों को किसी भी प्रकार के अवैध कार्य में संलिप्त नहीं रहने, अच्छे से जीवन यापन करने किसी प्रकार का अपराधिक कार्य में सलग्न नहीं होने की समझाइश देकर रवाना किया गया। थाना बुलाकर कर 15 निगरानी बदमाशों और 54 गुण्डों की जाँच की गई।

ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण निर्माण करें- कौशिक

करोड़ों से स्वीकृत अनेक सड़कों का भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा के ग्राम मोहदा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत करोड़ों राशि की स्वीकृति से सड़क निर्माण कार्यों का स्थल पहुंचकर भूमिपूजन जिसके अंतर्गत 65.13 लाख रुपए की लागत राशि से स्वीकृत चोरहाभेना से कोटिया मार्ग (2.48 कि.मी.), 36.61 लाख रुपए की लागत राशि से स्वीकृत मगरमच्छला लिमतरी मार्ग से फदहा सड़क मार्ग (1.55 कि.मी.), 25.77 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत बरतोरी मुख्य मार्ग से कुआपाली पहुंच मार्ग (1.40 कि. मी.), 78.82 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत मोहदा से अटरा पहुंच मार्ग (2.37 कि. मी.) के नवीकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत मुख्य सड़क से हाई स्कूल, छात्रावास शासकीय कार्यालय, पक्का मार्ग आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो तथा बरसात में कीचड़ का सामना ना करना पड़े इसलिए ठेकेदारों को गुणवत्ता से क्रांकीटीकरण निर्माण कार्य करने निर्देशित किया। सड़कों के जाल से विकास का सुगम रास्ता बिछेगा।

सूरजपुरा और धनेली में नवधा रामायण में शामिल हुए बीजेपी उपाध्यक्ष शिवरतन

- सूरजपुरा में सामुदायिक भवन, धनेली में रंगमंच का लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। नवधा रामायण के माध्यम से रामायण मंडली भगवान श्री राम की जीवन-गाथा को गाकर लोगों को जीवन की सीख देते है और यही परंपरा आज भी चली आ रही है।

उक्त बातें भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सूरजपुरा एवं धनेली में आयोजित अखंड नवधा रामायण एवं सूरजपुरा सामुदायिक भवन-धनेली रंगमंच लोकार्पण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने सम्मिलित होकर कही,, शिवरतन शर्मा ने भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की।

श्री शर्मा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि रामायण हमें धर्म के रास्ते पर चलने की ,सत्य के रास्ते पर चलने की सीख देता है। प्रभु श्री रामचंद्र की संपूर्ण जीवन चरित्र हमें सत्य , प्रेम, त्याग, बलिदान और समर्पण की शिक्षा देता है,हम इसे अपने जीवन मे अपनाकर अपने जीवन को धन्य कर सकते हैं, प्रभु श्रीराम की भक्ति कर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। रामायण हमें भातृत्व ,भाईचारा की शिक्षा देता है। शर्मा ने कहा कि हम रामायण से शिक्षा ग्रहण कर शांति सद्भाव के मार्ग पर चलना सीख सकते हैं। जिस प्रकार आज समाज में तनाव बढ़ता जा रहा है ,नैतिक चरित्र में गिरावट आ रहे हैं ,चारों तरफ अशांति का माहौल फैल रहा है ,भक्ति ही वह मार्ग है जिसके द्वारा हम समाज में फैली अशांति को दूर कर सकते हैं अतः इस प्रकार के धार्मिक आयोजन सभी ग्रामों में होते रहना चाहिए। हमारे छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार धर्म व रामायण के रास्ते पर चल रही है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय की सरकार गरीबों की किसानों की सरकार है जो उनके बेहतर भविष्य एवं खुशहाल जीवन के लिए तीन महीनों में ही नई नई योजनाएं ला रही है तथा उसे आगे क्रियान्वित भी करेगी। यही धर्म का रास्ता है, कबीर का रास्ता है, सतनाम का रास्ता है जिससे क्षेत्र का विकास लगातार होगा। उक्त अवसर पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बाइक से गांजा ले जाते 2 धरे गए

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रामीण पुलिस ने ग्राम अर्जुनी तिराहा टोनाटार रोड के पास मेन रोड में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु परिवहन करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर

आरोपी से 4.131 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा जिसकी बाजार कीमत लगभग 60 हजार मूल्य का एवं बिना नंबर की मोटर सायकल पुरानी इस्तेमाली फैजर नीला रंग को जब्त करने में सफलता पाई है।

अभियान सृजन॰ के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में लगातार कार्यवाही जारी है। मुखबिर की सूचना पर ग्रामीण थाना से सजनि ईश्वर टोप्पो , आर अजय साहू, धनजय देवांगन, गौरीशंकर कश्यप, कृष्णा जांगडे की पुलिस टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी तिराहा टोनाटार रोड के पास मेन रोड में मोटर सायकल से आ रहे राज चौधरी भाटापार और हरीश जायसवाल लवन को रोका गया और नीले रंग के पिटठु बैग में मादक पदार्थ गाँजा परिवहन करते दोनों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4.131 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 60,000 मूल्य का एवं मोटर सायकल पुरानी इस्तेमाली मोटर सायकल बिना नम्बर फैजर जिसका इंजन नम्बर ल3छ3श0304292 तथा चेचिस नम्बर श्र1त्रल4446छ0025463 नीला रंग को जब्त कर उनके विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

एसपी कार्यालय के पास मिली बंद कमरे में मां-बेटी की लाश

कवर्धा/नवप्रदेश। रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महज 100 मीटर दूरी पर मां और बेटी की निर्मम हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार इस शव को दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। अज्ञात आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को न लगे इसे लेकर सैकड़ों की संख्या में डामर गोली (फिनाईल) शव के ऊपर में रख दिया था। जिससे बदबू न फैले और इस मामले की जानकारी न लग सके। समय के साथ ही जब शव बदबू करने लगा और आसपास के लोगों ने देखा की घर के मेन गेट पर ताला लगा हुआ है। मुख्य दरवाजे के पास खून जमा नजर आया। इससे अनहोनी की अंशका हुई और घटना की जानकारी तत्काल ही कवर्धा थाने को दी गई। मौके पर कवर्धा पुलिस की टीम पहुंची। फॉरेंसिक टीम को भी अवगत कराया गया।

मौसम कूलर-एसी का बाजार ठंडा, पखवाड़े भर बाद बढ़ सकती है गर्मी

विक्षोभ और द्रोणिका ने बिगाड़ा मौसम, आज हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। द्रोणिका और विक्षोभ के असर के कारण अभी लगभग चार दिनों तक मौसम यथावत रहेगा। कल सिस्टम के असर के कारण बदली के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 73 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका मराठवाड़ा से दक्षिण छग होते हुए तटीय आंध्र प्रदेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । एक द्रोणिका मराठवाड़ा से दक्षिण तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 26 फरवरी को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की सम्भावना है। कल से हवा की दिशा में परिवर्तन होकर दक्षिण होने की सम्भावना है।

बाजार में सोलर कूकर की मांग तेज

गर्मियों का सीजन चल रहा है। बरसात का मौसम रुकने के बाद धीरे-धीरे गर्मी बढ़ने लगी है। ऐसे में इससे राहत पाने के लिए लोग अपने घरों में नए कूलर और एसी को लगवा रहे हैं। गौरतलब बात है कि कूलर और एसी का इस्तेमाल करने पर हर महीने काफी ज्यादा मात्रा में बिजली का बिल आता है। इसका बुरा असर हमारी जेब पर पड़ता है। अगर आप भी कूलर और एसी चलाने के बाद हर महीने आने वाले बिजली बिल से आजादी पाना चाहते हैं, तो आज हम आपको एक बेहद ही शानदार सोलर कूलर के बारे में बताने जा रहे हैं। इस सोलर कूलर का उपयोग करने के बाद आपका हर महीने ज्यादा बिजली बिल नहीं आएगा। बाजार में इस सोलर कूलर की डिमांड काफी तेजी से बढ़ रही है। लोग इसका बढ़ चढ़कर उपयोग कर रहे हैं।

गर्मी की शुरुआत से ही सिस्टम का प्रभाव

गर्मी के शुरुआत होने के पहले ही अलग-अलग सिस्टम बनने के कारण इस साल मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहा है। जनवरी-फरवरी में जिले और आसपास करीब दो मिमी बारिश दर्ज हुई है और एक बार फिर विक्षोभ और द्रोणिका का असर दिखने लगा है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ दिनों इसका असर कम हो जाएगा और फिर से गर्मी बढ़ेगी।

सिस्टम का असर कम नहीं

द्रोणिका व विक्षोभ का असर अभी कम होने की संभावना नहीं है। इसके पहले भी द्रोणिका के प्रभाव से कुछ दिनों तक मौसम खराब हो गया था। 28 फरवरी के बाद मौसम साफ होने की संभावना है।

डॉ. एच.पी. चन्द्रा
मौसम वैज्ञानिक, रायपुर

मोदी ने कमजोर अर्थव्यवस्था को जीवंतता प्रदान की- अमर

बिलासपुर/नवप्रदेश। फेसबुक लाइव कार्यक्रम में भाजपा नेता पूर्व मंत्री, नगर विधायक अमर अग्रवाल ने जनता से सीधे संवाद करते हुए विगत 22 जनवरी को पांच शताब्दियों के संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राणप्रतिष्ठा समारोह को अभूतपूर्व ऐतिहासिक उपलब्धि बतलाते हुए इसे आध्यात्मिक क्रांति के नये युग की पहचान बताया एवं इस अप्रतिम सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभार व्यक्त करते हुए देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने बताया आई.आर.सी.टी.सी एवं छ ग. पर्यटन मंडल के बीच एम.ओ.यू. अनुसार मार्च माह से प्रति सप्ताह अयोध्या में रामलला दर्शन हेतु छत्तीसगढ़ वासियों को नियमित सप्ताहित ट्रेन सुविधा मिलने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान श्री अग्रवाल ने पिछले दिनों दिवंगत हुए राष्ट्रीय संत जैन मुनि विद्यासागर महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए श्री अग्रवाल ने आने वाले चुनावों में भाजपा को चुनने की अपील करते हुए अंतरिम बजट के पश्चात् लोकसभा में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्र सरकार के श्वेत पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस की मनमोहन सरकार के कार्यकाल में आर्थिक कुप्रबंधन चरम पर था।

युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले 6 गिरफ्तार

- युवक को पैसे के लिए करते थे ब्लैकमेलिंग
- मानसिक तनाव में आकर युवक ने जहर खाकर कर ली थी आत्महत्या
- खेत में मिला था शव, मोबाइल से खुला था राज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना घुमका क्षेत्रांतर्गत एक 26 वर्षीय युवक दिनांक 8 फरवरी 2024 को अपने घर से बिना बताये सायकल लेकर कहीं चला गया था। आसपास पता न चलने पर प्रार्थी पिता के द्वारा 9 फरवरी 2024 को थाना घुमका में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया। गुमशुदा की पतासाजी के दौरान 12 फरवरी 2024 को गुमशुदा युवक का शव ग्राम गोपालपुर खेत में होने की सूचना मिलने पर थाना घुमका पुलिस, क्षेत्रीय फोरेंसिक टीम दुर्ग के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल व शव निरीक्षण किया गया। साथ ही गुमशुदा युवक मृत हालत में बरामद होने पर थाना घुमका में मर्ग क्रमांक 05/24 धारा-174 द.प्र.संहिता के तहत कायम कर जांच कार्यवाही किया गया। जांच के दौरान मृतक के पीएम रिपोर्ट, मृतक युवक के मोबाईल नंबर, मृतक के द्वारा अंतिम बार बैंक खाता में किये गये पैसे ट्रांसफर एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के अनुसार मृतक युवक को दो मोबाईल नंबरों के अज्ञात धारकों द्वारा एक राय होकर ब्लैकमेल कर फोन-पे के माध्यम से 2,000 रूपये ट्रांसफर करवाने के बावजूद लगातार मृतक को धमकी देकर भयभीत कर आत्महत्या हेतु उकसाने पर मृतक भय की वजह से दिनांक 8 फरवरी 2024 को अपने घर से बिना बताये निकलकर जहर सेवन कर आत्महत्या करना पाये जाने पर 15 फरवरी 2024 को उक्त मोबाईल नंबरों एवं खाता धारक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 25/2024, धारा-306, 384, 34 भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण गंभीर प्रकृति के होने से प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देषन एवं अतिरिक्त राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी थाना घुमका निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना घुमका व सायबर सेल राजनांदगांव से संयुक्त टीम गठित कर अविलंब आरोपी पतासाजी हेतु आरोपीयों के संभावित लोकेशन के आधार पर हरियाणा, राजस्थान व मध्यप्रदेश के लिए दिनांक 16 फरवरी 2024 को रवाना हुए थे, जो कि आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त बैंक खाता के डिटेल के आधार पर मजदूरों के नाम पर फर्जी खाता खुलवाकर सेक्सटार्शन, ब्लैकमेल एवं अन्य ऑनलाईन ठगी में खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी विक्की तनवर, अनीश खान, इरशाद खान को राजस्थान, हरियाणा के मध्य सीमा भिवाडी से 21 फरवरी 2024 एवं विवेक निर्मश को उत्तर प्रदेश-राजस्थान सीमा के मध्य ग्राम पहाडीकला से 24 फरवरी 2024 को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।

न्यूज गैलरी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष की बेटी भाजपा का थामा दामन

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज राजधानी रायपुर में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रीता पाण्डेय की बेटी रजनी चौबे उप मुख्यमंत्री अरुण साव के समक्ष भाजपा मे शामिल हुई हैं। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के लक्ष्य के साथ सर्व जन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यों से भारत को एक नई दिशा दी है। हमारा भारत विश्व मे अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भी भाजपा की इसी नीतियों को देखते हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई है। आज बेमेतरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष रीता पाण्डेय की बेटी रजनी चौबे भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिनका मैं भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। भाजपा प्रवेश के बाद मीडिया से बात करते हूए रजनी चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता इस बार लोकसभा में पूरे 11 सीटों पर भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने का संकल्प कर चुकी हैं।

राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 मार्च तक

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य दिनांक 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने ऑनलाईन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 15 मार्च 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

महोत्सव में छग की संस्कृति व परपंरा का समावेश : कुलबीर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आर्शीवाद नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में एक दिवसीय मोखला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश कर महोत्सव के रूप में मनाया गया। महोत्सव में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शिरकत की। मोखला महोत्सव को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों की प्रासंगिकता तभी सार्थक होती है जब हम अपने समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखने में कामयाब होते हैं। आज के समय में ऐसी भक्ति भाव का होना बहुत जरूरी है। इस तरह के आयोजन कराना और दिल से भक्ति भाव को जोड़कर रखना ये बड़ी बात है। इससे हमारे सनातन धर्म का प्रचार होता है। साथ ही हमारे आने वाले पीढ़ियों को हमारे धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विरासत का ज्ञान होता है, जो बेहद जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों को हम सभी को मिल जुलकर करना चाहिए, धार्मिक आयोजनों से उत्पन्न धार्मिक वातावरण का लाभ उठाकर अपने जीवन को धर्म और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए।

धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले 2 गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी समीर सचदेवा पिता भारतभूषण सचदेवा, उम्र 53 साल, स्थायी पता 86 नर्मदा रोड रतन कालोनी जबलपुर (मध्यप्रदेश) का दिनांक 4 फरवरी 2024 को थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) पटवारी हल्का नंबर 19, तहसील लालबहादुर नगर, जिला राजनांदगांव में खसरा नंबर 86/01 क्षेत्रफल 0.466 हेक्टेयर जो जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में दिनांक 19 जनवरी 2024 को हल्का पटवारी द्वारा फोन कर जानकारी लिया गया कि आप किसी को पावर ऑफ अटर्नी देकर बिक्री किये हो, आपकी जमीन बिक चुकी है, तब यह जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल भाट, ग्राम रजोली, जिला बालोद के द्वारा अन्य लोगों के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ाकर फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर क्रेता द्वारा उप पंजीयक कार्यालय, राजनांदगॉव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। जांच पर धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादंवि का अपराध घटित होना पाया जाने से थाना कोतवाली, राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 81/2024 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर आरोपी के पतासाजी हेतु रवाना कर मुखबीर की सूचना पर दुर्ग से आरोपी नावेद अली पिता नरेश सिंह, उम्र 32 साल, साकिन वार्ड नंबर 41, केलाबाडी मस्जिद के पीछे दुर्ग, थाना-पदनाभपुर, जिला दुर्ग एवं श्रवण कुमार साहू पिता स्व. जोहत राम साहू, उम्र 39 साल, साकिन सिकोसा, ग्रामीण बैंक के सामने, थाना गुंडरदेही, जिला बालोद को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने पर 24 फरवरी 2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायायल पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल, राजनांदगांव में दाखिल किया गया है। अन्य आरोपी फरार है, जिनकी पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहूए, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, संजय बरेठ, आरक्षक अविनाश झा, रंजीत चैरसिया, कुश बघेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

ईमानदार ट्रैफिक कांस्टेबल ने सड़क पर मिले जेवर से भरे पर्स को पुलिस को सौंपा

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में एक ट्रैफिक जवान ने ड्यूटी के दौरान ईमानदारी का परिचय दिया है. उन्होंने सड़क पर पड़े जेवर से भरे पर्स को अपने पास सुरक्षित रखा. आसपास पता किया कि वह पर्स किसका है, लेकिन पर्स के मालिक का पता नहीं चला. इसके बाद आरक्षक ने पर्स को धमतरी सिटी कोतवाली थाना पहुंच दिया.

आरक्षक ने पर्स को पुलिस को सौंपा- दरअसल, ट्रैफिक जवान तरुण कुमार साहू ने बताया कि वह अंबेडकर चौक पर ड्यूटी कर रहा था. तभी उसकी नजर सड़क पर पड़ी पर्स पर पड़ी. उसने तुरंत उस पर्स को उठाया और आसपास पता लगाया, लेकिन उस पर्स के बारे में जानकारी नहीं मिली. उसने उसे पर्स को खोलकर देखा तो उसमें सोने-चांदी के जेवर रखे हुए थे. उसने तत्काल बाइक उठाया और धमतरी सिटी कोतवाली थाना पहुंचा. उस पर्स को आरक्षक ने पुलिस को सौंप दिया.

आरक्षक तरुण कुमार साहू द्वारा पर्स लाकर सौंपा गया है. जिस किसी का भी यह पर्स होगा, वह थाना आकर ले जा सकता है. - संतोषी नेताम, एएसआई, थाना सिटी कोतवाली

सोने-चांदी के जेवर से भरा था पर्स- पुलिस ने जब पर्स खोलकर देखा तो उसमें चांदी के पायजेब, चांदी के करधन और सोने का मंगलसूत्र और सोने जैसे दिखने वाली हार मौजूद थी. पर्स में छोटे-छोटे सोने चांदी के गहने भी थे. आरक्षक तरुण कुमार साहू ने ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स को सही सलामत थाना लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया. आरक्षक के इस ईमानदारी की सभी सराहना कर रहे हैं.

पुलिस आरक्षक की हत्या के मामले में दसवां पशु तस्कर गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 9 फरवरी 2024 के रात्रि 2.30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हुए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जान-बुझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये, जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का फौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में अपराध कमांक 13/2024 भादंवि की धारा 307, 302, 34, 120 बी, छग पशु परि. अधि. धारा 4, 6, 10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना दौरान अलग अलग स्थान से पूर्व में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में आरोपी यादोराम पाल साकिन चिचोला को गिरफ्तार किया गया। मामले में घटना दिनांक को गिरफ्तार आरोपी यादोराम पाल, मनीष अंबादे डोंगरगढ़ निवासी के साथ मिलकर महाराष्ट्र के पशु तस्करों के लिए पशुओं से लोड पिकअप को बॉर्डर तक रेकी करते हुए वाहनों को पार कराता था।

चाकू और राड से प्राण घातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी निलेश महोबे पिता नकुल महोबे, उम्र करीबन 27 साल, निवासी रामनगर, शंकरपुर वार्ड नंबर-7, राजनांदगांव का 24 फरवरी 2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में रैली निकाले थे। रैली के बाद दोपहर लगभग 2.30 से 3 बजे ममता नगर के पास करण जगने हाथ में डंडा लेकर जमीन में पटक-पटक कर नाच रहा था, जिसे इसका भाई महेश महोबे जो रविदास समाज का अध्यक्ष है, ने किसी को लग जायेगा, डंडा पकड़कर नाचने से मना किया, फिर भी नहीं माना। पास खड़े शैलेष टांडेकर के सिर में चोट लग गया। करण जगने विवाद कर देख लेने की धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद अपने भाई अजय जगने को साथ आकर महेश महोबे को जान से मारने की योजना बनाकर अपने पास रखे चाकू से महेश महोबे के कमर के पास पेट में चाकू से एवं अजय जगने उसके सिर में राड़ से वार कर प्राण घातक हमला किया, जिससे महेश महोबे के पेट में चोट लग गया, तब तत्काल महेश महोबे एवं घायल शैलेष टांडेकर को मेडिकल कालेज अस्पताल पेंड्री, राजनांदगांव मे भर्ती कराना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 129/24 धारा 307, 34 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा-निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना से तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना कर आरोपी करण जगने पिता बंटू जगने, उम्र 23 साल, साकिन रामनगर वार्ड नंबर-7, मोची बस्ती, शंकरपुर, ओपी चिखली को पकड़कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ पर अपराध स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। प्रकरण मे एक आरोपी अस्पताल मे भर्ती है, जो अस्पताल से छुट्टी होने पर पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही किया जावेगा। प्रकरण के दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में अपराध क्रमांक 258/2019 धारा 294, 323, 341, 34 भादंवि एवं अपराध क्रमांक 444/23 धारा 294, 323, 506 भादंवि कायम कर चालान पेश किया गया है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सांसद संतोष पाण्डेय ने आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से रवाना किया। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिले के लगभग 670 श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को आस्था स्पेशल ट्रेन से प्रभु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। इस ट्रेन में श्रद्धालु के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था है। आस्था स्पेशल ट्रेन में भोजन, स्वल्पाहार, चिकित्सा, सुरक्षा एवं सर्वसुविधायुक्त है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अतिथियों के लिए बहुत ही शानदार सत्कार करने का कार्यक्रम बनाया है। प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए पूरे देश के सभी प्रांतों से इसी प्रकार अयोध्या ट्रेन पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि भगवान रामलला के दर्शन करेंगे। राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यादगार बन गई। श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। पूरा प्लेटफार्म जय श्रीराम, जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं के चेहरे पर रामलला के दर्शन की आतुरता व खुशी साफ झलक रही थी। अयोध्या धाम जाने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के आंखों में भी रामलला के दर्शन के लिए अलग ही उत्साह देखने को मिला। स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों ने एक ही स्वर में कहा कि वह बेहद खुश है।

थाना और चौकी प्रभारियों ने मेडिकल स्टोर संचालकों की ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिले में अवैध नशे के प्रभावी कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है, अवैध शराब, गांजा या अवैध नशीली पदार्थो के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने निर्देश दिए गए है। जिसके तहत थाना दाढी प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव, चौकी खण्डसरा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि उदल तांडेकर, ड्रग निरीक्षक धनीराम पटेल के द्वारा थाना दाढी, चौकी देवरबीजा एवं खण्डसरा क्षेत्र में संचालित दवा विक्रेताओं एवं मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक लिया गया। जिसमें नशीली दवाईयों का सेवन के रोक थाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व दवाई दुकान संचालक (मेडिकल स्टोर) में सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु निर्देश देकर सूचना का आदान-प्रदान किये जाने मेडिकल संचालकों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। दवा विक्रेताओं एवं मेडिकल स्टोर संचालकों (मेडिकल स्टोर) को अवैध नशीली प्रतिबंधित दवा की बिक्री न करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया।

नागरिक इलेवन ए ने इलेवन सी को और पुलिस इलेवन ने प्रशासन इलेवन को हराकर फाइनल में बनाई जगह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 के पहले सेमीफायनल मैच में नागरिक इलेवन सी ने नागरिक इलेवन ए को और दूसरे रोमांचक सेमीफायनल मैच में पुलिस इलेवन ने प्रशासन इलेवन को हराकर फायनल में जगह बना ली है। इस तरह पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 का फायनल मुकाबला नागरिक इलेवन ए और पुलिस इलेवन के मध्य 25 फरवरी 2024 को संध्या 7 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में खेला जाएगा। खेले गए सेमीफायनल मैच में पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री सचिन सिंह बघेल, ट्रस्टी आईबी ग्रुप डॉ. रूबिना अंजुम अल्वी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह ने प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति और खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नगर के जनमानस से दिग्विजय स्टेडियम जुड़ा हुआ है। यह भव्य स्टेडियम को संजोय रखना हम सभी का दायित्व है। यहां निरंतर खेलों के आयोजन होते रहना चाहिए ताकि हमारे शहर व जिले की प्रतिभाएं विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रदेश व देश का नाम रौशन करें।

दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास के पिच पर दूधिया रौशनी में खेली जा रही प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये पहले सेमीफायनल मैच में गतवर्ष की उपविजेता नागरिक इलेवन सी ने एकबार फिर श्रेष्ठता साबित करते हुए दमदार नागरिक इलेवन ए को 13 रन से पराजित कर फायनल में पहुंची गई है। नागरिक इलेवन सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और उसके बल्लेबाज सुनील साहू के 16 रन और शिवम चौधरी के 15 रन की बदौलत 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 78 रन बनाये थे। जिसके जवाब में नागरिक इलेवन की टीम 65 रन बनाकर ही सिमट गई। जिसमे ईश्वर सिन्हा ने 20 रन बनाये थे।

नागरिक इलेवन सी की ओर से

गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। जिसके तहत आज 25 फरवरी को पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ को मुखबीर से सुचना मिला कि दो व्यक्ति मोटर सायकल में अवैध रूप से गांजा बिक्री हेतु मादक पदार्थ गांजा लेकर रायपुर बिरगांव की ओर से ग्राम आनंदगांव की ओर आ रहा हैं की सूचना पर पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया।

फेडरेशन ने 4 लंबित मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव अपने प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रांतीय सचिव एवं दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी के आह्वान पर राजनांदगांव के जिला संयोजक डॉ. केएल टांडेकर, जिला महासचिव सतीश ब्यौहरे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा के नेतृत्व में राजनांदगॉव जिले में शासकीय सेवकगण अपनी केंद्र के समान 46 प्रतिशत डीए सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में मोदी की गारंटी का अमल करने भोजन अवकाश के समय दोपहर 1.30 बजे मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। तहसील-ब्लॉक-जिले के शासकीय सेवकगण अपने-अपने मुख्यालय में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते दिखाई दिए। इसी तारतम्य में विकासखंड राजनांदगांव में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण एकजुट होकर अपने जायज मांगों के लिए हाथों में तख्ती लेकर जोरदार नारेबाजी करते जिला कार्यालय पहुंचे, जहां पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। केंद्र के समान 46 प्रतिशत डीए एवं बकाया एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में शासकीय सेवकों ने अपनी ताकत दिखाई।मांगों के विषय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. केएल टांडेकर, महासचिव सतीश ब्यौहरे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया कि पूर्व में भी कर्मचारी संगठनों द्वारा राज्य शासन को समय.समय पर अपनी जायज मांगो के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है, किन्तु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधानकारक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारीगण, अधिकारीगण, पेंशनर्स प्रताड़ित हो रहे है।

संत शिरोमणि रविदास ने समाज को कर्तव्य पथ पर चलने का दिया संदेश : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ओटेबंध में आयोजित संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। संत शिरोमणि रविदास की छायाचित्र में माल्यार्पण कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि संत रविदास ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने समाज को नई दिशा के साथ-साथ नई सोच भी दी।

संत रविदास बहुत ही सरल हृदय के थे और दुनिया का आडंबर छोड़कर हृदय की पवित्रता पर बल देते थे। संत रविदास ने देश में फैले ऊंच-नीच के भेदभाव और जाति-पात की बुराईयों को दूर करते हुए भक्ति भावना से पूरे समाज को एकता के सूत्र में बाधने का काम किया था।

राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से सरगुजा-रायपुर की दूरी कम

अंबिकापुर–शिवनगर परियोजना का पीएम मोदी ने किया लोकार्पण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में 34,427 करोड़ रूपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत सरगुजा की शिवनगर-अंबिकापुर सड़क परियोजना भी शामिल है।

राज्य के सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में प्रधानमंत्री संवाद वर्चुअल कार्यक्रम के तहत पीजी कॉलेज हॉकी ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां विधायक राजेश अग्रवाल, सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, कलेक्टर विलास भोस्कर, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। विधानसभावार आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन सीतापुर विधानसभा अंतर्गत मैनपाट महोत्सव स्थल और लुण्ड्रा विधानसभा अंतर्गत डडगांव पंचायत में भी किया गया। 5 मार्च 2010 में भारत सरकार द्वारा रायपुर-बिलासपुर-कटघोरा-अम्बिकापुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 130 घोषित किया गया है। सरगुजा जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 130 की कुल लंबाई 52.400 किलोमिटर है, जो कि शिवनगर से प्रारंभ होकर अम्बिकापुर तक है। इस सड़क निर्माण हेतु 397.32 करोड़ प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। इस मार्ग में उदयपुर, लखनपुर, अम्बिकापुर जैसे नगरीय क्षेत्र है। यह मार्ग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र से होकर गुजरता है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के फलस्वरूप शिवनगर से लेकर अम्बिकापुर तक के मार्ग से लगे ग्राम गुमगा, डाडगांव, मनोहरपुर, दावा, बिसुनपुर, पंडरीपानी, सोनतरई, डुमरडीह, उदयपुर, झिरमिटी, जजगा, अमगसी, जुडवानी, अंधला, हंसडांड, कुंवरपुर, जुनाडीह, लखनपुर, केवरा, केवरी, रजपुरीकला, लहपटरा, सिंगीटाना, जोगीबांध, उदयपुर ढाब, मेण्ड्राकला, भिट्ठीकला, सुन्दरपुर, मांझापारा, सांडबार के ग्रामवासी सीधे तौर पर लाभान्वित हुए हैं। इस मार्ग के निर्माण से पूर्व, सरगुजा जिला मुख्यालय, अम्बिकापुर से राजधानी रायपुर जाने हेतु 8 से 10 घंटे का समय लगता था, वर्तमान में यह दूरी तय करने में 6 से 7 घंटा लगता है। जिससे आपातकालीन चिकित्सा एवं अन्य इमरजेंसी कार्य हेतु राजधानी रायपुर जाने के लिए सुलभ आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गयी है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 343 (अम्बिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा), राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 43 (कटनी-गुमला मार्ग) मार्ग को जोड़ता है, जिससे छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य (उड़ीसा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड) में कनेक्टीविटी बढ़ी है। मार्ग बनने से सरगुजा जिले के पड़ोसी जिलों (सूरजपुर, जशपुर, बलरामपुर) में कनेक्टीविटी बढ़ी है। मार्ग बनने से एक राज्य से दूसरे राज्य एवं एक जिले से दूसरे जिले की कनेक्टीविटी बढ़ गई है, जिससे क्षेत्रीय पर्यटन में वृध्दि, स्थानीय लोगों को व्यवसाय एवं स्थानीय पर्यटन का बढ़ावा हो रहा है।

■ न्यूज गैलरी

सचिन बिलासपुर लोकसभा के प्रभारी नियुक्त

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश में चलाये जा रहे स्नेह संवाद कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा के सभी अल्पसंख्यक मोहल्ला एवं बूथ में आयोजित करने हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने लोकसभा प्रभारी एवं सहप्रभारी नियुक्त किया है। जिसमें जिले के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी सचिन मसीह को बिलासपुर लोकसभा का प्रभारी बनाया गया है। लोकसभा की बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर सचिन मसीह के करीबी व उनके इष्ट मित्रो द्वारा उन्हें लगातार कॉल, मैसेज सहित अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे है। इस दौरान सचिन मसीह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरे दायित्व के साथ पूरा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि वह पार्टी की नीतियों और मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। आगे सचिन मसीह ने कहा कि लोकसभा प्रभारी के तौर पर वह पार्टी-सरकार और मीडिया के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। सरकार की उपलब्धियों और पार्टी के काम के कामकाज को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

मां ने मोबाईल देखने से मना किया तो छात्रा ने लगा ली फांसी

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। मोबाइल देखने से मना करने पर एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। दरअसल मामला थाना क्षेत्र के ग्राम बिनकरा पंचायत पारा का है। पूनम राजवाड़े आ0 कंवल राजवाड़े उम्र 18 साल ने 24 फरवरी को दिन के करीब 11-12 बजे अपने घर के समीप ईमली पेड़ डगाल में नायलॉन रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिन मकतूला की मां ने होने वाली वार्षिक इम्तिहान के चलते किशोरी को मोबाइल फोन देखने से मना किया था। हादसे के रोज घर में कोई नहीं था सभी खेत पर रोपा लगाने गये हुये थे। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतूला लड़की के शव को अपने कब्जे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर के मरच्युरि में रखवा दिया है। जहां पोस्टमार्टम किया गया।

27 फरवरी से 4 मार्च तक 108 कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ

मुंगेली/नवप्रदेश। चातरखार में 27 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ जिसमें शिव अवतार पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले, वात्सल्य मूर्ति दीदी मां ऋतंबरा आदि महापुरुषों का आगमन होना है। कार्यक्रम की भव्यता को दृष्टि गोचर करते हुए दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन दास एवं मानस पुत्री साध्वी दीदी पुष्पांजलि के साथ समस्त जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने कलेक्टर की अगुवाई में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उक्त प्रकिया मे विश्व हिंदू परिषद, महिला अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति, स्वर्णकार सलार, मातृशक्ति, साई महिला मंडल, श्रीराम जानकी महिला मंडल, ग्रामवासी, रायपुर से आये बसंत अग्रवाल उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने सभा कक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने जिले में बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है इसलिए संबंधित अधिकारियों को विद्युत से जुड़ी आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करना चाहिए। उन्होंने गर्मी के मौसम में विद्युत लोडिंग बढ़ने के मद्देनजर ट्रांसफार्मर सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अघोषित बिजली की कटौती से लोगों को काफी परेशानी होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए कार्य करें। झूलती हुई तार को बदलने, ट्रांसफार्मर, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सब स्टेशनों में अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइन एवं पोल शिफ्टिंग, लो वोल्टेज की समस्या, सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की और बेहतर कार्ययोजना के साथ उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

6 नग अवैध साल लठ्ठा वाहन सहित जब्त

लखनपुर-सरगुजा। वन परिक्षेत्र लखनपुर के चांदो सर्किल अन्तर्गत ग्राम पुहपुटरा मुख्य मार्ग में मझवार पारा के पास पीकप में अवैध रूप से ले जा रहे साल लठ्ठा 06 नग को वन अमला ने वाहन सहित जप्त किया है।

वन परिक्षेत्र कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 24 फरवरी के सबेरे करीब 7 बजे वाहन चालक सरफराज अहमद निवासी महामाया मंदिर के पास नवागढ़ अम्बिकापुर वाहन मालिक दीपक यादव आ0 देवचरण यादव साकिन अम्बिकापुर घुटरा पारा के बोलेरो पिकप वाहन क्रमांक बी आर 02 जी सी 5256 में लोडकर ग्राम बिनकरा के ओर से अम्बिकापुर की ओर तेज गति से ले जा रहा था इसी दौरान पुहपुटरा सड़क मोड़ पर वाहन पलट गई। मौके पर पुलिस गस्त के टीम ने वाहन को पकड़ वन अमला के हवाले कर दिया है। चालक वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गया।वन अमला ने भा. व. अ.1927 की धारा 52एव धारा 41नियम 3 धारा 41 नियम 13 म0प्र0 वनोपज व्यापार विनिमयन अधिनियम 1969 की धारा 5(1) के तहत लठ्ठा सहित वाहन को जप्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा करा दिया गया है। जप्ती कार्यवाही में बी एफ ओअरूण दुबे बीट सलका सी एफओ सियाराम वर्मा,प0स0वृत चांदो रमेश यादव, राजेंद्र कुजूर परिक्षेत्र सहायक विश्वास दास वैष्णव सक्रिय रहे।

सेतगंगा में 5 दिवसीय मेला

मुंगेली/नवप्रदेश। सेतगंगा में 5 दिवसीय मेला ग्राम पंचायत सेतगंगा जनपद पंचायत मुंगेली के तत्वाधान में आयोजन किया जा रहा है। सेतगंगा मुंगेली से महज 17 कि.मी., पंडरिया से सेतगंगा महज 20 कि.मी. की दूरी पर प्राचीन और रमणीय स्थल है जहाँ आने जाने के लिए दिनभर बस की सुविधा है। सेतगंगा में ऐतिहासिक 11वी शताब्दी प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर है। इन मंदिरों की शिल्पकला और चित्रकला मनोरम और देखने योग्य है। गर्भगृह में श्रीराम जी के अलावा भगवान ब्रम्हा जी, विष्णु जी, शंकर जी सहित अनन्य देवी देवताओं का महीन कलाकृति की हुई मूर्ति स्थापित है। मंदिर के समीप ही स्वस्फुर्त माँ नर्मदा कुण्ड, मॉ सिध्देश्वरी महामाया मंदिर एवं गुरूघासीदास मंदिर भी है। जहाँ अनेक पर्वो पर श्रध्दालुओं का आवागमन होते रहता है।

माघपूर्णिमा के शुभ अवसर श्रद्धालुओं का मां नर्मदा कुण्ड में श्रद्धा और आस्था रूपी डूबकी लगाने प्रातः काल 4 बजे से बड़ी संख्या में भीड़ लगना शुरू हो जाता है जो दिन भर चलते रहता है। जनश्रुति के अनुसार पंडरिया के तत्कालिन राजा बहुत ही धार्मिक एवं दयालु प्रवृत्ति के थे वे अनेक पर्वो पर अमरकंटक स्थित मॉ नर्मदा कुण्ड में स्नान व पूजा के लिए जाया करते थे वृध्दा अवस्था में वे वहा जाने में असमर्थ हो गये इससे उनका मन व्यथित हो गया। नर्मदा स्नान की उत्कृष्ट इक्षा ने उन्हे मॉ नर्मदा मैया के शरण में ले लिया। वे खान पान को छोड़कर माँ नर्मदा मैया की स्तुति में लीन हो गये। अर्धरात्रि को उन्हे स्वप्नादेश हुआ की हे राजन मैं तुम्हारी श्रध्दा और भक्ति से प्रसन्न हो कर तुम्हारे ही सीमा पर पूर्वी तट पर उद्गम हो रही हूँ आप वही स्नान कर उपनी इक्षा की पूर्ती कर सकते है। प्रातः काल में जमीदारी की पूर्वी सीमा में मॉ नर्मदा उद्गम की खोज करायें। थोडी देर में उन्हे मॉ नर्मदा उद्गम का पता चल गया कुछ समय पश्चात् राजा ने वहां एक भव्य श्रीराम जानकी मंदिर व कुण्ड स्थापना की। वहां गंगा समान पवित्र शीतल, स्वच्छ व निर्मल जल रूपी नर्मदा कुण्ड की जलधारा वहां पर उपस्थितजनों को आकर्षित किया। जहां एक बस्ती बसी, जिसकी पहचान कालांतर में सेतगंगा के नाम से हुई जिसका अपभ्रंषित नाम सेतगंगा है।

चलती कार में लगी आग, जलकर राख

जांजगीर/नवप्रदेश। देर शाम सोनसरी-मुलमुला के रास्ते पर बंधवा तालाब के पास सड़क पर चलती नैनो कार में आग लग गई। वाहन में सवार लोग कार के पिछले हिस्से से धुआं उठता हुआ देखा और कार सड़क किनारे पार्क किया। इतने कम समय में ही कार को आग की लपटों ने पूरी तरह से अपने चपेट में ले? लिया और थोड़ी देर में कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। कार में सवार चार लोग बनाहिल अकलतरा की ओर जाने के लिए निकले हुए थे। कार बंधवा तालाब के पास पहुंची थी कि कार से धुंआ उठने लगा, जिसे देखकर कार के ड्राइवर ने वाहन रास्ते पर रोक दिया और सभी लोगों को बाहर निकलने कहा।

लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में पीएम मोदी को लोगों ने उत्साह से सुना

सक्ती/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन - जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ जिला स्तरीय कार्यक्रम जे.एल.एन. कॉलेज मैदान सक्ती में आयोजित में किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं आम नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा कर्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया गया। जिले में आयोजित कार्यक्रम स्थल में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित थे। विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रदेश में 34 हजार 427 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इनमें 18 हजार 897 करोड़ रुपए की लागत वाली 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 15 हजार 530 करोड़ रुपए की एक परियोजना का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के विकास में छत्तीसगढ़ का विशेष योगदान है। विकसित छत्तीसगढ़ से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे। इन परियोजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ को संवारने के हमारे महती प्रयासों को बल मिलेगा और विकसित भारत के प्रधानमंत्री के सपने को विकसित छत्तीसगढ़ बनाकर हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विभिन्न हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं की राशि भी भेंट की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वार स्टॉल लगाकर आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं जानकारी दी गई और लाभान्वित किया गया। कलेक्टर एवं जिलादंदाधिकारी नूपुर राशि पन्ना और विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम में 4 मेडिकल सर्टिफिकेट, 70 ओ.पी.डी. , 52 सिकलिंग टेस्ट, 52 हिमोग्लोबिन टेस्ट, 52 हाइपरटेंसन स्क्रीनिंग और 52 डायबिटीज स्क्रीनिंग की गयी ।

एलईडी से पीएम मोदी का लाईव

कार्यक्रम में एलईडी टीवी के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाईव संबोधन दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर छत्तीसगढ़वासियों को 34 हजार 427 करोड़ रूपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास कर विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण यहां के गरीबों, युवाओं और महिलाओं के आर्थिक उन्नति एवं आधारभूत संरचना के विकास से होगा और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की सौगात देने पर प्रधानमंत्री का जताया आभार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के लिए 34 हजार 427 करोड़ रूपए के 10 परियोजनाओं का सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विकास के वादे के साथ छत्तीसगढ़ सरकार लगातार काम कर रही है। ''विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़'' के माध्यम से विकास के नए युग का शुरूआत होगा।

पीएम आवास के निर्माण के लिए भूमिपूजन

विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित

सक्ती/नवप्रदेश। केंद्र सरकार और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना के द्वारा जिले के पंचायत विभाग के परियोजना निदेशक सहित सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियो को बेहतर कार्य करने के लगातार निर्देश दिये जा रहे है।

जिसके तहत विगत दिवस जिले के सभी जनपदों में नवीन स्वीकृत पीएम आवास के कार्यों का भूमिपूजन कर शुभारम्भ किया गया। जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत जाजंग में कलेक्टर श्रीमती पन्ना सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 36 आवास का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम पंचायत देवरघटा में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारीयों कर्मचारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में 10 आवास प्रारम्भ किये गये। तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम सिंघरा में 4 हितग्राहियों का आवास निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने पंचायत विभाग के संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य गुणवत्ता पूर्ण और तेजी से करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, तुकेश्वर गबेल, निर्मल सिन्हा, रामनरेश यादव, तसीलदार विद्या भूषण साव, प्रीति पवार, अभियंता लेख बहादुर सहित सरपंच, सचिव ग्रामवासी और संबंधित हितग्राही उपस्थित थे।

महोत्सव | इंडियाज गॉट टैलेंट फेम अबूझमाड़ मलखंब एकेडमी के बच्चों के कारनामों से दर्शक रोमांचित

बॉलीवुड गायक राठौड़ और अल्ताफ़ के गीतों से बांधा समा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मैनपाट महोत्सव पर बॉलीवुड गायकों के आवाज से गुंजायमान हुआ मैनपाट। देर शाम प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक अल्ताफ रजा तथा मशहूर बॉलीवुड गायक रूपकुमार राठौर ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। गायक अल्ताफ रजा ने पहले तो कभी-कभी गम था, तुम तो ठहरे परदेशी जैसे बहुत से गीत प्रसिद्ध गीत गाकर समा बांधे रखा।

वहीं रूप कुमार राठौड़ ने संदेशे आते हैं, तुझ में रब दिखता है जैसे गानों को लोगों ने खूब पसंद किया। रूप कुमार राठौड़ ने पत्नी सोनाली राठौड़ के साथ मैनपाट महोत्सव में मधुर प्रस्तुति से खूब रंग जमाया। इसी तरह बॉलीवुड सिंगर श्रद्धा पंडित के गीतों पर भी लोग खूब झूमे। सोनी टीवी के कार्यक्रम इंडियाज गॉट टैलेंट के विजेता नारायणपुर के अबूझमाड़ मलखंब एकेडमी के बच्चों के करतब कारनामे लाइव देख सभी ने दांतों तले उंगली दबा ली। बच्चों की प्रस्तुति ने सभी को बेहद प्रभावित किया। महोत्सव के मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, उन्होंने तेरे जैसा यार कहा गीत द्वारा अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा। स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दूसरे दिन महोत्सव की शुरुआत हुई। दूसरे दिन अंबिकापुर के राहुल मंडल ने रामभक्ति पर अपनी प्रस्तुति दी। वहीं लिटिल चैम्प प्रियांशु मिश्र ने कई बॉलीवुड गाने गाए। स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य प्रस्तुतियां दी। स्वामी आत्मानन्द विद्यालय बतौली की छात्राओं द्वारा वीणा वादिनी ज्ञान की देवी गीत पर प्रस्तुति दी।

मैनपाट महोत्सव में एडवेंचर स्पोर्ट्स का क्रेज और दंगल के दांव-पेंच

मैनपाट महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम तो है ही एडवेंचर स्पोर्ट्स, फैंसी काइट्स और दंगल का भी जबरदस्त उत्साह लोगों में देखने को मिल रहा है। महोत्सव स्थल पर विभिन्न रंग बिरंगी और अनोखी पतंगों को देखकर हर कोई आश्चर्यचकित है। महोत्सव के दूसरे दिन मैनपाट के लिए प्यार पतंग के रूप में आसमान में लहराता हुआ दिखा। आई लव मैनपाट की पतंग ने सभी का ध्यान खींचा। इसी तरह मेहता प्वाइंट पर हो रहे एडवेंचर स्पोर्ट्स का भी लोग जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। एडवेंचर स्पोर्ट्स में पैरासेलिंग कराई जा रही है जिसका अच्छा खासा उत्साह लोगों में बना हुआ है। महोत्सव में अच्छी खासी भीड़ दंगल को देखने जुट रही है। दंगल के प्रतिभागियों के साथ ही दर्शक भी अपनी ओर से दांव पेंच बताते हुए पहलवानों का हौसला बढ़ाते दिख रहे हैं।

मकान में आग लगने से मां-बेटे की मौत, दो गंभीर

■ देर रात की घटना, साजिश या फिर हादसा, एक ही परिवार के चार लोग झुलसे

■ बेटे की घटनास्थल पर ही मौत, मां ने अस्पताल में दम तोड़ा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के भैंसापसरा के एक मकान में देर रात हुई आगजनी घटना में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं. जिसमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी. वहीं अब इस घटना में बड़ी जानकारी सामने आई है कि मृतक लड़के संतोष साहू की घायल मां कमला साहू की भी मौत हो गई है. महिला को गंभीर अवस्था में राजधानी रायपुर रेफर किया गया था. जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. वहीं घटना में घायल एक महिला और बच्ची का इलाज जारी है.

बलौदाबाजार के दसरमा रोड भैंसा पसरा के वृद्धाश्रम के सामने बीती रात आगजनी की घटना हुई. देर रात घटना होने से घर में सो रहे परिवार को आगजनी की जानकारी नहीं हो पाई. आग की लपट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि छोटे कमरे में सो रहे परिवार के ऊपर जब खपरैल गिरा तब चीख पुकार मची. चीख पुकार सुनकर ही पड़ोसी राजकुमार बंजारे बाहर निकले और मौके पर पहुंच कर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. साथ ही दरवाजा तोड़कर परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला और पड़ोसियों ने आग बुझाई. इस दौरान तक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम भी पहुंची और आगजनी में घायल परिवार के चार सदस्यों को अस्पताल पहुंचाई. जहां अस्पताल में जांच के दौरान परिवार के एक सदस्य शानू की मौत की पुष्टि डॉक्टरों ने की. वहीं रायपुर रेफर किये 3 घायलों में से कमला साहू की भी इलाज के दौरान मौत हो गई. घटना में रानू और संध्या का इलाज चल रहा है. बता दें कि घटना में बेटे की मौत के बाद परिवार की मुखिया कमला साहू ने भी दम तोड़ दिया है.

घर में आगजनी के दौरान बाहर से बंद थी दरवाजे की कुंडी

पीड़ित साहू परिवार की सबसे पहले मदद करने पहुंचे पड़ोसी राजकुमार बंजारे ने बताया कि किसी ने दरवाजे में कुंडी लगा दिया था. इस कारण भी परिवार के लोग बाहर नहीं निकल पाए और आगजनी में परिवार को सदस्य खोना पड़ा. दरवाजा तोड़कर सभी को निकाला गया. प्रशासन के तरफ से पहुंचे तहसीलदार राजू पटेल ने कहा कि मुआवजा के लिए प्रकरण बना रहे हैं. नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि मंत्री टंक राम वर्मा के तरफ से इलाज के लिए व्यवस्था कराई गई है, डीकेएस में अटेंडर का इंतजाम किया गया है. साथ ही मृतक के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की गई है।

न्यूज गैलरी

पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया

कोंडागांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद ने जिला मुख्यालय में स्थित मुक्ति धाम में निशुल्क प्रशिक्षण ले रहे जवानों के साथ मिलकर मुक्तिधाम में चलाया सफाई अभियान। संरक्षक सुब्रत साहा ने बच्चों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक किया और कहा कि हम जिस नगर में रहते हैं। वहां की साफ सफाई करना हम सभी का कर्तव्य है। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने बच्चों को बताया कि हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करनी चाहिए। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक अधिकारी दिनेश डे, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा के सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर ध्रुव, सेवारत सैनिक गोपाल शोरी, सेवारत सैनिक विजय देवांगन, संतोष साहू, कृष्णा पटेल और बड़ी संख्या में लड़के एवं लड़कियां मौजूद थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक

कोंडागांव/नवप्रदेश। विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ थीम पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कोंडागांव के जिला मुख्यालय स्थित गुण्डाधूर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलायें, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित हुए। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रदेश को 34 हजार 427 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।इस अवसर पर विधायक कोंडागांव सुश्री लता उसेंडी ने लोगों कोकहा कि शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी, पीएम आवास योजना चलाई जा रही है। उन्होंने सभी योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक बताते हुए बताया कि शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम लेते हुए स्वसहायता महिला समूहों को रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः प्रदान जा रहा है। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा किसानों के हित में फैसला लेते हुए 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान का उपार्जन किया गया है।

आईटीबीपी ने नेलवाड़ में लगाया चिकित्सा शिविर, बांटे कृषि यंत्र

कोंडागांव/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित जिला-कोंडागांव एवं नारायणपुर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ अंचल के जरूरतमंद लोगों की मदद तथा हर संभव उनकी सहायता भी करते रहे हैं। इसी क्रम में महेन्द्र प्रताप, सेनानी 29वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में रविवार 25 फरवरी को सीओबी नेलवाड़ में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कृषि यंत्र संबंधित वस्तुओं का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत तेरदुल, शिवनी, टिमनार, रेमावण्ड व चाँदगाँव के 250 स्थानीय ग्रामीणों की निःशुल्क चिकित्सा जाँच की गई एवं दवाइयाँ भी वितरित की गई।इस कार्यक्रम में सैय्यद जावेद अली द्वितीय कमान ने कहा कि भातिसीपु इस क्षेत्र में आप सबकी सेवा व सुरक्षा के लिये तैनात हैं। किसी भी ग्रामीण की कोई समस्या होती है तो हमसे मिल सकते हैं। भातिसी पुलिस बल हमेशा आप लोगों की सेवा के लिये तत्पर है ग्रामीणों को वाहिनी द्वारा छात्रों एवं युवाओं के लिए चलाए जा रहे भर्ती परीक्षा में निशुल्क कोचिंग के बारे में बताते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

जिला स्तरीय शिक्षक क्रिकेट स्पर्धा का हुआ आगाज

0 पहले दिन हुए मैच में बोड़ला व महली जोन टीम ने जीता मैच

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव शिक्षक क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित टीचर प्रीमियर लीग जिला स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का यह पांचवा वर्ष है। इसमें जिले के कुल 20 जोन के 22 टीमों ने हिस्सा लिया है।

प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिक्षकों की खेल प्रतिभा को निखारने व उसका प्रदर्शन करने के उद्देश्य से आयोजित यह आयोजन सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत की अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवंशी ने कहा कि खेल से शारीरिक विकास होता है। इस प्रतियोगिता में शिक्षक अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी, भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, ज़िला क्रीड़ा अधिकारी दिनेश साहू, छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रथम मैच बोड़ला जोन एवं इंदौरी जोन के मध्य खेला गया। इंदौरी की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 83 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में बोड़ला की टीम ने बल्लेबाज़ टोमन भंडारी के धुंआधार चौको छक्कों की मदद से आसानी से लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। दूसरा मैच झलमला जोन एवं महली जोन के मध्य हुआ। जिसमे झलमला ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 84 रन का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में महली टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया। महली के कप्तान राजेन्द्र साहू प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

सांसद मंडावी ने किया 11 सीटों पर जीत का दावा, कांग्रेस को बताया राम विरोधी

बालोद/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीजेपी सासंद मोहन मंडावी ने बड़ा बयान दिया है. मंडावी ने कहा कि इस बार बीजेपी लोकसभा की सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है. पार्टी अगर मुझे टिकट देगी तो मैं जरूर मैदान में उतरने के लिए तैयार हूं. पार्टी पर ये निर्भर करता है कि वो किसको मैदान में उतारती है. मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुआ है. छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण बड़ा मुद्दा था और अब भी है.

%कांग्रेस है राम विरोधी%ः बीजेपी सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार राम के नाम पर ढोंग कर रही थी. विधानसभा चुनाव में उनका पाखंड उतर गया. रामजी ने उनको सत्ता से बाहर कर दिया. छप्पर फाड़ सीट लाने वाले रामजी के लिए कुछ नहीं कर पाए इसलिए राम जी ने उनको ये दिन दिखाया. कांग्रेस पर तंज कसते हुए मोहन मंडावी ने कहा कि राम विरोधी होने और राम के काम में खलल डालने वाले लोगों को अच्छा सबक मिला है.

मैं चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार हूं. पार्टी अगर मुझे मौका देगी तो मैं चुनाव

लड़ने के लिए रेडी हूं. फैसला पार्टी को करना है. छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण बड़ा मुद्दा है. बड़े पैमाने पर धर्मांतरण की साजिश की गई. मैं लगातार धर्मांतरण के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा हूं. रामायण बांटकर मैंने लोगों को एकजुट रखा. आज मुझे विदेशों से इसके लिए फोन कॉल आते हैं मुझे अपने यहां बुलाते हैं. - मोहन मंडावी, सांसद, बीजेपी

सभी 11 सीटें जीतने का किया दावाः मोहन मंडावी ने दावा किया कि हम सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रहे हैं. पार्टी लगातार अपनी तैयारियां कर रही हैं. 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से गद्दी पर विराजमान होंगे. पार्टी आलाकमान को हमने भी भरोसा दिलाया है कि इस बार हम सभी 11 सीटों पर कमल खिलाएंगे. पिछली बार के चुनाव में एक सीट की कमी रह गई थी उसे इस बार पूरा करेंगे।

कमलवंशी कंवर समाज नरधा राज द्वारा वार्षिक सम्मेलन का किया गया आयोजन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कमलवंशी कंवर समाज नरधा राज वर्ष 2024 की वार्षिक सम्मेलन माता शबरी की पावन धरा नगर शिवरीनारायण कंवर धर्मशाला में आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों द्वारा धर्मशाला परिसर में निर्मित मंदिर में श्रीराधाकृष्ण भगवान की संध्या आरती में शामिल हुए। सम्मेलन में कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रीराधाकृष्ण भगवान के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित, तिलक लगाकर , पुष्पमाला अर्पित तथा श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समाज के लोगों द्वारा समस्त पदाधिकारियों का तिलक, फूलमाला तथा बेच लगाकर स्वागत किया गया।नारायण सिंह तोमर अध्यक्ष द्वारा केंद्रीय कमलवंशी कंवर समाज के सचिव सखाराम कमलवंशी, सोनूरम कमलवंशी केंद्रीय उपाध्यक्ष ,बाला सिंह कंवर का वनपाल से डिप्टी रेंजर के पद पर पदोन्नत होने पर सम्मान तथा सभी पदाधिकारियों को सिर पर पीला गमछा बांधकर सम्मान किया। नरधा राज एवं केन्द्रीय कमलववंशी कंवर समाज के पूर्व अध्यक्ष शिवसिंह कंवर द्वारा समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने व बच्चों की शिक्षा के साथ संस्कार देने तथा नशापान से दूर रहने की बात कही गई। अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कंवर द्वारा वर्ष 2024 के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।

वन्य प्राणियों को पेयजल उपलब्ध कराने ग्रीन कमांडो की अनूठी पहल

■ कई जगह गड्ढा खोदकर की गई पानी की व्यवस्था

बालोद/ नवप्रदेश। जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने वाले जिले के ग्रीन कमांडो बीरेंद्र साहू इन दिनों वन्य प्राणियों को पेयजल समस्या से बचाने एक अनूठी पहल कर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। गर्मी बढ़ने लगी है। ऐसे में बालोद जिले के घने जंगल के बीच अलग- अलग दर्जनों जगह गड्ढे खोदकर पानी भरा जा रहा है ताकि वन्य प्राणियों को भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकना ना पड़े। ग्रीन कमांडो के नाम से पहचाने जाने वाले बीरेंद्र साहू अपनी टीम के साथ अनूठी पहल कर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

गर्मी के चलते जंगलों के प्राकृतिक जलस्त्रोत सूखने लगे हैं नदी, तलाब और स्टापडेम का जलस्तर कम होते जा रहा है। ऐसे में वन्य प्राणी पानी की तलाश में गांवों और शहरों की ओर पहुंचने लगते हैं। कई बार शिकार भी बन जाते हैं। ेसे में ग्रीन कमांडो जंगल में गड्ढे खोदकर उसे तालाब का रूप देकर उसमें साफ पानी भर रहे हैं ताकि वन्य प्राणी अपनी प्यास बुझा सके।

बिरेन्द्र साहू ने बताया

जिले के वनांचल क्षेत्रों में जहां गर्मी के दिनों में वन्य प्राणियों को पानी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन स्थानों में पेड़ के नीचे छांव में गड्ढा खोदकर तालाब का रूप देकर उसमें पालीथिन बिछाकर साफ पानी भर रहे हैं। वन्य प्राणी प्यास बुझाने रिहायसी इलाको तक न पहुंचे। वन्य जीव जंतुओं को पेयजल के लिए भटकना न पड़े और गर्मी में पानी नहीं मिलने से उनकी मौत न हो इस बात का ध्यान रखते हुए यह कार्य किया जा रहा है।

अनियंत्रित होकर गिरी तेज रफ्तार बाइक, एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर

बालोद। जिले में एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई. घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई. वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसा डौण्डी कुरुटोला मुख्य मार्ग में हुआ. मृतक की पहचान सुनील तारम के रूप में हुई है. मामला डौण्डी थाना क्षेत्र के कुरुटोला गांव का है. ऋद्धइ्स्र स्थ्र्हद्द ङ्क ज तो क्या बेटे को मौत देने के बाद पेड़ पर लटक गई मां ? इस वारदात को जानकर कांप जाएगी आपकी रूह

मिली जानकारी के अनुसार, सुनील तारम और मंगलतराई निवासी मंगेश मंडावी मंडई मेला देखने गए थे. वहां से लौटते वक्त डौण्डी कुरुटोला मुख्य मार्ग में इनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई. हादसे में सुनील की मौके पर मौत हो गई. वहीं मंगेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे हायर सेंटर रिफर किया गया है।

अस्थि कलश यात्रा बौद्ध समाज के लिए प्रेरणापुंजः अनिल खोबरागड़े

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व डॉ.भीमराव अंबेडकर के अस्थि कलश का दल्ली राजहरा आगमन पर छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े , छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज दल्ली राजहरा के अध्यक्ष फेरूलाल बांबेश्वर एवं महिला मंडल अध्यक्ष कविता तिगोटे के नेतृत्व में बौद्ध समाज एवं बाबा साहब डॉ.भीमराव आम्बेडकर के सैकड़ों अनुयायियों द्वारा मानपुर चौक में जय भीम के नारों के साथ पुष्प अर्पित कर भव्य स्वागत किया। उसके पश्चात अस्थि कलश के साथ वाहन रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के डॉ.आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन पुराना बाजार में अस्थि कलश को दर्शनार्थ रखा गया जहां पर बौद्ध समाज के साथ राजहरा के विभिन्न समाज प्रमुखों एवं

प्रबुद्धजनों ने अस्थि कलश का दर्शन कर पुष्पांजली अर्पित की। छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने कहा कि अस्थि कलश दर्शन यात्रा से छत्तीसगढ़ में बौद्ध समाज एकजुट होकर जुड़ रहा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी का जीवन दर्शन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व सदैव भारतीय जनमानस को प्रेरणा देता रहेगा। छत्तीसगढ़ में पहली बार बाबासाहब के अस्थि कलश का आगमन हुआ है।

विधायक निषाद पहुंचे थे मेला उद्घाटन के लिए गाना गाकर जीत लिया सब का मन

बालोद/नवप्रदेश। जिले में माघी पूर्णिमा मेले की शुरुआत हो चुकी है। बालोद के गौरैया मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी।

इस बीच मेले के उद्घाटन समारोह में विधायक के नृत्य और संगीत का वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। माघी पूर्णिमा के इस विख्यात मेले में विधायक ने ÷का तय मोला मोहनी डाल दिए गोंदा फूल÷ नाम के संगीत को खुले मंच पर गाया और थिरकते भी नजर आए।

गुंडरदेही विधायक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। लेकिन संगीत संध्या को देखकर वे स्वयं को रोक नहीं पाए। वे उठकर मंच पर पहुंचे

और वहां कलाकारों के साथ गाना गाया। संगीत ऐसा वैसा नहीं, पूरे सूर-ताल और लय के साथ उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीत गाया और मेले में आए लोगों का दिल जीत लिया। विधायक को गाते देख थिरकने लगे लोगः उन्हें गाता देख ऐसा नहीं लग रहा था कि कोई विधायक मंच पर है, बल्कि लग रहा था कि एक मंझा हुआ कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहा है। वहीं नृत्य दल भी विधायक के गीत पर जमकर नाचने लगे। अपने विधायक को गाता नाचता देखकर लोग भी जोश में आ गए और पूरी जनता एक साथ थिरकते नजर आई।

श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का समापन

डोंगरगांव/खुज्जी/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ नदि तट स्थित ब्रम्ह चारी आश्रम में संत त्रिलोचन ब्रम्ह चारी जी के सानिध्य चल रहे पांच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन ,पूर्णाहुति शोभा यात्रा विसर्जन,के सांथ हुआ।

सांथ ही आयोजन के तहत चल रहे अखण्ड राम नाम संकीर्तन एवम राम कथा का भी विश्राम हुआ। ग्यारह दिवशीय धार्मिक अनुष्ठान में छेत्र सहित अन्य छेत्र के धर्मावलम्बियों ने हजारों की संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ लिया, राम कथा के विश्राम दिवस पर तिरखेड़ी आश्रम,महाराष्ट्र,से पधारे संत राम ज्ञानी दास महात्यागी ने अपनी दिव्य एवम ओज मयी वाणी से लंका कांड की चर्चा मे बताया कि ,कुमति ही कुम्भ करण और सुमति ही विभीषण है कुमति के कुम्भ करण को कुसंग का रावण जगाता है,तो सुमति के विभीषण को ,सत्संग के हनुमान जी जगाते हैं, सृष्टि को बदलने की कोशिश नही अपनी दृष्टि बदलने की कोशिश करें।

स्कूली बच्चों के रंगारंग कार्यक्रमों से होगा आज सरस मेला प्रारंभ

0 रंग झाझर बैगा नृत्य के साथ अभिनेता एवं गायक सुनील तिवारी देंगे प्रस्तुति

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा के पीजी कॉलेज ग्राउंड में 26 फरवरी से सरस मेला प्राम्भ होने जा रहा है। 10 दिवसीय मेले का शुभारंभ कलाकार सुनील तिवारी के रंग झाझर लोकमंच के साथ बैगा नृत्य एवं स्कूली बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम से होगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों, समूह द्वारा निर्मित सामग्री स्वदेशी मंच एवं क्राफ्ट मेला वा फूड कोर्ट सहित 200 स्टॉल में विभिन्न सामग्रियों की प्रदर्शनी सह विक्रय किया जाएगा। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज सरस मेला आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया है कि सरस मेला में राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रदर्शनी के अलावा आम जनों और बच्चों के मनोरंजन का भी विशेष ख्याल रखा जा रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह पहला अवसर है जब कबीरधाम जिले में सरस मेला का आयोजन हो रहा है। मेले में विभिन्न सामग्रियों की प्रदर्शनी एवं विक्रय के साथ छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति का रंगारंग प्रस्तुति प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रत्येक दिवस किया जाएगा।इसी क्रम में कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध अभिनेता एवं गायक श्री

सुनील तिवारी अपनी प्रस्तुति देंगे।वे छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति समूह रंग झांझर के माध्यम से विगत 20 वर्षों से छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों में छत्तीसगढ़ी लोक गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दे चुके हैं।

शैक्षिक संकुल समन्वयक संघ के जिला अध्यक्ष बने भागवत

बिलाईगढ़-नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रथम शैक्षिक संकुल समन्वयक जिला अध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू को चुना गया।तीनों ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाशमणि देवांगन बिलाईगढ,भगत राम पटेल सारंगढ़,आलोक डडसेना बरमकेला सहित ब्लाक पदाधिकारी,समन्वयक गण की उपस्थिति में सर्व सम्मति से जिला पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार देवांगन,राजकुमार नायक, जिला सचिव डाबर सिंह साहू, जिला सह सचिव देवनाथ महेश, जिला कोषाध्यक्ष राजेश पटेल, सह कोषाध्यक्ष विपीन भगत,जिला मीडिया प्रभारी चैतन्य कुमार साहू जिला प्रवक्ता चुनेंद्र कुमार लहरे सारंगढ़,शंभू टंडन बिलाईगढ़, उमाचरण साहू बरमकेला सहित अन्य पदाधिकारी चुने गए।

रांची टेस्ट रोमांचक स्थिति में

टीम भारत 40 रन पर मैच और सीरीज जीत से 152 रन दूर

रांची। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया हैं भारत को मैच जीतने के लिए 196 रन बनाने है। इंग्लैंड रविवार को तीसरे दिन के तीसरे सेशन में दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट हो गया। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला है।

इंग्लैंड की तरफ से दूसरी पारी में जैक क्रॉले टॉप रन स्कोरर रहे। उन्होंने 60 रन बनाए। भारत की तरफ से आर अश्विन ने 5 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 4 सफलताएं मिलीं। एक विकेट रवींद्र जडेजा ने भी लिया। कुलदीप यादव ने ओली रॉबिनसन को आउट कर भारत को 8वीं सफलता दिलाई। रॉबिनसन खाता भी नहीं खोल सके। अब तक भारत की तरफ से कुलदीप यादव को 4, आर अश्विन को 3 और जडेजा को एक विकेट मिला है। टीम इंडिया के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने तीसरे दिन के तीसरे सेशन में ओली रॉबिनसन को आउट कर दिया। कुलदीप का इस इनिंग में यह चौथा विकेट रहा। रॉबिनसन शून्य पर आउट हुए। उन्होंने तीन गेंदे डॉट खेलीं। टीम इंडिया के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने तीसरे दिन के तीसरे सेशन में टॉम हार्टले को आउट कर दिया।

हार्टले 25 बॉल पर 7 रन बनाए। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने तीसरे दिन के तीसरे सेशन की पहली ही बॉल पर जॉनी बेयरस्टो को आउट कर दिया। उन्होंने बेयरस्टो को शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया। बेयरस्टो 42 बॉल पर 30 रन बनाए। चौथे टेस्ट के तीसरे दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा। इस सेशन में भारतीय स्पिनर्स ने इंग्लिश टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। इस सेशन में इंग्लैंड टीम ने अपने शुरुआती पांच विकेट खो दिए। इस दौरान कुलदीप यादव ने जैक क्रॉले और बेन स्टोक्स को बोल्ड किया। इससे पहले, शुरुआती तीनों विकेट आर अश्विन ने लिए। उन्होंने बेन डकेट, ओली पोप और जो रूट को आउट किया। दूसरे सेशन में इंग्लैंड ने 33 ओवर खेले और 120 रन बनाए। बेन स्टोक्स 4 रन बना कर पवेलियन लौट गए हैं। कुलदीप यादव ने स्टोक्स को भी बोल्ड किया। इससे पहले, उन्होंने क्रॉले को बोल्ड किया था। स्टोक्स ने 13 गेंदों का सामना किया। जैक क्रॉली 60 रन बना कर पवेलियन लौट गए हैं। कुलदीप यादव ने क्रॉले को बोल्ड किया। उन्होंने 91 गेंदों का सामना किया।

रविचंद्रन अश्विन भारत में सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

अनिल कुंबले को पीछे छोड़ा

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने कीर्तिमान स्थापित किया हैइंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के चौथे रांची टेस्ट के दौरान अश्विन ने भारतीय सरजमीं पर 350 विकेट का आंकड़ा पार किया।इसके अलावा वह भारत की धरती पर सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी में बेन डकेट (15) और ओली पोप (0) को लगातार 2 गेंदों पर आउट किया।

अश्विन ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में अपना पहला विकेट लेते ही भारत में अपने 350 टेस्ट विकेट पूरे किए। उनके फिलहाल 351 विकेट हो गए हैं।वह अनिल कुंबले के बाद ये आंकड़ा छूने वाले सिर्फ दूसरे गेंदबाज बने। कुंबले ने भारत में खेलते हुए 63 टेस्ट में 24.88 की औसत के साथ 350 विकेट लिए थे।इस सूची में हरभजन सिंह तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने भारत में 28.76 की औसत से कुल 265 विकेट लिए हुए हैं।

अश्विन अब एशिया में 400 टेस्ट विकेट लेने वाले भारत के सिर्फ दूसरे और विश्व के तीसरे गेंदबाज बने हैं।एशिया में अश्विन ने 132 पारियों में ये आंकड़ा छूआ है।श्रीलंका के पूर्व दिग्गज मुथैया मुरलीधरन ने एशिया में 171 पारियों में 21.69 की औसत के साथ सर्वाधिक 619 विकेट अपने नाम किए हैं। कुंबले ने एशिया में 144 पारियों में 27.00 की औसत से 419 विकेट चटकाए हैं।अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 23 टेस्ट की 41 पारियों में लगभग 29 की औसत से अपने 102 विकेट ले लिए हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 में हराकर 3-0 से जीती सीरीज

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को तीसरे टी-20 मैच में डक वर्थ लुईस नियम की मदद से 27 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से सीरीज अपने नाम की।ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में बारिश के खलल के बीच ऑस्ट्रेलिया ने 10.4 ओवर में 118/4 का स्कोर बनाया।इसके बाद न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का नया लक्ष्य मिला, जिसे मेजबान टीम हासिल नहीं कर सकी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया से ट्रेविस हेड ने 30 गेंदों पर 33 रन बनाए। वहीं मैथ्यू शार्ट ने 11 गेंदों पर 27 रन और ग्लेन मैक्सवेल ने 9 गेंदों पर 20 रन की पारी खेली।ऑस्ट्रेलिया ने जब 10.4 ओवर में बल्लेबाजी की, तब बारिश का व्यवधान देखने को मिला।इसके बाद न्यूजीलैंड को नया लक्ष्य मिला, जिसे वह ग्लेन फिलिप्स के संघर्ष (40*) के बावजूद हासिल नहीं कर सके। न्यूजीलैंड 10 ओवर के बाद 98/3 का स्कोर बना सका।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी चौथी टी-20 सीरीज जीती है। अब तक दोनों टीमों के बीच 6 टी-20 सीरीज खेली जा चुकी हैं, जिसमें कीवी टीम को सिर्फ 1 में जीत मिली हैइनके अलावा 1 सीरीज ड्रॉ रही है। इस सीरीज से पहले दोनों टीमें 2021 में किसी द्विपक्षीय सीरीज में आमने-सामने थी, जिसे न्यूजीलैंड ने 3-2 से अपना नाम किया था।केन विलियमसन ने उस कीवी टीम की कप्तानी की थी। फिलिप्स ने 24 गेंदों पर 40 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के भी शामिल रहे। उन्होंने मार्क चैपमैन (17*) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 47 रन की अटूट साझेदारी की।न्यूजीलैंड की ओर से पारी की शुरुआत करने आए विल यंग ने 7 गेंदों पर 14 रन बनाए। फिन एलन ने 9 गेंदों में 13 रन बनाए, जिसमें 1 छक्का भी शामिल रहा।टिम सीफर्ट सिर्फ 2 रन ही बना सके।

संग्राम सिंह ने मोहम्मद सईद को चटाई धूल

दुबई। छह साल बाद भारत के संग्राम सिंह अपनी जीत की राह पर लौट आए है। उन्होंने शबाब अलहली क्लब में अंतर्राष्ट्रीय प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के मोहम्मद सईद को करीबी मुकाबले में 30-23 के स्कोर से हराया।

इस जीत के साथ संग्राम सिंह ने कुल 6 राउंड की प्रतिस्पर्धा के बाद प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक और 3 करोड़ की पुरस्कार राशि के साथ-साथ एक बार फिर मैट पर अपना दबदबा कायम कर लिया। संग्राम ने कहा, यह जीत मेरे सभी देशवासियों को समर्पित है, जिन्होंने हमेशा मेरा और मेरे प्रयासों का समर्थन किया है और उन सभी युवाओं को भी जो बड़े सपने देखते हैं। हर किसी को अपने सपनों के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ मैट पर वापस आकर, मुझे खुशी है कि मैं उन्हें दिखा सका कि यह किया जा सकता है। इस लड़ाई की तैयारी कठिन थी क्योंकि मेरा प्रतिद्वंद्वी मेरे वजन से लगभग 9-10 किलोग्राम अधिक है, और मुझसे लगभग 17 साल छोटा है, लेकिन यह वास्तव में एक अच्छी लड़ाई थी।मैं उसे भी एक शानदार मुकाबले के लिए बधाई देता हूं। अपने आप पर विश्वास रखें और हम सब चैंपियन बन सकते हैं। इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग चैंपियन 2024 दुबई ने एक विशाल बेंच स्ट्रेंथ का दावा किया है, जो विशिष्ट राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों को प्रदर्शित करता है, जो अंतराष्ट्रीय और ओलंपिक सर्किट पर पदक का दावा करते हैं। संग्राम ने कहा, मुहम्मद सईद के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना, जो अपने आप में एक विशिष्ट एथलीट है। इस बात की गवाही देता है कि उम्र कोई बाधा नहीं है। मैं वर्ल्ड प्रोफेशनल रेसलिंग हब द्वारा आयोजित अपनी प्रत्याशित वापसी को पूरा करने के लिए एक महान लड़ाई की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मेरा लक्ष्य फिट इंडिया की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है।

बिजनेस

3 हजार टन उड़द का अतिरिक्त आयात, भाव गिरे

जयपुर। उड़द का आयात होने से उड़द मोगर एवं छिलका दाल में तेजी को ब्रेक लग गया है। जयपुर मंडी में दिवाली से पूर्व साबुत उड़द का भाव 108 रुपए प्रति किलो था, जो कि वर्तमान में घटकर 95 रुपए प्रति किलो के आसपास रह गया है। सियाराम ब्रोकर्स के कांति कुमार ने बताया कि उड़द मोगर 115 से 125 रुपए तथा उड़द छिलका दाल 118 रुपए प्रति किलो थोक में बेची जा रही है। कांति कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने ब्राजील से 3 हजार टन अतिरिक्त उड़द का आयात किया है। यह मात्रा पहले से इंपोर्ट की जा रही 20 हजार टन उड़द के अतिरिक्त है। आपको बता दें देश में उत्पादन में गिरावट आने की आशंका के मद्देनजर सरकार ने बीते नवंबर माह के दौरान ब्राजील के किसानों और कारोबारियों से अरहर एवं उड़द ज्यादा उगाने का अनुरोध किया था। ताकि उत्पादन के स्त्रोतों का विस्तार हो सके। इस बीच ब्राजील से 3 हजार टन उड़द भारत पहुंच चुका है। इसके अतिरिक्त इंपोर्ट किए जाने वाला 20 हजार टन उड़द इस साल भारत पहुंच जाएगा। इसके साथ ही सरकार ब्राजील से इंपोर्ट बढ़ाने पर भी विचार कर रही है। भारत ने पिछले साल 3.1 मिलियन टन दालों का इंपोर्ट किया था। इसमें आधे से ज्यादा मात्रा मसूर दाल की थी। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक देश है। इसके बावजूद खपत अधिक होने के कारण भारत को अरहर, मसूर और उड़द दाल का आस्ट्रेलिया, कनाड़ा, रूस, म्यांमार, मोजाम्बिक, तंजानिया, सूडान एवं मालावी से आयात करना पड़ता है। हालांकि भारत में वर्ष 2011 से डिमांड और सप्लाई के अंतर में कुछ सुधार आया है। मगर इसके बावजूद हर साल करीब तीन मिलियन टन दालों का इंपोर्ट करना पड़ता है

विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 16 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर रह गया।वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर कम होकर 617.23 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 16 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 74 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 545.8 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 36.2 करोड़ डॉलर घटकर 47.4 अरब डॉलर रह गया।आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 2.8 करोड़ डॉलर की कमी हुई।

रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी में अपने किरदार के लिए लॉ पढ़ रही हैं रीम शेख

लीगल ड्रामा शो रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी में काम करने वाली अभिनेत्री रीम शेख ने कहा कि उन्होंने शो में अपने रोल की बारीकियों को समझने के लिए एक बार फिर पढ़ाई शुरू कर दी है।

रीम शेख ने शो में अंकिता का किरदार निभाया है। इसमें उनके दृढ़ संकल्प और महत्वाकांक्षा को दिखाया गया है। वह रायसिंघानी लीगल में काम करने के लिए प्रयास कर रही है, और वह वकील बनना चाहती है।भूमिका की तैयारियों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, जब इस शो का अवसर मेरे पास आया तो मैंने तुरंत इसके लिए हां बोल दिया, क्योंकि मैं अदालत कक्ष में बहस, सत्य, न्याय और बहुत कुछ करने के लिए बेताब हो गई।शो में अपने किरदार की तैयारियों को लेकर मैंने कानून की पढ़ाई की, इसके लिए मैंने लॉ की पढ़ाई कर रहे अपने दोस्तों से किताबें ली। मैं इस लीगल ड्रामा को लिखने वाले लेखकों के प्रति आभारी हूं।फना: इश्क में मरजावां में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस ने अपने किरदार की गहराई के बारे में कहा, हालांकि मैं सच में कोर्ट रूम नहीं जा रही हूं, पर इस शो ने मुझे स्क्रीन पर ऐसा करने का मौका दिया है।शो में जेनिफर विंगेट, करण वाही और रीम शेख मुख्य भूमिका में हैं। यह शो सोनी लिव पर प्रसारित होता है।

अब जीमेल को टक्कर देने आ रहा एक्समेल, मस्क ने किया बड़ा दावा

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने गूगल को धमकी देते हुए कहा कि उनका एक्स (पूर्व में ट्विटर) प्लेटफॉर्म पर जल्द ही जीमेल सेवा का विकल्प देगा। जब एक्स से पूछा गया कि क्या वह ईमेल सेवा की योजना बना रहा है, तो उन्होंने कहा कि सेवा जल्द ही आ रहा है। एक्स की इंजीनियरिंग और सुरक्षा टीम के सदस्य नैट मैकग्राडी ने पूछा था कि एक्समेल कब लॉन्च किया जाएगा। मस्क ने जवाब दिया, आ रहा है। इससे टेक उद्योग में भूचाल आ गया क्योंकि एक हेरफेर की गई तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद अफवाह फैल गई थी कि गूगल जीमेल को बंद कर रहा है। एक फॉलोवर ने कहा, जीमेल पर से भरोसा उठ गया है। जल्द से जल्द एक्समेल पर स्विच करने का समय आ गया है। एक अन्य ने टिप्पणी की कि मैं अपने जीमेल का उपयोग वैसे ही करूंगा जैसे मैं अब अपने हॉटमेल का उपयोग जंक के लिए करता हूं। इससे पहले एक्स पर कथित तौर पर गूगल द्वारा जारी एक ईमेल की तस्वीर वायरल हो गई थी जिसमें लिखा था कि अगस्त 2024 में जीमेल का सूर्यास्त होगा। कंपनी इस वर्ष मूल एचटीएमएल को बंद कर रही है और यूजरों को सेवा के मानक दृश्य पर स्विच किया जाएगा।

राजस्थान में जियो का दबदबा बरकरार

जयपुर। रिलायंस जियो ने राजस्थान में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया है। जियो ने राजस्थान में 31 दिसंबर, 2023 तक 2.62 करोड़ ग्राहकों का आधार हासिल किया है। इस बड़े ग्राहक आधार के साथ जियो राजस्थान में नंबर एक टेलीकॉम ऑपरेटर के स्थान पर बरकरार है। ट्राई के द्वारा जारी रिपोर्ट अनुसार, दिसंबर 2023 महीने में जियो ने राजस्थान में कुल 2.73 लाख नए उपभोक्ताओं को जोड़ा और अन्य दूरसंचार ऑपरेटरों से बेहतर प्रदर्शन किया। दिसंबर 2023 में भारती एयरटेल और बीएसएनएल ने क्रमशः 1.11 लाख ग्राहक और 21,000 ग्राहक जोड़े। वहीं, वोडाफोन आइडिया ने राजस्थान में 1.24 लाख मौजूदा ग्राहक खो दिए। राजस्थान का कुल वायरलेस सेवा का ग्राहक आधार 31 दिसंबर 2023 तक बढ़कर 6.60 करोड़ पहुंच गया है और इस महीने में कुल ग्राहक आधार 2.80 लाख तक बढ़ा है। ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार, जियो राजस्थान में 2.62 करोड़ ग्राहकों के साथ शीर्ष पर है, जिसके बाद भारती एयरटेल 2.30 करोड़, वोडाफोन आइडिया 1.10 करोड़ और बीएसएनएल की ग्राहक संख्या 56.60 लाख रही। जियो राजस्थान के सभी जिलों को जोड़ने वाला एकमात्र 4जी और 5जी नेटवर्क है। वहीं, जियो एयर फाइबर सेवाएं राजस्थान के 43 शहरों में शुरू हो चुकी है और अब 20,000 से अधिक ग्राहक इस सेवा का लाभ ले रहे है।

रणबीर ने भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर के लिए रखीं तीन शर्तें

लव एंड वॉर साइन करने से पहले रणबीर कपूर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखी थीं ये तीन शर्तें, पत्नी आलिया के साथ करेंगे रोमांस रणबीर कपूर इन दिनों अपनी फिल्म एनिमल की सक्सेस एंजॉय कर रहे हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है और अब ओटीटी पर भी धमाल मचा रही है। रणबीर ने अपनी डेब्यू फिल्म सावरिया में संजय लीला भंसाली के साथ काम किया था और अब 17 साल बाद फिर वो उनके साथ काम करने जा रहे हैं। संजय लीला भंसाली ने हाल ही में अपनी फिल्म लव एंड वॉर की अनाउंसमेंट की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल लीड रोल में नजर आने वाले हैं। रणबीर संजय लीला भंसाली के साथ दूसरी बार काम करने जा रहे हैं और उन्होंने इस बार पहले से अपनी शर्तें उन्हें बता दी हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर ने संजय लीला भंसाली के आगे तीन शर्तें रखी हैं। जिसमें से एक ये है कि फिल्म की शूटिंग दिए हुए टाइम में ही खत्म हो जानी चाहिए क्योंकि लव एंड वॉर के बाद भी उनके पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। रणबीर की इस शर्त को मेकर्स ने मान लिया है और कहा है कि शूटिंग नवंबर 2024 में शुरू होकर जुलाई 2025 में खत्म हो जाएगी। रणबीर की दूसरी शर्त ये है कि शूटिंग के टाइम या घंटे फिक्स होने चाहिए. सावरिया के समय में रणबीर शूटिंग की टाइमिंग को लेकर बहुत परेशान हो गए थे. वो नहीं चाहते थे कि ये दोबारा हो. तीसरी शर्त ये थी कि हर डिपार्टमेंट में अनुशासन हो। रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर कपूर और संजय लीला भंसाली आलिया भट्ट की वजह से साथ में आए हैं. आलिया ने कहा था कि दोनों आमने-सामने बैठकर मीटिंग में अपनी सारी शर्तें पहले से बता दें. बता दें लव एंड वॉर क्रिसमस 2025 में रिलीज होगी. विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके फिल्म की जानकारी दी थी. उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था- सिनेमा का एक सपना सच हो गया है।

निफ्टी पैटर्न चल रही रैली में दे रहा ठहराव का संकेत

मुंबई। भारतीय बाजार को उच्च स्तर पर कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, व्यापक सूचकांक का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रीमियम पर है, जिससे प्रतिकूल जोखिम प्रतिफल मिलता है, जो निवेशकों को मुनाफा बुक करने के लिए प्रभावित करता है।

वैश्विक बाजारों ने यूएस फेड मिनट्स के इंतजार में सावधानी से कारोबार किया, जबकि चीनी बाजार नीतिगत हस्तक्षेपों से उत्साहित थे। नायर ने कहा कि चिंताएं बनी हुई हैं, क्योंकि निवेशक यूएस फेड दर में कटौती पर भारी दांव लगा रहे हैं, जो जनवरी की अपेक्षा से अधिक मुद्रास्फीति के कारण जोखिम में है। निफ्टी 141.90 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,055.05 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 434.31 अंक या 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,623.09 पर बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि निफ्टी ने दैनिक चार्ट पर एक मंदी का पैटर्न बनाया है, जो चल रही रैली में संभावित ठहराव का संकेत देता है।हालांकि संकेतक आरएसआई एक मंदी का क्रॉसओवर दिखा रहा है, जो निकट अवधि में कमजोरी का संकेत दे रहा है। तत्काल सहायता 22,000 पर स्थित है; इस स्तर से नीचे निर्णायक गिरावट सूचकांक को 21,700 तक ले जा सकती है। डे ने कहा, सकारात्मक पक्ष पर, प्रतिरोध 22,160 पर पहचाना गया है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी और डेरिवेटिव विश्लेषक कुणाल शाह ने कहा कि बैंकनिफ्टी इंडेक्स ने साप्ताहिक समाप्ति के दौरान एक अस्थिर व्यापारिक सत्र का अनुभव किया और 47,300 के स्तर के आसपास प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।इस समय 46,500-47,500 की व्यापक रेंज में अटके सूचकांक को 47,300-अंक को पार करने तक आगे बढ़ने की सीमाओं का सामना करना पड़ रहा है। तत्काल समर्थन 46,800 पर है, इस स्तर से नीचे का उल्लंघन बिक्री दबाव को तेज कर सकता है और सूचकांक को 46,500 तक धकेल सकता है।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब परिवहन करते दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन पुलिस ने स्कूटी में अवैध शराब परिवहन करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस के टीम ने सूर्या अपार्टमेंट के पास स्कूटी सवार आरोपी चंचल यादव व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से स्कूटी व 12 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त की है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ट्रेलर की चपेट में आने से दंपत्ति की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दंपती को अपनी चपेट में ले लिया. इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. घटना बालको थाना अंतर्गत लालघाट मुख्य मार्ग पर हुई.बताया जा रहा है कि मृतका बालको की रहने वाली थी. वहीं हादसे के बाद लोगों ने बालको बाइपास मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया. आसपास के बस्तीवासी और मृतक के परिजन लाश लेकर सड़क पर बैठ गए हैं. इसके चलते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई.

चक्काजाम करने वालों पर जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम ताराशिव नेवरा में रोड पर बांस बल्ली लगाकर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ नेवरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन जैन 23 वर्ष जैन मंदिर रोड भिलाई का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्तियों ने महिला की मृत्यु होने पर एक राय होकर ग्राम ताराशिव के पास मेन रोड पर बांस बल्ली लगाकर आवागमन में बाधा पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 341, 149 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

खड़ी ट्रक में लगी आग, जलकर राख

कोरबा/नवप्रदेश। कुसमुंडा खदान के बैरियर में ट्रेलर में भीषण आग लग गई है. सड़क पर जाम की वजह से मदद नहीं मिल पाई. ऐसे में ड्राइवर अपनी आंखों के सामने ट्रक को जलता देखता रहा. जिसका वीडियो भी सामने आया है. बता दें कि पूरी घटना जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत थाना चौक से कुसमुंडा खदान प्रवेश करने वाले मार्ग पर 5 नंबर बैरियर के बाहर की है. जहां शनिवार की तड़के सुबह लगभग 4 बजे एक खड़े ट्रेलर में आग लग गई. आग ने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया और कुछ देर में आग ने पूरे केबिन को स्वाहा कर दिया.

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। कोटा कालोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुनाल परघनिया 24 वर्ष कोटा कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलआर 3926 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

केप्सूल वाहन ने महिला को रौंदा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम ताराशिव के पास एक तेज रफ्तार केप्सूल वाहन ने पैदल जा रही महिला को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका लखेश्वरी यादव 43 वर्ष ग्राम ताराशिव की रहने वाली थी। बताया जाता है कि कल दोपहर वह गोबर बिनने के लिए पैदल जा रही थी, तभी केप्सूल वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएन 4240 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्र नगर पुलिस ने ई-रिक्शा में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1450 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंडरी गंगानगर में दबिश देकर ई-रिक्शा में सट्टा खिलाते आरोपी कृष्ण कुमार 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1450 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आारोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

राजिम कुंभ कल्प : श्रीरामलला की रंगोली बनी आकर्षण का केन्द्र

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला 2024 का आयोजन रामोत्सव के थीम पर मनाया जा रहा है। 5 वर्ष बाद कुंभ की भव्यता लौटी है। इसे यादगार बनाने और भगवान श्रीराम के जीवनी को चरितार्थ करने भव्य पंडाल लगाकर झांकी के माध्यम से दिखाया जा रहा है। ज्ञात हो कि राजिम कुंभ में छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा और महत्ता को दूर -दूर तक बिखेरने के लिए विभिन्न रंग भरे गए हैं जिसकी आभा दूर से ही दिख रहीं, जिसमे शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, ज्ञान, विश्वास और भक्ति का अद्भुत समन्वय किया गया हैं जिसे देखने लिए श्रद्धालुओ की भीड़ लगी हैं। छत्तीसगढ़ शासन के इस आयोजन में चारो तरफ़ नवीन प्रयोग किए गए हैं। जिसमें देश के कोने-कोने में पल रही प्रतिभा को एक विशाल मंच प्रदान करने का अनूठा प्रयास किया गया हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने से हर दिल में राम हैं और चहुं दिशा में जय श्रीराम के नारें गूंज रहे हैं। हिंदू धर्म में एक नवयुग का प्रारंभ हुआ हैं। युग निर्माता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयास से इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल हुई हैं और हम सभी राम मंदिर निर्माण के साक्षी बने इसलिए इसे रामोत्सव के रूप के मनाने के लिए पूरे अयोजन में रामराय माहौल का निर्माण किया गया हैं।

वैसे मनुष्य के पास हुनर की कमी नहीं हैं जरूरत हैं तो उसे अवसर प्रदान करने की। ऐसे ही एक अद्भुत कलाकृति को देखकर दर्शको के मुख से अनायास ही निकल रहा वाह क्या

अनुराधा पौडवाल ने दी कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति

राजिम कुंभ मेला के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक मुख्य मंच पर अनुराधा पौडवाल के कर्णप्रिय भजन और 'गीतक दर्शन' के नृत्य नाटिका की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुम्बई से पहुंची अनुराधा पौडवाल और उसकी पुत्री कविता पौडवाल ने भक्तिपूर्ण गीत की शानदार प्रस्तुति दी। मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा...... तुने मुझे बुलाया शेरा वालिए.... जैसे गीतों ने भक्तिमय माहौल बना दिया। श्रीरामलाला पर आधारित मेरे झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे....... गीत पर दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाए। मुख्य मंच पर अंतिम प्रस्तुति मुम्बई के गीतासार की टीम द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का शुभारंभ

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की शुरुआत
- राजधानी रायपुर में 4.33 करोड़ रुपए की लागत से बनी है अत्याधुनिक प्रयोगशाला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग राजधानी रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का किया शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शाम राजकोट से राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी में स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ही समय में देश के विभिन्न शहरों में अनेक लोकार्पण और शिलान्यास कर नई परंपरा की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे ही तेज गति से कार्य कर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम प्रत्येक नागरिक को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। बेहतर स्वास्थ्य की संकल्पना पूरी हो सके इसके लिए यह लैब खाद्य सुरक्षा के लिए एक कवच का काम करेगी। कार्यक्रम में विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री दीपक सोनी, एमडी एनएचएम डॉ. जगदीश सोनकर, आयुक्त नगर निगम श्री अबिनाश मिश्रा, उप सचिव भारत सरकार श्री पुलकेश, एफएसएसएआई के अधिकारी श्री शरद राव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। दिसंबर 2006 से कालीबाड़ी रायपुर स्थित नवीन भवन में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमें आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात दी गई। यह प्रयोगशाला खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की अतिरिक्त वित्तीय सहायता 4 करोड़ 33 लाख रूपए से तैयार की गई है। यह प्रदेश की प्रथम खाद्य माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला है।

खाद्य पदार्थों एवं पेयजल को हानिकारक सूक्ष्म-जीवाणुओं द्वारा दूषित कर दिया जाता है, जिससे जन-सामान्य को कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है।

समाज को भय मुक्त बनाने अपराधियों में पुलिस का खौफ जरूरी: मंत्री बृजमोहन

- एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री श्री अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री अग्रवाल एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री अग्रवालएकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री अग्रवाल पुलिस की नौकरी बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण होती है। पुलिस कर्मियों को अक्सर लंबे समय तक काम करना पड़ता है और उन्हें विपरीत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए और उन्हें लोगों के साथ अच्छे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह बात आज राजधानी रायपुर स्थित पुलिस लाइन में आयोजित एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में कही।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि समाज को भय मुक्त बनाने के लिए अपराधियों में पुलिस का खौफहोना जरूरी है। वो तभी संभव होगा जब त्वरित निर्णय लेने की क्षमता के साथ ही लक्ष्य और निशाना दोनो अचूक होगा। इसके लिए समय-समय शूटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत जरूरी है।

केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों ने कांग्रेस को राजनीतिक कुंठा का शिकार बना दिया : संजय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 10 वर्ष के कार्यकाल की ऐतिहासिक और क्रांतिकारी उपलब्धियों और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के दो माह के अत्यल्प कार्यकाल में हासिल उपलब्धियों ने कांग्रेस को राजनीतिक कुंठा का शिकार बना दिया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव की ही तरह आगामीलोकसभा चुनाव में अपनी सुनिश्चित पराजय देखकर कांग्रेस हताश हो चले हैं और ऊलजलूल बयानबाजी करके मिथ्या प्रलाप कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में केंद्र समेत अनेक प्रदेशों में शासन करने वाली कांग्रेस लोकतंत्र के नाम पर महज जुबानी जमाखर्च करती रही है, जबकि यथार्थ में कांग्रेस आंतरिक राजतंत्र के सहारे ही जिन्दा है। आजादी के बाद देश पर लम्बे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस की सोच ही बड़ी नहीं थी। वह सिर्फ पाँच साल के राजनीतिक स्वार्थ को ध्यान में रखते हुए फैसले लेते रहे।

कांग्रेस ने सरकारें बार-बार बनाई लेकिन भविष्य का भारत बनाना भूल गई। देश को आगे बढ़ाना कांग्रेस के एजेंडा में ही नहीं था, जबकि पिछले 10वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त और ऊर्जावान नेतृत्व में देश ने चहुँमुखी विकास के नित-नए आयाम गढ़े हैं। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास, इस मूलमंत्र के साथ भाजपा की सरकारों ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज भी येन-केन-प्रकारेण सत्ता हासिल करने के लिए छटपटा रही कांग्रेस की राजनीति की दशा और दिशा वही है। कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण से आगे सोच ही नहीं पाती।

खुलेआम शराब पीते 32 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने भंसाली गली के पास खुलेआम शराब पीते आरोपी शिवा कुमार डुप्कौरा 30 वर्ष व सुनील त्रिपाठी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश साहू 27 वर्ष, दिलीप कुमार यादव 32 वर्ष व बसंत कुमार यादव 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी डोमार सिंह नेताम 55 वर्ष, रजउ ध्रुव 44 वर्ष, चमन लाल साहू 25 वर्ष व भीमा मण्डावी 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

शकुन डहरिया ने नोटिस के बाद खाली कर दिया भवन

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी शकुन डहरिया ने निगम के नोटिस के बाद शासकीय भूमि पर बने भवन को खाली कर दिया है। पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी शकुन डहरिया पर रायपुर के शताब्दी नगर स्थित सामुदायिक भवन पर कब्जा करने का आरोप लगा था। पूर्व मंत्री की पत्नी ने भवन के रंगरोगन पर 1 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। यहां आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई है। मंत्री होने की हैसियत से डहरिया ने 2020 में कब्जे वाले भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के 2 साल बाद एमआईसी में हस्तांतरण का प्रस्ताव जून 2022 में निगम से पास हुआ। आलम ये है कि आमसभा में इस मुद्दे पर खूब हंगामा होने के बाद सभापति प्रमोद ने पूर्व मंत्री का नाम चर्चा से विलोपित कर दिया। यहां 50 लाख रुपये से ज्यादा लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से एलईडी टीवी, वार्डरोब, फ्रिज, अलमारी, वाशिंग मशीन, कम्प्यूटर,कंप्यूटर प्रिंटर सहित तमाम वो सुविधाएं हैं।

जांच का निर्देश, जांच समिति गठित

महापौर एजाज ढेबर ने जांच करने और दोषी लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इधर, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने आरोपों की जांच करन के लिए एक कमेटी बनाई है। इधर, जोन-10 ने भी समिति को 72 घंटे के भीतर कब्जा खाली करने का नोटिस दिया है। रविवार को यह मियाद खत्म हो रही है।

गार्डन और सामुदायिक भवन का ये खेल

तेलीबांधा स्थित शताब्दी नगर में सरकारी सामुदायिक भवन पर 2020 में एक सामाजिक संस्था काबिज हो गई। समिति को ये भवन 2022 में हस्तांतरित किया गया। उसी भवन के पास पूर्व मंत्री का बंगला भी है। उनके बंगले के सामने की सरकारी जमीन को बंगले में शामिल कर गार्डन बनाया गया।

दिल्ली की थकान, तेलंगाना जाने की व्यस्तता के बाद भी ग्रामीणों से मिले सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय अस्थाई निवास पहुना में मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का सभी को एहसास हो गया। दिल्ली की थकान दूर करने के बाद तेलंगाना जाने की व्यस्तता के बाद भी श्रीसाय बहुत दूर से मिलने आये ग्रामीणों से मिले।

बता दें कि दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय अस्थाई निवास पहुना पहुंचे ही थे। तभी उन्हें सुचना मिली कि उनसे मिलने जशपुर जिले के दुलदुला क्षेत्र से कुछ ग्रामीण आये हुए हैं। जानकारी के मुताबिक दिल्ली में लगातार बैठक फिर सफर की थकान दूर करने के लिए कुछ समय श्रीविष्णुदेव साय को मिला था। फिर 40 मिनट रुकने के बाद उन्हें तेलंगाना के लिए भी रवाना होना था। लेकिन उन्होंने जशपुर जिले के दुलदुला क्षेत्र से आये ग्रामीणों से मुलाकात किये और सभी का हालचाल जाना।

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यक्रम एक दिन पहले से तयशुदा रहते हैं। इसलिए उनसे यूं अचानक मिलना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन जब वे ग्रामीणों से मिले जैसे वो कह रहे हैं कि कोई कितना भी व्यस्त या थका हो, थोड़ा समय अपनों के लिए निकाल सकता है।

महतारी वंदन योजना: पात्र हितग्राहियों की अनंतिम सूची जारी

रायपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के हितग्राही अब अपने आवेदन की स्थिति और उस पर की गई कार्यवाही के बारे में जान सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना के ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन पत्र की स्थिति ज्ञात करने की सुविधा प्रदान की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऊीजंतपअंदकंदण्बहेजंजमण्हवअण्पद लिंक की सहायता से हितग्राही अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या आधार नंबर दर्ज कर अपने आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की अनंतिम सूची जारी की जा चुकी है एवं इनका प्रकाशन आंगनबाड़ी केंद्रों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा चुका है।

उल्लास हेतु राज्य स्तरीय राज्य प्रशिक्षण आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन का कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है। इसकी अनुशंसा के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 26 से 28 फरवरी तक आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार की संयुक्त सचिव सुश्री अर्चना शर्मा अवस्थी, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, एससीईआरटी के डायरेक्टर श्री राजेंद्र कुमार कटारा, एनसीईआरटी नई दिल्ली की प्रोफेसर उषा शर्मा सहित जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के डीपीओ, जिले के-दो रिसोर्स पर्सन एवं डाइट के जिला साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ के प्रभारी शामिल होंगे।

श्रमिकों को मिलेगी उपचार की बेहतर सुविधाएं: लखनलाल देवांगन

उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री शामिल हुए ईएसआईसी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वर्चुअली ईएसआईसी अस्पताल कोरबा का लोकार्पण किया। डिंगापुर में नवनिर्मित इस अस्पताल के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन भी शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कोरबा जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का अस्पताल बन जाना बड़े सौभाग्य की बात है। देश के प्रधानमंत्री ने आज कोरबा सहित अन्य स्थानों में अस्पताल का लोकार्पण किया। कोरबा एक औद्योगिक जिला है और यहाँ बड़ी संख्या में श्रमिक रहते हैं, इस लिहाज से इस तरह के सर्वसुविधायुक्त अस्पताल यहाँ की जरूरत थी। श्रमिक परिवार बीमारियों के उपचार के लिए महंगे अस्पताल में पैसा खर्च नहीं कर पाते, ऐसे में ईएसआईसी का अस्पताल श्रमिकों के लिए वरदान साबित होगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश को लगातार उन्नति की राह पर ले जा रहे हैं। दुनिया में हमारे देश की पहचान बढ़ी है। आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनने के साथ अधोसंरचना के क्षेत्र में भी देश आगे बढ़ रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने शहर के डिंगापुर क्षेत्र में नवनिर्मित अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में आगे कहा कि यह भी सौभाग्य की बात है कि मैं इस अस्पताल के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल रहा और आज श्रम मंत्री के रूप में उद्घाटन कार्यक्रम में आया हूँ।